नवबिहार टाइम्स

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 140 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

पंचम नवदुर्गा : माता स्कंदमाता

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।

नवरात्र के पांचवे दिन मां दुर्गा के पांचवे स्वरुप भगवान स्कन्द की माता अर्थात मां स्कंदमाता की उपासना की जाती है। कुमार कार्तिकेय को ही 'भगवान स्कन्द' के नाम से जाना जाता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं जिनमें से माता ने अपने दो हाथों में कमल का फूल पकड़ा हुआ है। उनकी एक भुजा ऊपर की ओर उठी हुई है जिससे वह भक्तों को आशीर्वाद देती हैं तथा एक हाथ से उन्होंने गोद में बैठे अपने पुत्र स्कंद को पकड़ा हुआ है। इसलिए इन्हें स्नेह और ममता की देवी माना जाता है।

जीविका के दो दशक : गांवों में स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहीं दीदियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। नवरात्रि पर जब पूरे देश में शक्ति और सामर्थ्य की आराधना हो रही है तब बिहार के गांवों में एक ऐसी नारी शक्ति उभरकर सामने आई है जिसने अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से विकास की नई परिभाषा गढ़ी है। यह कहानी जीविका (बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति) की है जिसके दो दशकों के सफर ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। आज से बीस साल पहले महिलाओं का श्रम अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा था लेकिन आर्थिक फैसलों में उनकी भागीदारी नगण्य थी। बैंक जाना, ऋण लेना या बाजार में सौदा करना महिलाओं के जीवन का हिस्सा नहीं था।

"सूबे के सर्वमान्य नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के लिए बच्चियों को पढ़ाया लिखाया और बेहतरीन माहौल दिया। नशाबंदी कर समाज में शांति स्थापित करने की बड़ी पहल की। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 फीसदी तथा स्थानीय जन प्रतिनिधियों के चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया। जीविका की दीदियां आर्थिक रूप से समाज को स्वावलंबी बना रही हैं। यह देश के विकास और स्वच्छ एवं समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। नवरात्रि के मौके पर मातृ शक्ति को नमन करते हैं। ये समाज में नया आयाम गढ़ने का काम कर रही हैं।"

श्रवण कुमार
मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

वर्ष 2006 में जीविका (बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन सोसायटी) के गठन और अलग-अलग जिलों के छह प्रखंडों से हुई स्वयं सहायता समूह की शुरुआत के बाद आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। मौजूदा समय में राज्य के 1.81 करोड़ परिवार 13.06 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ चुके हैं। साथ ही 77,787 ग्राम संगठन और 1,683 संकुल स्तरीय संघ सामुदायिक नेटवर्क को सुदृढ़ कर रहे हैं। मौजूदा समय में एसएचजी के सहारे महिलाओं को करीब 76,549 करोड़ रुपये का बैंक ऋण मिल चुका है। इनका वित्तीय अनुशासन इतना अच्छा है कि वर्तमान गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) दर काफी कम है। 6,771 बैंक सखियां गांवों में वित्तीय सेवाओं की मजबूत कड़ी का काम कर रही हैं। इन बैंक सखियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर डिजिटल लेन-देन हो रहा है। ग्रामीण महिलाएं आज एक कुशल उद्यमी के तौर पर कृषि, पशुपालन, डेयरी, सिलाई, मशरूम उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में अपनी मजबूत पकड़ बनाई हैं। कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी, अस्पतालों व सरकारी कार्यालयों में सफलतापूर्वक संचालित जीविका दीदी की रसोई जैसी पहल इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण महिलाएं अब उत्पादन से लेकर प्रबंधन और बाजार तक हर मोर्चे पर सफल नेतृत्व कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण का यह सफर अब लखपति दीदी अभियान के साथ और भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मार्च 2029 तक 94.71 लाख लखपति दीदियां बनाने के लक्ष्य के तहत अब तक 50.40 लाख से अधिक महिलाओं को इस श्रेणी में शामिल किया जा चुका है।

बैंकिंग सेवा, फल बिक्री और सिलाई से सालाना डेढ़ लाख तक की आमदनी

किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत खारूदह पंचायत की जीविका दीदी बबली देवी ने वर्ष 2018 में समूह से जुड़कर फल की दुकान शुरू की। 2021 में वह बैंक सखी बनीं और 30 हजार रुपये ऋण लेकर ग्राहक सेवा केंद्र चलाया। आज वे बैंकिंग, फल बिक्री और सिलाई से डेढ़ लाख से अधिक सालाना कमाकर आत्मनिर्भर हैं।

जीविका दीदियों को वित्तीय सलाह दे रहीं अंजू कुमारी

अरवल के कलेर प्रखंड अंतर्गत वेलाव गांव की रहने वाली अंजु कुमारी वर्ष 2018 में जीविका से जुड़ीं। वह कावेरी ग्राम संगठन के सहयोग से ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन कर रही हैं। वह हर दिन 2.5 लाख से ज्यादा का ट्रांजेक्शन करती हैं। अंजू बताती हैं कि वह बैंक सखी के रूप में दीदियों को वित्तीय सलाह देती हैं।

फूस के छप्पर से 20 लाख तक का टर्नओवर

फूस के छप्पर से 20 लाख मक के टर्नओवर तक का सफर तय करने वाली शिवहर की दोस्तिया गांव की आमना खातून आज महिला उद्यमिता की मिसाल हैं। 2017 में आला हजरत जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने 40 हजार रुपये का ऋण लिया। आज लहठी उद्योग से वह सालाना पांच-छह लाख रुपये का शुद्ध लाभ कमा रही हैं।

संक्षिप्त समाचार

बिहार में कल से शुरू होगा बालू खनन

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार में मानसून के कारण पिछले चार महीनों से बालू खनन पर लगी पाबंदी अब खत्म होने जा रही है। राज्य सरकार 16 अक्टूबर से कुल 212 बालू घाटों से खनन और उठाव का काम दोबारा शुरू करने जा रही है। खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन घाटों में पीला बालू के 181 और उजला बालू के 31 घाट शामिल हैं।

गया जी से मिली 14 किलो से अधिक चांदी

गया(नबिटा ब्यूरो)। गया जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई करते हुए 14.835 किलोग्राम चांदी और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद चांदी की अनुमानित कीमत 36 लाख 34 हजार 575 रुपये बतायी गयी है। इस मामले में पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दासपुर थाना क्षेत्र स्थित उदयचक निवासी जमशेद अली मलिक को गिरफ्तार किया गया है। मामले की सूचना आयकर विभाग को दे दी गयी है।

पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात शुभम घायल

पटना(नबिटा ब्यूरो)। जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई है। एनएच-30 से नियाजीपुर गांव जाने वाली ग्रामीण सड़क पर हुई इस घटना में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान अपराधी के पैर में गोली लगी। घायल अपराधी की पहचान आलमगंज थाना क्षेत्र के शुभम उर्फ झामु के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल भी बरामद की है।

20 अक्टूबर से गंगा में नावों के परिचालन पर रोक

पटना(नबिटा ब्यूरो)। विजयादशमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पटना में गंगा नदी में नावों के परिचालन पर 20 अक्टूबर से रोक लगायी गयी है। पटना सदर की एसडीओ कृतिका मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

केंद्रीय कैबिनेट ने रेलवे कर्मचारियों को दिया दिवाली का तोहफा

11.40 लाख रेलकर्मियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में केंद्रीय कैबिनेट ने तीन बड़े फैसलों पर मुहर लगायी। इन फैसलों में रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने त्योहारों से पहले बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन-आधारित बोनस को मंजूरी दी है। यह बोनस 78 दिनों के वेतन के बराबर होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे मेहनती रेलवे कर्मचारियों के लिए दिवाली का तोहफा बताया। श्री वैष्णव ने बताया कि आज कैबिनेट ने तीन बहुत महत्वपूर्ण फैसले लिए। पहला फैसला लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के प्रदर्शन-आधारित बोनस को मंजूरी देना था। यह बोनस दिन-रात अथक परिश्रम करने वाले मेहनती रेलवे कर्मचारियों के लिए दिवाली का तोहफा है। जब हम अपने परिवारों के साथ त्योहार मना रहे होते हैं तब ये कर्मचारी चौबीसों घंटे खेतों में, रेलवे ट्रैक पर, इंजनों के अंदर और कार्यशालाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए काम करते रहते हैं। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईडीबीआई बैंक में 60.72% हिस्सेदारी फ़ेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स की सहायक कंपनी, मेसर्स 10955230 कनाडा इंक. को 52,878.08 करोड़ रुपये में बेचने की मंजूरी दे दी। इससे बैंक के बड़े पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने कनाडा स्थित इस कंपनी को रणनीतिक खरीदार के रूप में मंजूरी दी। इस सौदे में आईडीबीआई बैंक में सरकार की 30.48% हिस्सेदारी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 30.24% हिस्सेदारी की बिक्री शामिल है। प्रस्तावित सौदे के बाद, सरकार के पास 15% और एलआईसी के पास 19% हिस्सेदारी रहेगी जिससे उनकी संयुक्त हिस्सेदारी 34% हो जाएगी।

सीएम सम्राट चौधरी ने दो लाख 48 हजार खाते में भेजी कृषि इनपुट अनुदान राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में अगस्त महीने में अतिवृष्टि और अप्रत्याशित आई बाढ़ के फलस्वरुप फसल क्षति के लिए आज मुख्यमंत्री ने किसानों के अकाउंट में कृषि इनपुट अनुदान राशि भेजी। इस क्रम में दो लाख 48 हजार से ज्यादा प्रभावित किसानों के बैंक खातों में लगभग 112.52 करोड़ की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भेजा। इस मौके पर सीएम सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पीड़ित किसान इससे वंचित नहीं रह जाए। उन्होंने कहा कि 22 अक्टूबर के बाद एक ड्राइव फिर से चलाएं। जो भी किसान छूट गए हैं उसे जोड़ें और उनको क्षति पूर्ति उपलब्ध कराएं। कृषि विभाग और आपदा विभाग की भूमिका इसमें सबसे अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असिंचित फसल के क्षेत्र में साढ़े आठ हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से राशि अनुदान में दिया जाता है। सिंचित फसल क्षेत्र के लिए लगभग 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दिया जाता है। बहुवर्षीय फसलों के लिए लगभग 22 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दिया जाता है। चार लाख 57 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें से दो लाख 48 हजार लोगों को अनुदान दिया गया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की हित में हमेशा काम करते रहे हैं, इसके लिए वह निर्देश भी देते हैं। इस दौरान सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ही कृषि इनपुट अनुदान राशि की शुरुआत की थी। सीएम के दिए गए निर्देश पर अधिकारी ने मीटिंग में कहा कि इसे पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विजेंद्र प्रसाद यादव के साथ कृषि विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा और आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा भी मौजूद रहे।

49 इंस्पेक्टर बने डीएसपी, सरकार ने दी प्रोन्नति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में 49 पुलिस निरीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक के पद का अस्थायी कार्यकारी प्रभार दिया गया है। गृह विभाग की आरक्षी शाखा ने 14 अक्तूबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। यह व्यवस्था अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली 2023 और सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया के तहत की गई है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पुलिस निरीक्षक एवं समकक्ष कोटि के अधिकारियों को बिहार पुलिस सेवा के पुलिस उपाधीक्षक (मूल कोटि) के वेतन स्तर-9 के साथ उच्चतर पद का प्रभार दिया गया है। गृह विभाग की ओर से जारी सूची में नालंदा, पटना, भोजपुर, सारण, जहानाबाद, वैशाली, कटिहार, सुपौल, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, मधुबनी, किशनगंज, अररिया, रोहतास, बक्सर, औरंगाबाद और अन्य जिलों से जुड़े अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इनमें अरुण कुमार, शालीग्राम कुमार, संजय कुमार सिंह, भवेश कुमार मंडल, जितेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार, संतोष कुमार सिंह, वैजनाथ कुमार, विश्वरंजन सिंह, शशि भूषण चौधरी, जयकांत साव, धनंजय कुमार, विमल कुमार, उमाशंकर राय, अरविंद कुमार, अजय कुमार, अजीत कुमार, मुकेश चंद्र कुमार, मोहन कुमार, रविंद्र कुमार, विश्वनाथ भगत, संजय कुमार गुप्ता, अभय कुमार सिंह और राम शंकर सिंह, दिलीप कुमार-2, राम विलास सिंह, संगीता कुशवाहा, किशोरी सहचरी, सचिंद्र यादव, सतीश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार-1, वीरेंद्र प्रसाद यादव, वेदनाथ पाठक वैदिक, कमल किशोर सिंह, ओम प्रकाश, सीमा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, राजेश्वर प्रसाद-2, विजय कुमार सिंह, अबरार अहमद खां, सौम्य प्रियदर्शी, सुभाष वैद्यनाथन, राकेश रंजन सिंह, संजय कुमार-1, कुमारी वंदना, अजय कुमार सिंह, निशिकांत निशि और अनिल कुमार सिन्हा के नाम शामिल हैं। अधिसूचना में सामान्य प्रशासन विभाग की 13 अक्तूबर 2023 की अधिसूचना संख्या 19300 और 11 जून 2026 को जारी एसओपी का हवाला दिया गया है। गृह विभाग के मुताबिक राज्य के प्रशासनिक हित में पद सोपान के तहत उच्चतर पद का प्रभार देने की व्यवस्था की गई है। इस आदेश के तहत संबंधित पुलिस निरीक्षक डीएसपी के पद का अस्थायी कार्यकारी प्रभार संभाल सकेंगे। इन्हें लेवल नौ के आधार पर वेतन दिया जाएगा। इसे नियमित या स्थायी प्रोन्नति के समान नहीं माना जाना चाहिए।

राघोपुर नाव हादसे के बाद सीओ और थानाध्यक्ष के वेतन पर लगी रोक

हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)। मंगलवार रात जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर श्यामचंद के भगतान टोला स्थित बरसाती नदी में नाव डूबने से 13 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन से नाव की मांग की गई थी लेकिन नाव मुहैया नहीं कराई गई। पुरानी नाव होने के कारण ये हादसा हुआ है। ग्रामीण रवि कुमार ने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले गांव के लोग सीओ से मिलने पहुंचे थे। उनसे शिकायत की थी कि नाव में दरार है, उसको बदला जाए लेकिन उनकी मांग को अनसुना कर दिया। अगर समय रहते कार्रवाई हुई होती तो ये दर्दनाक हादसा नहीं होता। ग्रामीणों की शिकायत पर फिलहाल डीएम ने सीओ के खिलाफ एक्शन लिया है और वेतन पर रोक लगा दी है। इस मामले में अब जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। वैशाली डीएम वर्षा सिंह ने राघोपुर के अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा है। अगले आदेश तक दोनों अधिकारियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश भी दिया गया है।

57 करोड़ की साइबर ठगी की बड़ी साजिश का पर्दाफाश, नौ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। कॉरपोरेट बैंक खातों को निशाना बनाकर करीब 57 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की साजिश रच रहे एक अंतरजिला गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर थाने की टीम ने कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 10 एंड्रॉयड मोबाइल, एक लैपटॉप और दो लग्जरी कारें जब्त की हैं। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि यह गिरोह बड़े कॉरपोरेट खातों की गोपनीय जानकारी हासिल कर नेटबैंकिंग के जरिए करोड़ों की रकम उड़ाने की फिराक में था। गिरफ्तार आरोपियों में पूर्वी चंपारण के पकड़ीदयाल निवासी आनंद किशोर, पताही के निरंजन यादव, टेढ़ागाछ के संतोष राम, बिजुलपुर के संदीप कुमार, कोटवा के विजय कुमार और सुगौली के पप्पू जायसवाल जबकि शिवहर जिले के अरविंद कुमार, मनोरंजन कुमार और रामनाथ ठाकुर शामिल है।

बिहार का मोटरसाइकिल दल गुजरात के लिए रवाना, सीएम सम्राट चौधरी ने दिखाई हरी झंडी

राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति का संदेश देगी रैली : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश लेकर बिहार का मोटरसाइकिल दल बुधवार को गुजरात के लिए रवाना हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष के निकट बने मंच से राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना से शुरू हुई यह रैली उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश होते हुए गुजरात पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली का उद्देश्य देशवासियों के बीच राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सद्भाव और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। रैली में बिहार मोटरसाइकिल दल की भागीदारी को राज्य के लिए गौरवपूर्ण अवसर माना जा रहा है। इसके माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा एकजुटता का संदेश दिया जाएगा। रैली विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए राष्ट्रीय एकता के विचार को जन-जन तक पहुंचाएगी। इसके जरिए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के साथ ही आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स पर इसकी तस्वीर साझा की है। इसमें लिखा है कि पटना से गुजरात तक जाने वाली राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली में बिहार दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को सशक्त करने का संदेश देगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेंद्र प्रसाद यादव, गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

आवासहीनों को भूमि और मनरेगा मजदूरी का भुगतान हफ्ते भर में करने का आदेश

ग्रामीण विकास मंत्री ने बक्सर में की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बक्सर मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उन्होंने भूमिहीन आवास के लाभुकों को अतिशीघ्र भूमि उपलब्ध कराने एवं मनरेगा की मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में मंत्री श्री कुमार ने मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा कराने, सर्वेक्षण सूची से वंचित लाभुकों को चयन सूची में शामिल करने, वीबी-जी राम जी योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र भवन एवं ग्रामीण हाट भवन निर्माण में तेजी लाने, पौधरोपण अभियानों को बढ़ावा देने और वनपोषकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने आदि के निर्देश दिए। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा के क्रम में मंत्री श्री कुमार ने बक्सर के सभी अक्रियाशील (नॉन फंक्शनल) सामुदायिक शौचालयों को तुरंत चालू कर उनकी उपयोगिता सुनिश्चित करने, जीविका समूहों से तैयार उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग और बिक्री के लिए स्थानीय एवं सुलभ बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल ऑडिट से जुड़े सभी लंबित मामलों एवं शिकायतों का निष्पादन एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा करें। इधर, विभागीय अधिकारियों ने मंत्री श्री कुमार को बताया कि जिले में 41552 लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 48,973 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25, 2025-26 के लिए तय लक्ष्य 16,147 के सापेक्ष 15,646 आवास स्वीकृत किए गए। इनमें से 9,458 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र भवन के लिए प्राप्त लक्ष्य 126 के सापेक्ष 36 स्थानों पर कार्य शुरू किया गया जिसमें से 28 स्थानों पर कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। बाकी के 8 आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभागीय अधिकारियों ने मंत्री श्री कुमार को बताया कि बक्सर में तीन स्थानों पर ग्रामीण हाट बनाने के लिए जगह चिन्हित किया गया था जिसमें से एक स्थान को निर्माण योग्य पाया गया। चयनित इस स्थान पर हाट बनाने का कार्य चल रहा है। दूसरी ओर जिले को पौधरोपण के लिए प्राप्त 3,26400 लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 2,94,400 पौधे लगाए जा चुके हैं। बैठक में राजपुर एवं डुमरांव विधानसभा के विधायक, उप विकास आयुक्त निहारिका छबि, निदेशक (डीआरडीए) श्री अरविंद, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

प्रमाणित बीज से घटेगी खेती की लागत, 15 नवंबर तक करें आवेदन : विजय कुमार सिन्हा

बीज अनुदान योजना में 100 प्रतिशत तक सहायता, गुणवत्ता में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार बीज अनुदान योजना के तहत किसानों को 100 प्रतिशत तक अनुदान पर प्रमाणित एवं उन्नत बीज उपलब्ध करा रही है। इच्छुक किसान 15 नवंबर तक बिहार कृषि मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बीज की गुणवत्ता में कमी की शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। सिन्हा ने कहा कि बेहतर बीजों से फसल की उत्पादकता बढ़ाने, खेती की लागत नियंत्रित करने और किसानों की आय में सुधार करने में मदद मिलेगी। कोई भी पात्र किसान आर्थिक कारणों से उन्नत बीजों से वंचित नहीं रहे, इसके लिए विभाग को समय पर बीज उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। डिजिटल माध्यमों से किसानों को योजनाओं और बीज की उपलब्धता की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया है। बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के माध्यम से विभिन्न फसलों के उन्नत बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाते हैं। निगम के 38 जिला बीज वितरकों के जरिए बीज वितरण किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए किसान का बिहार निवासी होना, निर्धारित पात्रता पूरी करना और कृषि विभाग के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। कृषि मंत्री ने कहा कि समय पर बुवाई, प्रमाणित बीज और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से उत्पादन तथा आमदनी बढ़ाई जा सकती है। योजना की विस्तृत जानकारी बिहार कृषि ऐप, कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और जिला कृषि कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

पटना के पास बसाया जाएगा आधुनिक शहर

66 लाख आबादी को ध्यान में रखकर 2047 तक विकास का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजधानी पटना पर बढ़ते आबादी के दबाव और शहरीकरण की चुनौतियों को देखते हुए राज्य सरकार ने पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने का निर्णय लिया है। इस नए शहर को आधुनिक शहरी सुविधाओं से युक्त बनाने की योजना है। टाउनशिप में लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ व्यवस्थित शहरी विकास पर जोर दिया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार प्रस्तावित टाउनशिप में चौड़ी सड़कें, निर्बाध बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और सुचारु जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इसके अलावा खेलकूद और मनोरंजन के लिए आवश्यक व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि लोगों को बेहतर जीवनशैली के अनुकूल वातावरण मिल सके। वर्तमान में टाउनशिप का ज्यादातर इलाका ग्रामीण है। इसे 66 लाख आबादी को ध्यान में रखकर 2047 तक विकसित करने का लक्ष्य है। इसकी परिधि में दो नगर निकाय, नौ प्रखंड और 274 गांव आ रहे हैं। बीस साल में यह विकसित हो जाएगा। नए शहर में आधुनिक अस्पतालों और कॉलेजों सहित अन्य आवश्यक संस्थागत सुविधाओं के विकास की भी परिकल्पना की गई है। इससे स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। राजधानी पर बढ़ते शहरी दबाव को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने सैटेलाइट टाउनशिप बनाने का निर्णय लिया है जिससे कि आधुनिक आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं के विकास के माध्यम से यहां लोगों को बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस टाउनशिप के लिए मास्टर प्लान के प्रारूप पर आपत्ति एवं सुझाव देने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक बैठक

एनडीए की जीत के लिए पूरी ताकत से जुटेंगे कार्यकर्ता : सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह बिहार भाजपा के संगठन सह-प्रभारी रोहन गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बिहार के सह-प्रभारी बनने के बाद रोहन गुप्ता की बिहार में यह पहली संगठनात्मक बैठक थी। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा आगामी चुनावी चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधान परिषद की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन की पूरी ताकत लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय, जनसंपर्क अभियान में तेजी और चुनावी तैयारियों को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही चुनाव में सफलता का आधार है। बैठक का प्रमुख केंद्र बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव रहे। इन सभी सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। पार्टी नेताओं ने चुनाव में बेहतर समन्वय, संगठन की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने तथा पार्टी की गतिविधियों को गति देने को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में भाजपा के संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसानिया, बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा और संजय सिंह टाइगर, विधानसभा में मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया, उप सचेतक रत्नेश कुशवाहा, विधान पार्षद जीवन कुमार, प्रदेश महामंत्री प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक और सरोज रंजन पटेल सहित अनेक विधायक, विधान पार्षद, प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष तथा पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक जिम्मेदारियों के बेहतर निर्वहन, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय तथा चुनावी तैयारियों को धार देने पर विशेष जोर दिया गया।

समितियों के लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करें अधिकारी : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति, कृषि उद्योग विकास समिति सहित अन्य समितियों के कार्यों की समीक्षा की। संबंधित पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में समितियों के कार्यों, विभागों से प्राप्त प्रतिवेदनों और लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और कृषि उद्योगों का विकास जनहित से सीधे जुड़े विषय हैं। इन क्षेत्रों में समितियों की अनुशंसाओं और निर्देशों के अनुपालन की नियमित समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागों से समय पर प्रतिवेदन प्राप्त करें और लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। अध्यक्ष ने समितियों से संबंधित मामलों में विभागीय समन्वय को प्रभावी बनाने और आवश्यक कार्रवाई की प्रगति पर नजर रखने पर जोर दिया। बैठक में विधानसभा सचिवालय के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह सहित वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 12 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें।

पटना से मनेर, जानीपुर और हाजीपुर तक चलेंगी पीएम इ-बसें, 8 पिंक बसें भी शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना एवं आसपास में परिवहन सुविधा अब और बेहतर होगी। केंद्र की ओर से बिहार को 27 नई पीएम ई-बसें मिल गई हैं। इसके साथ ही राज्य में पीएम ई-बसों की कुल संख्या 52 हो गई है। पहले से 25 बसों का परिचालन पटना और आसपास के इलाकों में किया जा रहा था। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अनुसार नई ई-बसों को पटना शहर से बाहर के रूटों पर भी संचालित किया जाएगा। इनमें मनेर, जानीपुर, हाजीपुर, नौबतपुर, जंदाहा, बिक्रम और जगनपुरा आईएसबीटी शामिल हैं। निगम के तय रूट चार्ट के अनुसार बिहटा-अम्हारा, दानापुर शिवाला और जानीपुर के लिए 10-10 बसें चलेंगी। पालीगंज के लिए 4 बसें, जबकि नौबतपुर, मनेर, हाजीपुर-जंदाहा, आईएसबीटी जगनपुरा और बिक्रम के लिए 2-2 बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा बेड़े में 8 पिंक बसें भी शामिल हैं। कारगिल चौक से पालीगंज के लिए 2, दानापुर शिवाला के लिए 3 और जानीपुर के लिए 3 पिंक बसों का परिचालन होगा। बता दें कि बिहार को केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत कुल 400 एसी इलेक्ट्रिक बसें मिलनी हैं। इनमें से 150 बसें पटना को और 50-50 बसें गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और पूर्णिया को मिलेगी।

पूर्व मध्य रेल ने किया बरौनी में मानक 'कवच' प्रणाली का सफल परीक्षण

बरौनी-समस्तीपुर एवं बरौनी-बेगूसराय रेलखंड पर दो लोको के साथ परीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल परिचालन में संरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में बरौनी में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' का सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण 65 किलोमीटर बरौनी से समस्तीपुर तथा बरौनी से बेगूसराय रेलखंड पर किया गया। डिम्पी गर्ग, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल हाजीपुर, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर तथा मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर के निर्देशन में संपन्न इस परीक्षण में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अधिकारियों के साथ-साथ रेलटेल एवं क्वाड्रेंट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षण के दौरान केरनेक्स डीएमआइ प्रणाली से सुसज्जित दो लोको के माध्यम से मानक कवच प्रणाली की कार्यक्षमता एवं सुरक्षा क्षमता का परीक्षण किया गया। परीक्षण के क्रम में दोनों लोको को आमने-सामने लाया गया। इस दौरान संभावित टक्कर को रोकने की प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन हुआ तथा दोनों लोको के आमने-सामने आने के बावजूद टक्कर नहीं हुई। यह परीक्षण रेल परिचालन में आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग तथा संरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कवच प्रणाली का उद्देश्य निर्धारित परिचालन परिस्थितियों में मानवीय भूल अथवा अन्य कारणों से उत्पन्न संभावित दुर्घटनाओं को रोकने में सहायता करना है। आवश्यकता पड़ने पर यह प्रणाली स्वचालित ब्रेकिंग के माध्यम से ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने में मदद करती है। इस सफल परीक्षण में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अधिकारियों, रेलटेल एवं क्वाड्रेंट के समन्वित प्रयासों और तकनीकी सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह उपलब्धि पूर्व मध्य रेल में आधुनिक सिग्नलिंग एवं ट्रेन सुरक्षा तकनीक के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व मध्य रेल यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

राघोपुर-दियारा नाव हादसा: निशांत ने दिए घायलों के बेहतर इलाज और निरंतर निगरानी के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। वैशाली जिले के राघोपुर-दियारा में नाव पलटने से 13 लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने पटना स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) पहुंचकर इलाजरत छह घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और चिकित्सकों को बेहतर इलाज, समुचित देखभाल तथा निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए शोक-संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुलाकात के दौरान निशांत ने अस्पताल के चिकित्सकों से उपचार की प्रक्रिया और घायलों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राघोपुर-दियारा की घटना बेहद दुखद और पीड़ादायक है। दुख की इस घड़ी में वह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस संबंध में वैशाली के जिलाधिकारी से बात की गई है। उन्हें घटना की जांच कराने और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है।

1,731 केवाइपी केंद्रों के संचालन की मांग पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की हस्तक्षेप की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में पूर्व से संचालित 1,731 कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों को पूर्ववत चालू करने की मांग को लेकर केवाईपी वेलफेयर सोसायटी के नेतृत्व में आंदोलन एक बार फिर तेज होने के आसार हैं। संगठन के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने आरोप लगाया है कि पूर्व में 11 दिनों तक चले धरना एवं भूख हड़ताल के बाद विभागीय वार्ता में सभी 1,731 केंद्रों को पुनः संचालित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब विभागीय स्तर पर लिए जा रहे निर्णयों में बदलाव कर अधिकांश केंद्रों की अनदेखी की जा रही है। डॉ. झा ने कहा कि केंद्र संचालकों को मिले आश्वासन के विपरीत केवल 871 केंद्रों पर 'डिजिटल मित्र' परियोजना लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस परियोजना की उपयोगिता और सफलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि डोमेन स्किल के अंतर्गत संचालित इस मॉडल को सभी केंद्रों के लिए उपयुक्त विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं है। उनका आरोप है कि इस प्रक्रिया से शेष केंद्रों के संचालकों, प्रशिक्षकों और उनसे जुड़े युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि संगठन की मांग स्पष्ट और एकमात्र है-बिहार के सभी 1,731 पूर्व संचालित केवाईपी केंद्रों पर पहले की तरह केवाईपी प्रशिक्षण व्यवस्था बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने वाले इन केंद्रों को सीमित संख्या में समेटना हजारों युवाओं के प्रशिक्षण अवसरों और केंद्र संचालकों की आजीविका से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने तथा विभाग को पूर्व में दिए गए आश्वासन के अनुरूप ठोस निर्णय लेने का निर्देश देने की अपील की।

सैमसंग ने सैमसंग वीक का किया ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। सैमसंग इंडिया ने सैमसंग वीक 2026 की शुरुआत की घोषणा की। यह खास शॉपिंग फेस्टिवल स्मार्टथिंग्स के जरिए गैलेक्सी एआई, बीस्पोक एआई और विजन एआई को एक साथ जोड़ते हुए सैमसंग के कनेक्टेड एआई इकोसिस्टम को पेश करता है। इसमें सैमसंग के अलग-अलग प्रोडक्ट्स पर खास ऑफर्स और फायदे मिलेंगे जिसमें सैमसंग डॉट कॉम, सैमसंग शॉप एप्प और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध सैमसंग वीक में स्मार्टफोन्स, टैबलेट्स, लैपटॉप्स, वियरेबल्स, एक्सेसरीज, टीवी, मॉनिटर्स और डिजिटल अप्लायंसेज पर 31 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक की छूट के साथ 25000 रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा। सैमसंग वीक 2026 के तहत ग्राहक बेहतर वारंटी के फायदे भी पा सकते हैं। योग्य प्रोडक्ट्स पर एक साल की एक्सटेंडेड वारंटी के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के दो साल की अतिरिक्त वारंटी दी जा रही है। इस दौरान योग्य ग्राहक चुनिंदा गैलेक्सी डिवाइसेज को अपग्रेड करते समय सबसे अधिक ऑनलाइन एक्सचेंज वैल्यू और किसी भी स्थिति में एक्सचेंज की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

राघोपुर नाव हादसे में 13 बच्चों की मौत प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा

दोषी अधिकारियों पर हो कड़ी कार्रवाई : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। वैशाली जिले के राघोपुर में भीषण नाव दुर्घटना में 13 बच्चों की डूबने से हुई दर्दनाक मौत पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस हृदयविदारक घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताते हुए मृतक बच्चों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। राजेश राम ने कहा कि मासूम बच्चों की इस तरह असमय मौत पूरे समाज को झकझोर देने वाली घटना है जिन परिवारों ने अपने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ बड़ा किया, उन परिवारों पर आज दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस अपूरणीय क्षति की भरपाई किसी भी कीमत पर संभव नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस दुर्घटना के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए होते और संबंधित अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से किया होता तो इस तरह की दर्दनाक घटना को रोका जा सकता था। उन्होंने कहा कि मासूमों की जान की कीमत पर प्रशासनिक लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। राजेश राम ने राज्य सरकार से मांग की कि दुर्घटना की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, मृतक बच्चों के परिजनों को उचित मुआवजा और हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव की तैयारी में जुटी बिहार कांग्रेस

कृष्णा अल्लावरू और राजेश राम का तीन दिवसीय दौरा कल से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर बिहार कांग्रेस ने अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी है। इसी क्रम में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम 15 से 17 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दौरे पर दरभंगा, पूर्णिया एवं भागलपुर जाएंगे। इस दौरान वे विभिन्न जिलों के पीसीसी प्रभारियों, जिला कांग्रेस अध्यक्षों एवं प्रमुख कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों और संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन डॉ अजय कुमार पासवान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दौरे के पहले दिन 15 अक्टूबर को दरभंगा जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिलों के पीसीसी प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष तथा प्रमुख कांग्रेसजन शामिल होंगे। बैठक में शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय और चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो.रणबीर नंदन ने पत्नी संग की मां पटनदेवी की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो.रणबीर नंदन आज धर्मपत्नी संग राजधानी पटना स्थित सनातन आस्था के परम जाग्रत केंद्रों-मां पटनदेवी, अगमकुआं स्थित मां शीतला मंदिर, गोलघर स्थित मां अखंडवासिनी मंदिर एवं बांसघाट स्थित मां सिद्धेश्वरी काली मंदिर में विधि-विधान से दर्शन एवं पूजन-अर्चन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां भगवती के श्रीचरणों में शीश नवाकर समस्त बिहारवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति, समृद्धि एवं राज्य की निरंतर प्रगति के लिए मंगलकामना की। इस दौरान समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के बीच यथोचित राशि का वितरण भी किया। पाटलिपुत्र की यह पावन धरा अनादि काल से शक्ति उपासना की तपोभूमि रही है। 51 शक्तिपीठों में प्रमुख मां पटनदेवी सदियों से नगर रक्षिका के रूप में हमारी आस्था का केंद्र है। वहीं, आरोग्य प्रदायिनी मां शीतला का आशीष, अखंडवासिनी मंदिर की निरंतर प्रज्वलित अखंड ज्योति का आध्यात्मिक तेज और गंगा तट पर स्थित मां सिद्धेश्वरी काली की साधना स्थली हम सभी को सकारात्मक ऊर्जा और संबल प्रदान करती है। दर्शन के दौरान मंदिर परिसरों में श्रद्धालु जनों के लिए उपलब्ध नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद हमारी इन ऐतिहासिक व पौराणिक धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन और श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए निरंतर संकल्पित है। माँ जगदंबा की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर सदैव बनी रहे।

डीएम की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा

अधिकारियों को तय समय में सुधार के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भभुआ। जिले में 6 स्कूल भवनहीन और 38 भूमिहीन हैं। डीएम ने भवनहीन स्कूलों के लिए जल्द प्रस्ताव भेजने, भूमिहीन स्कूलों के लिए तुरंत जमीन ढूंढने का आदेश दिया।

सुरक्षा-भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर

279 स्कूलों में पीने के पानी की समस्या दूर करने को पीएचईडी विभाग से बात करने को कहा गया। 158 स्कूलों में 'कायाकल्प योजना' के तहत संपर्क सड़क बनाने के निर्देश भी दिए गए। 59.60% महिला साक्षरता दर पर डीएम ने चिंता जताई, इसे बढ़ाने को खास योजना बनाने को कहा।

पीबीएल में जिले के अच्छे प्रदर्शन (जुलाई में पहला, अगस्त में दूसरा) की तारीफ भी हुई। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर 2-3 दिन तक हाजिरी सिंक न होने पर शिक्षकों का वेतन कटेगा। अधौरा के नेटवर्क रहित स्कूलों को पहचानने, बिना मान्यता वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सुरक्षा-भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता एवं सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन विभाग के समन्वय से वर्तमान में जारी स्वच्छता पखवाड़ा एवं विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर एक गैर-सरकारी संस्था के सहयोग से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को रेलवे परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, कचरे को निर्धारित कूड़ेदान में डालने तथा रेल यात्रा के दौरान संरक्षा-सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे यात्रियों से अपील है कि वे रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें तथा यात्रा के दौरान संरक्षा-सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करें। स्वच्छता एवं सुरक्षा के प्रति सामूहिक जागरूकता बेहतर रेल वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भोजपुरी नाटक के मंचन में सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। गोवर्धनपुर गांव में नव दुर्गा काली पूजा कमिटी के तत्वावधान में भोजपुरी नाटक 'घर परिवार बर्बाद हो गइल' का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने पारिवारिक कलह, सामाजिक कुरीतियों और बदलते सामाजिक परिवेश के परिवार पर पड़ने वाले प्रभावों को जीवंत अभिनय के जरिए प्रस्तुत किया। मंच का उद्घाटन मठाधीश बाल ब्रह्मचारी अखिलेश गिरी, सोनू दुबे एवं मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निर्देशक मृत्युंजय कुमार और संजय शर्मा के नेतृत्व में कलाकारों ने विभिन्न किरदारों में शानदार अभिनय कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

Public Health Engineering Department
Public Health Engineering Division, Aurangabad
Govt. of Bihar

SHORT RE-TENDER NIT No– 06/2026-27/(LoT/PRD)

(This tender already published in financial year 2025-26 in NIT No-16R2/2025-26/(LoT/PRD))

National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on **www.eproc2.bihar.gov.in**)

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, P.H.Division, Aurangabad
2	Date of issue of Tender Notice	10.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	21.10.2026 to 28.10.2026 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	22.10.2026 at 03.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division
5	Last date and time of receipt (uploading) of tender	28.10.2026 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	28.10.2026 at 17:30 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.
8	Name of Work: Design, Construction, Supply of materials, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes (ward level schemes) for habitations left out under "Har Ghar nal Ka Jal" nischay yojna in panchayats where "Har Ghar nal Ka Jal" was executed by the "Panchayati Raj Department" with Electric Driven Pumps in the District of Aurangabad, Bihar on turn-key basis with 3 months Trial Run Period.	

Group No.	Block	Panchayat	Habitation	Ward	No. of Schemes in group	Estimated Cost (Rs in Lakh)	Earnest Money (Rs in Lakh)	Cost of Tender Document (Non-Refundable) (in Rs)	BSEDC Bid Processing Fee (in Rs)	Completion Period (In Month)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
4	OBRA	SONHAULI	MUSLIM TOLA	5	112	1731.04	27.32000	10000	As per eproc-02	6 Month
			SONHAULI	7						
			ADMA KA TOLA	8						
			SONHAULI MAHADALT TOLA	10						
			HEMAJA KA BHUIYA BIGHA	11						
			KDIYAHI KHURD	14						
		BELL	SRIMAL CHAK	1						
			NAROLA KA MAHADALI TOLA	11						
		CHANDA	PATHRA KA TOLA	1						
			S.C TOLA	3						
			BHUIA BIGHA	4						
			MOMIN TOLA	5						
			PISAY BIGHA	6						
			S.C TOLA	8						
			BIHARI BIGHA	9						
			RAJBANSI TOLA	11						
			CHANDRABASI TOLA	12						
			BISHANPURA+ RAMNGAAR S.C TOLA	14						
		DEHARI	GAMHRIA TOL SURYA MANDIR KE PAS	6						
			DINGRAHA TOLA	12						
			GAMHRPUR	14						
		SARSAULI	DAULATPUR GANJ WEST SIDE	1						
			KUTIPAR	6						
			GOKUL BIGHA	7						
			CHICHAMI TOLA ROAD SID	8						
			MHTHU TOLA MAHBIR GANJ	14						
			DEWKALI BLOK KE PAS	16						
			DEWKALI WEST SID	17						
			UKARRMI BIGHA	18						
		UBB	RAMPUR GIRI JEE BIGHA	2						
			SITAL BIGHA	3						
			LAL BIGHA	3						
			PHATEHA	4						
			UBB KE TOLA	6						
			MOHAN BIGHA	7						
			EKAWNA WEST TOLA	9						
			BISHAMBHAR BIGHA	10						
			BAR BISHAY BIGHA	11						
			ARAIKHAP KA BIGHA	12						
		AMILOWNA	AMR BIGHA	3						
			NISAD TOLA	9						
			TENDUA TOLLA KE SITA BIGHA	9						
			TENDUA TOLLA KE HATHI BORE	10						
			KAITHI	11						
			MEHNDAA TOLA SADA BIGHA	12						
			KUNGI BIGHA	14						
			PRYAG BIGHA	15						
		BHARUB	BHARUB TOLA AHRA NORTH SIDE	1						
			BHARUB TOLA AHRA	2						
			KURMI TOLA	4						
			GANGA BIGHA	5						
			TKEYAPAR	9						
			GORTARA	10						
			SADIPUR BGHA BHUMIHAR TOLA	11						
			BANDHU BIGHA	14						
			KALI GANJ	14						
			BUDHA BIGHA	15						
		MAHUAWAN	MANGRU BIGHA	2						
			BISUNPURA	6						
			DIWAN BIGHA	7						
			MAKHARA	11						
			MAKHARA KA BIGHA	12						
		RATNPUR	NAWADIH	2						
			KEWAL BIGHA	3						
			ATROULI	4						
			LOKAN BIGHA	5						
			GIRA BIGHA	6						
			PREM BIGHA	7						
			RAM JIWAN BIGHA	12						
		TEJPURA	MAHDEWA FIELD KE PAS	1						
			HAJARI BIGHA	7						
			PASWAN TOLA YADAW TOLA	11						
			YADAW TOLA	12						
			DUMARI KE MAHADALIT TOLA	13						
			S.C TOLA	14						
		GAINI	MISIR BIGHA	2						
			NARAYN BIGHA	2						
			GAINI MUSLMAN+ BHUMIHAR TOLA	7						
			S.C TOLA	8						
			MHADLIT TOLA MUSLMAN TOLA	9						
			ARI KA BIGHA	11						
			KUSHA	12						
			PARIHAR PASWAN+YADAW TOLA	14						
		KANCHANPUR	MAHADALIT TOLA	3						
			HEMAN BIGHA	8						
			KATHBARI REVEENUE VILLAGE	10						
			KATHBARI PASWAN TOLA	11						
			NONIYA BIGHA	12						
			PANCH RUKHIYA	14						
		KARA	SUBEDAR BIGHA	1						
			KURMAIN KE BIGHA	2						
			KARA WEST	6						
		KRSAWAN	KASIM BIGHA	1						
			PADRIA BIGHA	2						
			RUP KHAP	4						
			HUSANBAD	11						
			GHETRA NORTH SIDE	13						
		KHUDWAN	KHUDWAN TOLA KE DIH	2						
			KHUDWAN TOLA GADH PAR	3						
			FAGUI BIGHA	10						
			BHAUTHADHI BIGHA	13						
		MALWA	MALWA KA BIGHA	1						
			MALWA ROAD WEST SIDE	3						
			MLAH TOLI	7						
			SUNDARPUR BIRINDABAN	9						
			MASIN GANJ	12						
			CHATR PUR+KLYAN BIGHA	12						
			CHATR TOLE RAGHU BIGHA	13						
			LAHASHA BIGHAA	14						
		BABHNDIHA	RAMLAGN BIGHA	11						
			KURAIPUR	11						
		DIHRA	KHUTHA YADAW TOLA	6						

9. The bidder shall submit his bid/tender on e-Procurement platform at www.eproc2.bihar.gov.in.

Executive Engineer
Public Health Division, Aurangabad

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**
PR. No.013654 (PHED) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

पंडालों को मिला अंतिम रूप, जलभरी एवं शोभायात्रा की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज/दावथ (रोहतास)। शारदीय नवरात्र को लेकर दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही जलभरी एवं शोभायात्रा की तैयारियां भी शुरू हो गई है। बता दें कि विभिन्न स्थानों पर प्रसिद्ध मंदिरों की प्रतिकृति के रूप में बनाए जा रहे भव्य पंडालों का निर्माण अब अंतिम चरण में है, वहीं षष्ठी तथा सप्तमी तिथि को देखते हुए जलभरी एवं शोभायात्रा की पूरी तैयारी पूजा समितियों द्वारा कर ली गई है। विभिन्न जगहों पर रंग-बिरंगे आकर्षक झंडे, बैनर, पोस्टर तथा आमंत्रण पत्र भी देखे जा रहे हैं जो उत्सव के माहौल को और भव्य बना रहे हैं। बिक्रमगंज अनुमंडल के बिक्रमगंज शहर में सासाराम रोड स्थित दुर्गा मंदिर, आरा रोड, डुमरांव रोड स्थित काली मंदिर एवं डिहरी रोड बिजली ऑफिस के पास मुख्य रूप से भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं। वहीं विभिन्न प्रखंडों में भी देश के नामी मंदिरों की प्रतिकृति के तौर पर पंडालों को सजाया गया है जिससे श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इधर प्रशासनिक स्तर पर भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई दौर की शांति समिति एवं समन्वय समिति की बैठकें चल रही है। पुलिस प्रशासन ने इस बार कमर कस ली है ताकि किसी तरह की अशांति या अनहोनी की संभावना न रहे। लाइसेंस प्राप्त समितियों को कई प्रकार की हिदायतें भी दी गई है जिसमें डीजे पर प्रतिबंध, समय पर विसर्जन और भीड़ नियंत्रण जैसे नियम शामिल है। इस तरह पूरा क्षेत्र मां दुर्गा के स्वागत के लिए तैयार है और भक्तों में नवरात्र को लेकर भारी उत्साह है।

गैस सिलेंडर फटा, पिता-पुत्री की मौत, मां-बेटा घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के उल्ही गांव में मंगलवार शाम गैस सिलेंडर में विस्फोट से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में तीन वर्षीय बच्ची और उसके पिता की मौत हो गई जबकि पत्नी और एक वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता और उनकी तीन वर्षीय पुत्री कृति कुमारी गुप्ता के रूप में हुई है। घायलों में उनकी पत्नी संजू देवी और एक वर्षीय पुत्र सुमित शामिल है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम घर में गैस चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान गैस रिसाव से सिलेंडर में आग लग गई। आग लगते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्य आग बुझाने का प्रयास करने लगे, तभी अचानक सिलेंडर में जोरदार विस्फोट हो गया और चारों इसकी चपेट में आ गए। विस्फोट में तीन वर्षीय कृति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से झुलसे लक्ष्मी प्रसाद ने सदर अस्पताल सासाराम में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर है। सूचना पर नौहट्टा पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन विभाग व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव से विस्फोट की बात सामने आई है, मामले की जांच की जा रही है।

दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर एसडीएम ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी। दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर सासाराम एसडीएम प्रिया रानी एवं एसडीपीओ-1 विप्लव कुमार ने चेनारी प्रखंड अन्तर्गत चेनारी, तेलारी, पेवंदी एवं अन्य जगहों पर बने पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

भूमि विवादों की हुई सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज की अध्यक्षता में गुरुवार को अनुमंडल स्तरीय भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष एवं संबंधित परिवादी शामिल हुए। बैठक के दौरान परिवादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा भूमि विवाद से जुड़े लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। कई मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी भूमि विवाद मामलों का नियमानुसार, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि विवाद के कारण कहीं भी विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। इसके लिए अंचल अधिकारी और थानाध्यक्ष आपसी समन्वय बनाकर काम करें और संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतें, बैठक का मुख्य उद्देश्य भूमि विवाद से संबंधित मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन करते हुए आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जो मामले लंबे समय से लंबित है।

रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 16 पर प्राथमिकी, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

काराकाट। थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच रास्ते के जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच जम कर मारपीट हुआ। मारपीट के मामले में दो लोग घायल होने पर सीएचसी काराकाट (गोड़ारी) में इलाज हुआ। प्रथम पक्ष के लक्ष्मीना देवी ने मारपीट के मामले में भगवान महतो पिता बगेदन महतो सहित आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है। दूसरे पक्ष के लालझारो देवी ने शंकर महतो पिता राजाराम महतो सहित आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है। मारपीट की घटना के बारे में बताया जाता है कि पहले से पुराना घर बना हुआ था उसे तोड़कर नया घर बनाया जा रहा है। एक पक्ष का कहना था कि अपने जमीन में घर बनाइये, लेकिन नहीं मानने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट हुई है। मारपीट के मामले में गिरफ्तार आरोपी सुरेश महतो पिता स्व. लखन महतो तथा रोहित कुमार पिता नंदजी मिश्रवलिया गांव निवासी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पूर्व रेलवे

शुद्धिपत्र

ई-निविदा सूचना संख्या डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एसडीएएच-01-26-27, दिनांक: 07.10.2026 के संबंध में शुद्धिपत्र सं. 1, "पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत चांदपाड़ा (सीडीपी), बनगांव (बीएनजे), गेदे (जीईडीई), नैहाटी (एनएच), कल्याणी (केवाईआई), कल्याण घोषपाड़ा (केएलवाईजी), सोनारपुर (एसपीआर), कैनिंग (सीजी), दमदम (डीडीजे), बैरकपुर (बीपी), शांतिपुर (एसटीबी), कृष्णनगर सिटी (केएनजे), बेथुयाडहरी (बीटीवाई), बहरामपुर कोर्ट (बीपीसी) और सियालदह (एसडीएएच) स्टेशनों पर शेष विकास कार्यों के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड और एकाउस्टिंक डिजाइन वाले पीए सिस्टम के प्रावधान के संबंध में विभिन्न टेलीकम सामग्री/उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ" के कार्य के लिए। उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/एस एंड टी, गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरा तल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में पूर्व प्रकाशित ई-निविदा सूचना सं. डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एसडीएएच-01-26-27, दिनांक 07.10.2026 में निम्नलिखित संशोधन किया गया है: निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है और संशोधित निविदा **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर डॉक्यूमेंट सेक्शन में क्रम सं. 1 पर अपलोड की गई है, दस्तावेज का विवरण: "SealdahABSStendrdocument Revised" और फ़ाइल का नाम "Sealdah ABSStendrdocument _13.10.2026 Revised.pdf" है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

SDAH-263/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

राइट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ

राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
शिखर, प्लाट नं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001

इन पदों के लिए प्रोफेशनल्स की जरूरत है

विज्ञापन संख्या	व्यक्तिगत सलाहकार और कॉन्ट्रैक्ट पर आधारित पद	पदों की संख्या	चयन प्रक्रिया की विधि और स्थान
वाईपी/67/26	डिप्टी चीफ सिग्नलिंग सिस्टम इंजीनियर/चीफ रेजिडेंट इंजीनियर – सिग्नलिंग	1	(दस्तावेजों की जांच और इंटरव्यू) राइट्स कॉर्पोरेट ऑफिस गुड़गांव / राइट्स रीजनल ऑफिस कोलकाता / वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
वाईपी/68/26	डिप्टी चीफ सिस्टम इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग एक्सपर्ट	1	
वाईपी/69/26	डिप्टी काम (इलेक्ट्रिकल) के लिए मुख्य क्वालिटी एश्योरेंस और क्वालिटी कंट्रोल एक्सपर्ट	1	
वाईपी/70/26	इंटरफेस मैनेजर / कोऑर्डिनेटर – इलेक्ट्रिकल	1	
वाईपी/71/26	कंस्ट्रक्शन प्लानिंग, प्रोग्राम और प्रोग्रेस/मॉनिटरिंग इंजीनियर	1	
वाईपी/72/26	ट्रैक एक्सपर्ट	1	
वाईपी/73/26	पर्यावरण विशेषज्ञ	1	
वाईपी/74/26	सेक्शन इंजीनियर – SCADA	1	
वाईपी/75/26	रेसिडेंट इंजीनियर – सिग्नलिंग	1	
वाईपी/76/26	रेसिडेंट इंजीनियर – रोलिंग स्टॉक (इलेक्ट्रिकल)	1	
वाईपी/77/26	BIM मैनेजर	1	
वाईपी/78/26	रेसिडेंट इंजीनियर – सिविल	2	
वाईपी/79/26	रेसिडेंट इंजीनियर – ट्रैक	1	
वाईपी/80/26	सेक्शन इंजीनियर – E&M	1	
वाईपी/81/26	सेक्शन इंजीनियर – लिफ्ट और एस्केलेटर	1	
वाईपी/82/26	BIM इंजीनियर	1	
वाईपी/83/26	सेक्शन इंजीनियर – सिविल	1	
वाईपी/84/26	सेक्शन इंजीनियर – QA/QC	1	
वाईपी/85/26	साइट इंजीनियर – टनल वेंटिलेशन, ECCS और स्टेशन एयर कंडीशनिंग	1	
वाईपी/86/26	साइट इंजीनियर – AFC	1	
वाईपी/87/26	साइट इंजीनियर – रोलिंग स्टॉक	1	
वाईपी/88/26	साइट इंजीनियर – सिविल	1	
वाईपी/89/26	साइट इंजीनियर – ट्रैक	1	
वाईपी/90/26	साइट इंजीनियर – एनवायरनमेंट	1	
वाईपी/91/26	साइट इंजीनियर – QA और QC	1	
वाईपी/92/26	टीम सेक्रेटरी	1	
सीपी/07–आर2/26	सीनियर मैनेजर (मैकेनिकल) – बल्क मटीरियल हैंडलिंग एक्सपर्ट	1	लिखित परीक्षा / इंटरव्यू
सीएल/08–आर1/26	इंजीनियर – UT टेस्टिंग	2	इंटरव्यू

आवेदन के बारे में जानकारी के लिए, नियम और शर्तों आदि के लिए, उम्मीदवार राइट्स की वेबसाइट **www.rites.com** पर कैरियर सेक्शन में दिया गया विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

आमने-सामने बाइकों की टक्कर में तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रोहतास। रोहतास नगर पंचायत के वार्ड नंबर आठ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से महज 100 मीटर की दूरी पर नौहट्टा-रोहतास मुख्य मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक चालकों समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान रवि रंजन कुमार, पिता रसिक पासवान, ग्राम पिपराडीह, अमलेश कुमार, पिता राधे कृष्ण सिंह, ग्राम बलतुआ तथा रोहित कुमार, पिता शंकर, ग्राम पिपराडीह के रूप में हुई है। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार दोनों बाइकों के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी आवाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक सुनाई दी। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात गार्ड ने बताया कि टक्कर की आवाज सुनकर वे लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े।

तिलौथू में पैथकाइंड लैब का उद्घाटन, स्थानीय स्तर पर मिलेगी जांच की सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। तिलौथू के जगदेव चौक स्थित सासाराम रोड में सोमा मेडिकल के ऊपर मंगलवार को पैथकाइंड लैब का उद्घाटन बिहार विधान परिषद की पूर्व सदस्य एवं बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व सदस्य शीला पंडित ने किया। लैब के संचालक अभय प्रजापति, अजय प्रजापति एवं विजय प्रजापति ने बताया कि लैब शुरू होने से तिलौथू और आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा मिलेगी। इससे जांच के लिए दूर के शहरों में जाने की परेशानी कम होगी। उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य जांच की महत्ता और आम लोगों तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने पर चर्चा की गई। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता बबल कश्यप, शशि भूषण प्रसाद, राकेश कुमार सिन्हा, अभय कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, ऋतुराज उपाध्याय, संजय चौधरी, अमित गुप्ता, हंसराज, दिलीप कुमार, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, अरुण पंडित, प्रो. विजय बहादुर, विक्की प्रजापति और लालू प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज ।
Email Id- **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**, rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com, Phone No.-06562357595

पत्रांक..... दिनांक.....

प्रेष विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मे0 सुकृतदेवाय इन्टरप्राईजेज, नियर बायोडिजल पम्प नियर, आर0के0+2 हाई स्कूल, हैदरनगर, पलामू को मुख्य अभियंता, ग्रा0का0वि0, झारखंड, रांची का पत्रांक 330 अनु0 दिनांक 11.03.2026 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 419 दिनांक 18.03.2026 एवं पत्रांक 511 दिनांक 07.04.2026, पत्रांक 743 दिनांक 18.05.2026 तथा पत्रांक 825 दिनांक 30.05.2026 एवं पत्रांक 1403 दिनांक 05.09.2026 के द्वारा एकरारनामा करने हेतु जमानत की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था । परन्तु आपके द्वारा अभी तक जमानत की राशि जमा नहीं किया गया है ।

अतः आपको अंतिम बार सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अंदर जमानत की राशि जमा कर एकरारनामा कर लें अन्यथा बाध्य होकर नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी जिसकी जबाबदेही आपकी होगी ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 391797 District(26-27)D

कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में पटना स्नातक क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ असद उल्लाह खान एवं पटना से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस उम्मीदवार डॉ संजय कुमार यादव की जीत सुनिश्चित करने को लेकर जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय,रामनगर में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक और स्नातक वर्ग समाज की रीढ़ है । कांग्रेस पार्टी हमेशा से शिक्षित वर्ग युवाओं और शिक्षकों के अधिकारों के लड़ाई लड़ती रही है । हम सभी लोग घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों और उम्मीदवारों की अच्छाई को मतदाताओं तक पहुंचाने का कार्य करें तो हम लोगों की जीत निश्चित है। पूर्व विधायक नीतू सिंह ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव की बयार बह रही है। नवादा के कांग्रेस जनों ने जिस जोश का परिचय दिया है उसे यह स्पष्ट होता है कि दोनों ही सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराएगा ।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह नवादा जिला कांग्रेस प्रभारी शशि कुमार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मतदाता से संपर्क अभियान चलाना है हमें घर-घर जाकर स्नातक और शिक्षक मतदाताओं को कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। कांग्रेस उम्मीदवार डॉक्टर असादुल्लाह खान ने कहा कि हर मुद्दे और उनकी समस्याओं को विधान परिषद के पटल पर पूरी मजबूती से उठाऊंगा आप सभी का समर्थन ही मेरी ताकत है।

रजौली पुलिस ने नौ वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। थाना पुलिस ने विभिन्न गांवों में छापेमारी कर नौ फरार एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि लंबे समय से ये सभी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे, जिसके बाद इनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एक साथ पांच गांवों फरका बुजुर्ग, गागन बुजुर्ग, मुरहेना, एकचटवा और मोहनरियातरी में छापेमारी कर सभी को गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार चल रहे अन्य वारंटियों में हड़कंप मचा है। गिरफ्तार वारंटियों में शंकर यादव, दिलीप मांझी, विनोद चौधरी, संदीप चौधरी और रवि चौधरी उर्फ बीरबल चौधरी, विनोद राजवंशी तथा अर्जुन यादव, अमीरक यादव और स्व. बुधन यादव के पुत्र चमारी यादव शामिल हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों को बुधवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

नवादा में 24 एवं 25 अक्टूबर को एथलेटिक्स प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नवादा जिले में 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णा प्रसाद खेल मैदान मिर्जापुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के प्रतिभावान बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगामी 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में नवादा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर 2026 तक वॉक्सेन विश्वविद्यालय, कामकोले, सदाशिवपेट, हैदराबाद में आयोजित होगी। इसमें अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

नवादा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विक्रम कुमार ने बताया कि निर्धारित खेल कार्यक्रम के अनुसार अंडर-14 आयु वर्ग में रनिंग जंपिंग थ्रोइंग की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित होंगी। इनमें 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, मेडिसिन बॉल थ्रो तथा 600 मीटर दौड़ जैसी स्पर्धाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सभी अंडर-14 खिलाड़ियों के लिए पांच मीटर रनवे के साथ किड्स जैवलिन थ्रो भी निर्धारित किया गया है। वहीं, अंडर-16 आयु वर्ग में 60 मीटर एवं 600 मीटर दौड़, 80 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉटपुट, जैवलिन थ्रो तथा पेंटाथलॉन जैसी स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। बालक एवं बालिका वर्ग के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। प्रत्येक खिलाड़ी को एएफआई यूआईडी प्राप्त करना होगा। इसके लिए स्पष्ट फोटो, जन्मतिथि प्रमाणपत्र, पता प्रमाणपत्र सहित आवश्यक विवरण जमा करना होगा।

एक नजर

मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का समापन

कौआकोल। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में सरल प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीयब'ग्रामीण आजीविका के लिए वैज्ञानिक तरीके से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। समापन उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार, रजत रंजन, अनिल कुमार, मनोज कुमार एवं सलोनी कुमारी उपस्थित रहे। सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और अतिरिक्त आय का बेहतर माध्यम बन सकता है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त वैज्ञानिक जानकारियों का उपयोग कर अपनी आजीविका को मजबूत बनाने की अपील की। सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बटन, ओएस्टर (ढिंगरी) सहित विभिन्न प्रकार के मशरूम के वैज्ञानिक उत्पादन, कम लागत में खेती, उचित तापमान एवं नमी बनाए रखने, कीट-व्याधि प्रबंधन और स्वच्छता के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

माहुरी वैश्य परिवार ने किया डांडिया का आयोजन

नवादा। दुर्गापूजा के अवसर पर माहौल को भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बनाने के उद्देश्य से माहुरी वैश्य परिवार की ओर से मिर्जापुर स्थित माहुरी वैश्य सेवा सदन में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी मां दुर्गा की आराधना के साथ डांडिया उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साहपूर्वक इस आयोजन का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती के साथ हुई। आरती के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद डांडिया का कार्यक्रम शुरू हुआ। पारंपरिक संगीत और भक्तिमय गीतों की धुन पर महिलाओं ने डांडिया खेलकर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे सेवा सदन परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। माहुरी वैश्य महिला मंडल की अध्यक्ष सोनी भदानी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। इस अवसर पर रूपा भदानी, विनीता कुमारी, अशोक कुमार, पंकज कुमार, सोनल कुमार, संदीप कुमार सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम का आनंद लिया और दुर्गापूजा के उत्सवी माहौल को यादगार बनाया। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ समाज के लोगों को एक मंच पर लाना, आपसी सौहार्द बढ़ाना और नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं एवं संस्कृति से जोड़ना है। डांडिया उत्सव ने माहुरी वैश्य परिवार के बीच उत्साह और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केशव शाखा ने मनाया विजयादशमी उत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नवादा की केशव शाखा की ओर से गांधी इंटर विद्यालय के प्रांगण में विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं शस्त्र पूजन से हुई। इसके बाद अमृत वचन और एकल गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सह नालंदा विभाग कार्यवाह प्रदीप कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए समाज का संगठित होना आवश्यक है। संघ शाखा के माध्यम से समाज को संगठित करने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार किया था और भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की विजय स्थापित की थी।

श्री कुमार ने कहा कि विजयादशमी का दिन संघ के स्वयंसेवकों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन 100 वर्ष पूर्व डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि संघ पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता जैसे पांच परिवर्तनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहता है।

उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर संकट आया है, संघ के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रसेवा की भावना से आगे बढ़कर अपना योगदान दिया है।

संघ के नवादा जिला प्रचार प्रमुख कवि दयानंद प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जिले की सभी शाखाओं में विजयादशमी उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। नवादा नगर का सामूहिक एकत्रीकरण एवं पथ संचलन 20 अक्टूबर को भव्य और अनुशासित तरीके से आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र परिसर और फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में आनंद प्रिया देव की पुस्तक "फॉलो योर हार्ट" का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बिहार के युवा बीजेपी नेता, राजनेता, विकास विशेषज्ञ और लेखक आनंद प्रिया देव की पुस्तक "फॉलो योर हार्ट" का विमोचन 11 अक्टूबर 2026 को फ्रैंकफर्ट अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में किया गया। इसके बाद 13 अक्टूबर को जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र परिसर में विशेष विमोचन हुआ, जबकि 16 अक्टूबर को वेनिस स्थित ग्लोबल कैंपस ऑफ ह्यूमन राइट्स में पुस्तक पर परिचर्चा आयोजित की गई।

नवादा जिले के सिकरिया निवासी देव की पुस्तक साहस, व्यक्तिगत निर्णयों और सार्थक उद्देश्य की खोज पर केंद्रित है। यह छोटे शहरों से बड़े सपने देखने वाले युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। देव संयुक्त राष्ट्र परिसर में अपनी पुस्तक लेकर पहुंचने वाले बिहार के पहले राजनेता बने। विकास क्षेत्र में आने से पहले उन्होंने एयरटेल और पेप्सिको में करीब एक दशक तक कार्य किया। उनके पास दो मास्टर डिग्रियां हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय में इंटर्नशिप भी की और मेडिक मोबाइल, ग्रामीण फाउंडेशन तथा कार्य जैसी संस्थाओं के साथ काम किया। अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के अनुभवों तथा 70 से अधिक देशों की यात्राओं ने उनकी वैश्विक समझ को मजबूत किया। 2022 में उन्होंने नवादा के सिकरिया में आनंदा फाउंडेशन की स्थापना की, जो महिलाओं के सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आजीविका पर काम करता है।

जिला पदाधिकारी ने अनुमंडलीय अस्पताल, रजौली का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अनुमंडलीय अस्पताल, रजौली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), निबंधन काउंटर, आपातकालीन वार्ड, प्रसव कक्ष तथा जांच एवं स्क्रीनिंग केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में कुल 257 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। जिला पदाधिकारी ने मरीजों से बातचीत कर उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने मरीजों को समय पर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनके साथ संवेदनशीलतापूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निबंधन काउंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अभिलेखों एवं पंजियों का अवलोकन किया तथा निबंधन प्रक्रिया को सुचारू रखने और मरीजों को अनावश्यक परेशानी से बचाने का निर्देश दिया।

नालंदा

दुर्गापूजा को लेकर हिलसा में फ्लैग मार्च, असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा। आगामी दुर्गापूजा एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, भयमुक्त और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए हिलसा नगर में अनुमंडल प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व एसडीओ अमित कुमार पटेल और एसडीपीओ सुनील कुमार ने किया।फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर सिनेमा मोड़, योगीपुर मोड़, स्टेशन रोड, बिहारी रोड, काली स्थान सहित अन्य प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों से गुजरा। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यवसायियों और पूजा समितियों के सदस्यों से संवाद कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।मार्च में बीडीओ चंदन कुमार, सीओ रूपम शर्मा, राजस्व अधिकारी सुभाष कुमार, अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल और क्यूआरटी के जवान शामिल रहे।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पूजा पंडालों, वाहनों और विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने पर डीजे जब्त करने के साथ आयोजक और संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उपद्रवियों, मनचलों और शराबियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट और अफवाह फैलाने वालों की निगरानी की जा रही है। पूजा समितियों को निर्धारित मार्ग और समय-सीमा के भीतर शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन करने का निर्देश दिया गया है।

डीजे बजाने पर प्रतिबंध

हिलसा सिविल कोर्ट में राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार ने किया जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी दिलीप कुमार ने मंगलवार को हिलसा सिविल कोर्ट स्थित अधिवक्ता संघ परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं, स्नातक मतदाताओं और अन्य लोगों से मुलाकात कर आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले चुनाव को लेकर चर्चा की।जनसंपर्क के दौरान बेरोजगार स्नातक युवाओं ने बीएड पाठ्यक्रम की बढ़ती फीस का मुद्दा उठाया। युवाओं ने मांग की कि बिहार में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बीएड की फीस 50 हजार रुपये निर्धारित की जाए, ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को शिक्षक बनने की पढ़ाई में आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।इस पर राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार ने आश्वासन दिया कि चुनाव जीतने पर बिहार में बीएड पाठ्यक्रम की फीस 50 हजार रुपये से भी कम कराने की दिशा में प्रयास करेंगे।

जदयू प्रदेश महासचिव बनने पर अमृता प्रीतम का स्वागत

हिलसा। जदयू कला, संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव बनने के बाद अमृता प्रीतम पहली बार हिलसा पहुंचीं। पश्चिमी बाईपास चैराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। अमृता प्रीतम हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के गजेंद्र बिगहा गांव की निवासी हैं। इस अवसर पर अमृता प्रीतम ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगी। उनका मुख्य उद्देश्य हिलसा और नालंदा के युवाओं को कला, संस्कृति एवं खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की कमी नहीं है। जरूरत है उनकी प्रतिभा को निखारने और उचित मंच उपलब्ध कराने की। वह प्रयास करेंगी कि स्थानीय युवा जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले युवाओं को भी आगे बढ़ने के अवसर मिलें।उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के प्रयासों से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। इसलिए युवाओं को खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश पटेल, नीतीश कुमार, राजीव रंजन उर्फ टुन्ना, पाकी, आलोक समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

भुई के दो विद्यालयों में आयुर्विद्या स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

बच्चों को सिखाए योग और स्वस्थ जीवन के गुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिला आयुष समिति, नालंदा की ओर से आयुर्विद्या पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के तहत भुई स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, नालंदा ने की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए दिनचर्या, ऋतुचर्या, रोगों के निदान, संतुलित आहार और उचित विहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योग और प्राणायाम करने के तरीके भी बताए गए। विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के महत्व से अवगत कराते हुए इनके प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आयुष चिकित्सा पदाधिकारियों ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और दैनिक जीवन में अच्छी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, आयुष चिकित्सा पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों के बीच औषधीय पौधों का वितरण किया गया तथा पौधारोपण भी किया गया। इसके माध्यम से बच्चों को औषधीय पौधों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

कछियावा गांव में चोरों का आतंक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगरनौसा। प्रखंड की कछियावा पंचायत स्थित कछियावा गांव में बीती रात चोरी की कई घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। चोरों ने कई घरों को निशाना बनाकर नकदी, जेवरात, कपड़े, चावल समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। घटनाओं की जानकारी मिलने पर भाकपा-माले के नेता रामदास अकेला और अनूप महतो गांव पहुंचे और पीडित परिवारों से मुलाकात कर चोरी की जानकारी ली। पीडित विपत्ति बिंद के परिजनों ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य रोजी-रोटी कमाने के लिए दिल्ली गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर चार कमरों के ताले तोड़ दिए और करीब चार लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। वहीं, दिल्ली में रहने वाले फगु बिंद के घर के ताले तोड़कर कपड़े, चावल और जेवरात समेत लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया गया। इसके अलावा गुड्डू मिस्त्री के घर से आठ हजार रुपये नकद चोरी होने की जानकारी मिली है। गणेश बिंद की बहू के घर में भी चोरी हुई, जबकि धर्मेंद्र बिंद और सुखु बिंद के घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया। लगातार हुई इन घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है। भाकपा-माले के नगरनौसा-चंडी प्रखंड प्रभारी रामदास अकेला ने प्रशासन से चोरी की घटनाओं की गंभीरता से जांच कराने, आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने और चोरी गई संपत्ति बरामद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है, तो पीडित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए भाकपा-माले आंदोलन तेज करेगी।

कामो चौहान की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

बिहारशरीफ। नूरसराय प्रखंड के दरुआरा बेलदारी गांव निवासी मृत कामो चौहान के परिजनों से बुधवार को अति पिछड़ा अनुसूचित जाति जनजाति विकास मंच के संयोजक सह जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र चौहान ने मुलाकात की। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों से घटना की जानकारी ली और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। परिजनों के अनुसार, कामो चौहान को श्राद्ध कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए मजदूरी पर ले जाया गया था। नाश्ता करने को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि मजदूरी मांगने पर रघु यादव, विलास यादव, दिलीप धानुक, राजू धानुक और अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की। परिजनों का आरोप है कि उन्हें खौलते तेल की कड़ाही में डालकर जलाने का प्रयास किया गया। गंभीर हालत में उन्हें बिहारशरीफ सदर अस्पताल से पावापुरी और फिर पटना रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। धर्मेंद्र चैहान ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों की गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर मुकेश चैहान, अनिल पासवान, रंजीत पासवान, बबली शर्मा, मकसूदन शर्मा, रामानंद सागर, उमेश चौहान सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जन सुराज प्रत्याशी अनुज कुमार के समर्थन में उतरे अनंत सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा। बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच हिलसा नगर परिषद क्षेत्र में जन सुराज प्रत्याशी अनुज कुमार के समर्थन में मोकामा विधायक अनंत सिंह चुनाव प्रचार करने पहुंचे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। अनंत सिंह के प्रचार अभियान में शामिल होने से क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है।प्रचार के दौरान जन सुराज प्रत्याशी अनुज कुमार भी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए क्षेत्र के विकास, बदलाव और बेहतर भविष्य के लिए जन सुराज के पक्ष में मतदान करने की अपील की।जन सुराज के नेता उमेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता प्रचार अभियान में सक्रिय नजर आए। कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ चुनाव प्रचार किया और लोगों तक पार्टी की नीतियों एवं विचारों को पहुंचाने का प्रयास किया। अनंत सिंह के स्वागत के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।प्रत्याशी अनुज कुमार ने जनता से समर्थन मांगते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वहीं, अनंत सिंह के प्रचार में उतरने से चुनावी गतिविधियों को नई गति मिलने की चर्चा है। अब चुनाव में मतदाताओं का रुझान किस ओर रहता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

धारदार हथियार से अधेड़ की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कतरीसराय। थाना क्षेत्र के तरौनी गांव निवासी पुनेश्वर मांझी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना बादी मोड़ से बहादुरगंज जाने वाले ग्रामीण मार्ग पर मुंशी पैन पुल के निकट दरगाह के पास सरकारी जमीन पर बनी झोपड़ी में हुई। पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी कमुधा देवी और उसके कथित प्रेमी टुनटुन चौधरी उर्फ मुखिया को हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिला के पास से छोटा मोबाइल और टुनटुन के पास से देसी कट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पुनेश्वर मांझी दरगाह के पास झोपड़ी बनाकर रहता था। देर रात उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के दोनों पैर टूटे हुए थे और माथे पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान थे। शरीर पर पत्थर या डंडे से चोट पहुंचाने के निशान भी मिले। आरोप है कि हत्या के बाद शव को करीब दो किलोमीटर दूर तरौनी गांव स्थित घर पहुंचाया गया और वहां गिरे खून को पानी से साफ किया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पूछताछ में मृतक की पत्नी और बहादुरगंज निवासी टुनटुन चौधरी के बीच कथित संबंध की बात सामने आई है। बताया जाता है कि पुनेश्वर इसका विरोध करता था। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। भोर में पत्नी के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पावापुरी स्थित विम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। प्राथमिकी दर्ज कर दोनों संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस हत्या के कारणों और प्रयुक्त हथियार का पता लगाने में जुटी है।

लाखों की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

हरनौत। रहुई थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित नगर पंचायत रहुई के वार्ड संख्या-08 की ब्लॉक कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने एक घर से जेवरात और 30 हजार रुपये नकद समेत करीब डेढ़ से दो लाख रुपये की संपत्ति चुरा ली। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गृहस्वामिनी विभा कुमारी ने बताया कि मंगलवार देर शाम दुकान बंद कर वह परिवार के साथ घर लौटी थीं। खाना खाने के बाद सभी सदस्य अलग-अलग कमरों में सो गए। बुधवार सुबह उठने पर दूसरे कमरे में बक्से के ऊपर रखा छोटा बक्सा गायब मिला। इसके बाद खोजबीन शुरू की गई तो छत पर बक्सा खुला हुआ मिला और सामान बिखरा पड़ा था।विभा कुमारी के अनुसार, चोर कान की बाली, मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया, पायल और 30 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए।

पितृपक्ष मेला में उत्कृष्ट रेल व्यवस्था के लिए रेलवे अधिकारियों को डॉ. प्रेम कुमार ने किया सम्मानित

- गयाजी में 52 लाख श्रद्धालुओं का आगमन
- 12 लाख यात्रियों ने रेल मार्ग से की यात्रा
- रेलवे की सुविधाओं के विस्तार पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 के सफल समापन के उपरांत रेलवे के अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर रेल व्यवस्था के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने पितृपक्ष मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए अधिकारियों को बधाई दी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला गयाजी की अंतरराष्ट्रीय पहचान और धार्मिक महत्ता का प्रतीक है। वर्ष 2026 में इस विश्व प्रसिद्ध मेले के दौरान लगभग 52 लाख श्रद्धालुओं एवं यात्रियों का आगमन गयाजी में हुआ जिनमें करीब 12 लाख यात्रियों ने रेलवे के माध्यम से यात्रा की। इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों के आवागमन के बावजूद बेहतर व्यवस्था बनाए रखने में रेलवे प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि रेलवे के इस उत्कृष्ट कार्य से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिली। इस सराहनीय कार्य के लिए वे रेल मंत्री, भारत सरकार को पत्र लिखकर रेलवे अधिकारियों की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे तथा रेल मंत्री एवं रेल प्रशासन के प्रति बधाई और आभार व्यक्त करेंगे। बैठक के दौरान रेलवे की भावी योजनाओं एवं गयाजी जंक्शन के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की भूमि लोको कॉलोनी का पुनर्विकास लगभग 2,31,000 वर्गफीट भूमि को रेलवे द्वारा स्वयं विकसित करने की योजना है। साथ ही एक सीटी बनाने का भी योजना शामिल है। डॉ. प्रेम कुमार ने इस पहल को गयाजी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए संबंधित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गयाजी एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र है जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। ऐसे में रेलवे की सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। उन्होंने गयाजी में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि रेलवे से संबंधित प्रशासनिक कार्यों एवं स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी रेलवे जंक्शन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे की बैठकों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर हॉल के निर्माण का प्रस्ताव रेल मंत्री को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे रेलवे के प्रशासनिक एवं आधिकारिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी। उन्होंने रेलवे जंक्शन तक पहुंचने वाली सड़क, खरखुरा सड़क एवं रेलवे गुमटी संख्या 1 अंडर पास बनाने पर भी चर्चा की। इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजा जा चुका है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर पांच मीटर किए जाने से रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से गयाजी में आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है। रेलवे सुविधाओं का आधुनिकीकरण, सड़क संपर्क का सुदृढ़ीकरण और यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्राथमिकता है, ताकि गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके। इस अवसर पर रेल प्रबंधक विनोद कुमार सिंह, एईएन अधिकारी, जीआरपी अधिकारी बनारसी यादव, प्रोजेक्ट मैनेजर विनय कुमार, विक्की शर्मा, निशांत कुमार, राजनंदन गांधी, वेद प्रकाश, शिवा मांझी, पवन चंद्रवंशी सहित रेलवे के अन्य अधिकारी एवं संबंधित लोग उपस्थित रहे।

51 लाख श्रद्धालुओं की सेवा करने वाले 90 से अधिक सेवा योद्धा सम्मानित

सोना लौटाने वाले सफाईकर्मियों को 5100-5100 रुपये का पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 में 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की सेवा करने वाले 90 से अधिक सफाईकर्मियों, नगर निगम कर्मियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंडा समाज, पुलिसकर्मियों, चिकित्सकों, रेलकर्मियों, मीडियाकर्मियों और समाजसेवियों को बुधवार को हरिदास सेमिनरी सभागार में सम्मानित किया गया। गया नगर निगम ने प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र और पुष्पवर्षा से उनका उत्साह बढ़ाया। तीर्थयात्रियों का खोया सोना लौटाने वाले सफाईकर्मी जितेंद्र मांझी और राजेश कुमार को 5100-5100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। समारोह की अध्यक्षता महापौर डॉ. वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने की। संचालन सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सह पूर्व उपमहापौर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया। मौके पर उपमहापौर चिंता देवी, नगर आयुक्त डॉ. गगन कुमार, डीडीसी, एसएसपी सुशील कुमार, सिटी एसपी अभिनव कुमार, एडीएम, डीटीओ, शिव कैलाश डालमिया, चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष प्रमोद भदानी, कौशलेंद्र प्रताप, हरि प्रपन्ना, अनूप केडिया, पार्षद और निगमकर्मी मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि सफाईकर्मियों और निगमकर्मियों की मेहनत तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से मेला सफल हुआ। जितेंद्र मांझी और रामजी मांझी जैसे ईमानदार कर्मियों से दूसरों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने दशहरा, दीपावली और छठ में भी इसी सेवाभाव की अपेक्षा जताई। मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि मेले से पहले सड़कों-गलियों की मरम्मत, नालियों की सफाई, क्षतिग्रस्त ढक्कनों को बदलने, पेयजल, जलापूर्ति, स्वच्छता और रोशनी की व्यवस्था की गई। प्रकाश एवं ध्वनि से गयाजी की धार्मिक-ऐतिहासिक महत्ता प्रदर्शित की गई। विष्णुपद मंदिर के सामने भगवान विष्णु के चरण का अष्टधातु निर्मित छायाचित्र स्थल आकर्षण का केंद्र रहा। समारोह के बाद भोज आयोजित किया गया।

नशामुक्ति का संदेश लेकर तीन हजार किलोमीटर की राष्ट्रीय बाइक रैली रवाना

ग्रामीण एसपी प्रियंजलि कुमारी ने किया रवाना, सात राज्यों से होकर गुजरात पहुंचेगी रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। शेरघाटी थाना क्षेत्र के सूरजमानी होटल में बुधवार को गया की ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रियंजलि कुमारी ने बिहार पुलिस की राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के तहत आयोजित इस रैली का उद्देश्य नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। जानकारी के अनुसार यह रैली 9 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित अभियान के तहत लगभग तीन हजार किलोमीटर की यात्रा करेगी। रैली की शुरुआत त्रिपुरा की राजधानी इम्फाल से किया गया जो मणिपुर, मेघालय, असम, पश्चिम बंगाल और झारखंड से होते हुए बिहार शेरघाटी पहुंचा जहां बाइक रैली में 17 लोग शामिल हुए अन्य राज्यों से होते हुए गुजरात पहुंचेगी। गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर नशामुक्ति का संदेश दिया जाएगा। जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी प्रियंजलि कुमारी ने बाइक सवार पुलिस पदाधिकारियों को रवाना करते हुए नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने शराब माफियाओं और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता भी बताई। रैली के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के साथ-साथ नशामुक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना है।

बिहार के उत्पादों को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का मिलेगा अवसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) के माध्यम से 45वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2026 में बिहार के उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए पात्र कारीगरों, उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा उत्पादकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पहल के तहत बिहार की समृद्ध कला-संस्कृति, पारंपरिक शिल्पकला और स्थानीय उद्यमिता से जुड़े विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य बिहार के स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाना, राज्य की सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय उद्यमियों और उत्पादकों को नए बाजारों से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। इससे बिहार के कारीगरों, शिल्पकारों, उत्पादकों एवं एमएसएमई की रचनात्मकता, कौशल और उद्यमशीलता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में मदद मिलेगी।

शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा और रावण वध कार्यक्रम कराने को लेकर बैठक

मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। अनुमंडल कार्यालय के सभागार भवन में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार की देखरेख में रावण वध समिति एवं दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा और रावण वध कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों, श्रद्धालुओं की भीड़ तथा त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष चर्चा हुई। प्रशासन की ओर से त्योहार के मद्देनजर मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया। ताकि धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा-पाठ और अन्य कार्यक्रम संपन्न कराए जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार ने समिति के सदस्यों से आपसी समन्वय बनाकर काम करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा और रावण वध जैसे आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन के साथ-साथ पूजा समितियों और आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी लोग आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। बैठक में शेरघाटी डीएसपी संदीप कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी ऋचा प्रियदर्शिनी, अंचलाधिकारी उषा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार, जयनंदन सिंह, दीनानाथ पांडेय, पशुपतिनाथ पाठक, अजीत सिंह, रामलखन पासवान सहित रावण वध समिति एवं दुर्गा पूजा कमेटी के कई सदस्य उपस्थित थे।

राघोपुर नाव हादसे में 12 बच्चों सहित 13 लोगों की मृत्यु पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वैशाली जिले के राघोपुर क्षेत्र में गंगा नदी में नाव पलटने से 13 लोगों की मृत्यु की हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में बच्चों सहित कई लोगों की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

राज्यभर में 16 अक्टूबर से शुरू होगा बालू खनन, 212 बालूघाटों से होगा उठाव

राजस्व संग्रह में 41.48 प्रतिशत की वृद्धि, अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई और होगी तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्यभर में 16 अक्टूबर से फिर से बालू खनन का कार्य शुरू होने जा रहा है। यह कार्य राज्य के 212 बालूघाटों से शुरू होने जा रहा है। इसमें पीला बालू के 181 और सफेद बालू के 31 घाट शामिल हैं। मानसून की अवधि के दौरान करीब 4 महीने तक खनन कार्य बंद था। बिहार में मानसून अवधि के दौरान करीब चार महीने खनन कार्य बंद रहता है। इसके बाद फिर से यह कार्य शुरू होने जा रहा है। बालू खनन शुरू होने से राज्यभर में निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। इस मामले में खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार का कहना है कि राज्य सरकार खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं पर्यावरण अनुकूल उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। खनिज संपदा का संरक्षण, वैध खनन का प्रोत्साहन, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा सरकारी राजस्व में वृद्धि विभाग की प्राथमिकताएं हैं। सरकार का प्रयास है कि आम लोगों को निर्माण कार्यों के लिए बालू की सहज उपलब्धता होने के साथ ही खनन गतिविधियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। खान एवं भूतत्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व संग्रह के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। सितंबर 2026 तक विभाग को 1 हजार 220 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसी अवधि के दौरान यह राशि 862 करोड़ 64 लाख रुपये थी। इस प्रकार राजस्व संग्रह में 357 करोड़ 89 लाख रुपये की वृद्धि दर्ज की गई जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 41.48 प्रतिशत अधिक है। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राजस्व संग्रह में वृद्धि बेहतर प्रबंधन, प्रभावी निगरानी और नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। विभाग के स्तर से अवैध खनन, परिवहन एवं संबंधित अनियमितताओं के विरुद्ध कार्रवाई तेज की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सितंबर तक अवैध खनन के मामलों में 393 गिरफ्तारियां, 3,614 वाहनों की जब्ती तथा 52.71 करोड़ रुपये के दंड की वसूली की गई है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 की समान अवधि में 333 गिरफ्तारियां हुई थीं, 2,824 वाहन जब्त किए गए थे तथा 39.87 करोड़ रुपये का दंड वसूला गया था। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में गिरफ्तारियों में 60, जब्त वाहनों में 790 तथा दंड वसूली में 12.84 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया जी। पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहरणालय सभा कक्ष, गया में दुर्गा पूजा, 2026 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने, साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान आपसी समन्वय, सहयोग एवं सतर्कता बनाए रखने की अपील की गई। ताकि दुर्गा पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

मोबाइल छीनकर भाग रहे दो झपटमार धराए, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गयाजी)। कोंच थाना क्षेत्र के रौना-सोनडीहा मार्ग पर मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों के पास से तीन मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी अनिल मांझी (35) ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर बताया है कि वह घर से रौना बाजार जा रहे थे। रास्ते में मोबाइल पर बात करते हुए वह सूर्य मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से काली मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उनका पोको कंपनी का मोबाइल झपट लिया और रौना की ओर भाग गए। पीड़ित के शोर मचाने पर रौना मोड़ पर लोगों ने बताया कि बाइक सवार अहियापुर की ओर गए हैं। अनिल ने अपने परिचितों को फोन किया जिसके बाद ग्रामीणों ने अहियापुर में दोनों को घेरकर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली तो तीन मोबाइल बरामद हुए जिसमें एक अनिल का था। पकड़े गए युवकों की पहचान दुलारचंद कुमार, पिता स्व. विष्णुधारी पासवान, ग्राम बुद परैया, थाना परैया और मनीष कुमार, पिता रमेश कुमार, ग्राम कमलबिगहा (पूनिया बिगहा), थाना कोंच के रूप में हुई है। पुलिस ने बाइक व मोबाइल जब्त कर दोनों को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

सरकारी भवनों की छतों पर स्थापित होंगे सोलर प्लांट

वर्ष 2029-30 तक 500 मेगावाट क्षमता का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित करने की योजना के क्रियान्वयन की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी गई है। जल जीवन हरियाली अभियान के फेज-3 के तहत राज्य के सरकारी भवनों पर ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाने हैं। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2029-30 तक कुल 500 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का क्रियान्वयन रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी मोड के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को विद्युत भवन, पटना में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के क्रियान्वयन, सरकारी भवनों की उपलब्धता और सोलर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों से उनके अधीन आने वाले सरकारी भवनों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। कुछ विभागों द्वारा भवनों की सूची उपलब्ध करा दी गई है जबकि शेष विभागों से जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। सभी विभागों से सूची प्राप्त होने के बाद उपलब्ध भवनों की उपयुक्तता एवं सोलर प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं का आकलन करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पावर परचेज एग्रीमेंट के प्रारूप तथा ब्रेडा, संबंधित विभागों और सोलर डेवलपर की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों से जुड़े बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस मॉडल के तहत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ब्रेडा) के निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने कहा कि राज्य के सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के कार्य को मिशन मोड में पूरा करने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने के लिए विभागों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। राज्य के सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों से उनके अधीन आने वाले भवनों की सूची मांगी गई है। कुछ विभागों से भवनों की सूची प्राप्त हो चुकी है जबकि शेष विभागों से जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Anuj Singh
Name of political party: Jan Suraaj Party
Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar 2026
Name of Constituency: Patna Graduate's Constituency

I, Anuj Singh, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	JM(1st Class) Nawada	GR No 2533/2012	Pending	Sec 341 & 354 of Indian Penal Code

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable

सूचना

मैं शिवेन्द्र कुमार मोहन, पिता- स्व. गुणेश्वर सिन्हा, साकिन- मुहल्ला शकुन्तलम नगर, सिविल कोर्ट-नवादा के पीछे, थाना एवं पोस्ट- नवादा, जिला-नवादा, पिन कोड - 805110, निम्नलिखित बातें इस समाचार पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित कर रहा हूं कि मेरा छोटा भाई दिलीप कुमार, पिता स्व. गुणेश्वर सिन्हा का दिमागी हालत ठीक नहीं है एवं उनका इलाज C.I.P Ranchi से चल रहा है। उनकी पत्नी सुजाता कुमारी, पुत्री सतीश कुमार सिन्हा उर्फ सतीश प्रसाद का भी दिमागी हालत ठीक नहीं है एवं उनका इलाज न्यूरो एवं मानसिक रोग सेवा केन्द्र, पटना से चल रहा है। कुछ असामाजिक तत्व उनकी हालत का नाजायज फायदा उठाने के लिए सक्रिय हैं। हो सकता है कि इन दोनों को बहला-फुसलाकर उसके हिस्से का घर षड्यंत्र रचकर रजिस्ट्री करा ले सकते हैं। अतः आपलोगों से निवेदन है कि उक्त भवन के निबंधन में नहीं फंसें।

निवेदक का हस्ताक्षरः
शिवेन्द्र कुमार मोहन

शपथ-पत्र

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं सत्य प्रकाश तिवारी, पिता-सुरेन्द्र नाथ तिवारी, साकिन- सिविल लाइन बक्सर, पो.- बक्सर, थाना-बक्सर नगर, जिला-बक्सर, बिहार, पिनकोड 802101, का स्थायी निवासी हूं मेरे आधार कार्ड (आधार नं.-4618 7471 4398) है।

बाबु कुमार मिश्रा, पिता-उमा शंकर मिश्रा, साकिन-बड़का राजपुर, थाना-सिमरी, जिला-बक्सर, बिहार, पिनकोड-802113 के स्थायी निवासी हैं एवं इनका आधार नं.-4544 6919 5479 है। इनके आधार कार्ड में इनका नाम बाबु कुमार मिश्रा (BABU KUMAR MISHRA) है जबकि इनके एल.आई.सी. का पॉलिसी जिसका पॉलिसी नं.- 517446065 में इनका नाम राकेश मिश्रा (RAKESH MISHRA) है। बाबु कुमार मिश्रा(BABU KUMAR MISHRA) एवं राकेश मिश्रा(RAKESH MISHRA) दोनों नाम इनका ही है। ये अपने गांव मोहल्ले में दोनों नामों से जाने वो पहचाने जाते हैं, जो कि सही वो सच है। इनके आधार कार्ड में इनका जन्मतिथि 11. 01.1988 है जो कि सही जन्मतिथि है जबकि इनके एल.आई.सी. का पॉलिसी जिसका पॉलिसी नं.- 517446065 में इनका जन्मतिथि-18.03. 1989 है जो कि गलत जन्मतिथि दर्ज हो गया है जबकि इनका सही जन्मतिथि-11.01.1988 है। इनका सही नाम बाबु कुमार मिश्रा (BABU KUMAR MISHRA) एवं सही जन्मतिथि 11.01.1988 है जो कि सही वो सच है।

शपथ पत्र 23939 दिनांक 25/9/26

संपादकीय

मस्क की बौखलाहट की वजह

स्टारलिंक के मालिक और अमेरिकी खरबपति एलन मस्क द्वारा उनकी कंपनी को भारत में एंट्री की मंजूरी नहीं मिल पाने के लिए भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी को निशाना बनाया जाने के पीछे असली वजह कुछ और है। दरअसल भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने स्टारलिंक भी भारत में मंजूरी के बाद देश की सुरक्षा के सामने पैदा होने वाले खतरों के बारे में सरकार को आगाह किया है और यह केवल काल्पनिक बात नहीं है। मुंबई आतंकी हमले, मणिपुर और अंडमान निकोबार में इसके प्रमाण मिल चुके हैं। वजह यह है कि स्टारलिंक भारतीय सुरक्षा मानकों का आसानी से उल्लंघन कर सकती है। यह बेहद गंभीर मामला है। एलन मस्क स्टारलिंक को भारत में अनुमति न मिलने के पीछे दो भारतीय प्रतिस्पर्धी कंपनियों जियो और वेबइन इंडिया के मालिकों मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल को जिम्मेदार बता रहे हैं। मस्क का आरोप है कि मोदी सरकार इनके दबाव में है और इसी वजह से वह स्टारलिंक की भारत में एंट्री नहीं होने देना चाहती। जबकि भारत में इंटरनेट के विशाल बाजार को देखते हुए मस्क यहां जल्द से जल्द एंट्री लेना चाहते हैं। एलन मस्क ने हाल में सोशल मीडिया पर आरोप लगाया कि स्टारलिंक को भारत में कुछ बड़े कारोबारी रोक रहे हैं। ऐसा भारत के लोगों पर अपना एकाधिकार बनाए रखने के लिए किया जा रहा है। मस्क का यह बयान एक ऐसी पोस्ट के जवाब में आया, जिसमें कहा गया था कि स्टारलिंक भारत के दूरदराज और कम सेवा वाले इलाकों में तेज इंटरनेट पहुंचाने में मदद कर सकता है। मस्क पहले भी कह चुके हैं कि स्टारलिंक भारत के खासकर ग्रामीण इलाकों में उन लोगों के लिए मददगार हो सकती है, जिन्हें अभी पर्याप्त इंटरनेट सुविधा नहीं मिल रही है। उल्लेखनीय है कि भारत के दूरसंचार बाजार में मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल का बड़ा दबदबा है। इन दोनों से जुड़ी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं भी भारत में उतरने की तैयारी कर रही हैं। स्टारलिंक, जियो और एयरटेल से जुड़ी सेवाओं को शुरुआती मंजूरियां मिल चुकी हैं, लेकिन तीनों अभी स्पेक्ट्रम आवंटन और अंतिम मंजूरियों का इंतजार कर रही हैं। गौरतलब है कि मस्क और अंबानी-मित्तल के बीच भारत में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर पहले मतभेद भी रहे हैं। हालांकि 2025 में स्टारलिंक ने भारत में अपने उपकरण वितरित करने के लिए जियो और एयरटेल के साथ अलग-अलग समझौते किए थे। स्टारलिंक के समर्थन में की गई एक पोस्ट में दावा किया गया कि मई 2026 तक देश के 11,256 सूचीबद्ध गांवों में 4जी सुविधा नहीं थी। जमीन के जरिए इंटरनेट पहुंचाने के लिए भारतनेट के तहत 8.5 लाख रूट किलोमीटर से ज्यादा फाइबर बिछाया जा चुका था और करीब 2.21 लाख ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया गया था। कहा गया कि स्टारलिंक दूरदराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और द्वीपों तक तेज इंटरनेट पहुंचाने का एक अतिरिक्त माध्यम बन सकता है। मस्क के आरोप के बाद संचार मंत्रालय ने कहा कि भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए नियामकीय ढांचा निष्पक्ष और भेदभाव रहित है। हर लाइसेंसधारी के लिए सुरक्षा से जुड़ी शर्तों का पालन करना जरूरी है। फिलहाल तीनों कंपनियों की सुरक्षा जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित कंपनी स्पेक्ट्रम आवंटन के अगले चरण में जा सकती है। इन मंजूरियों के बाद ही स्टारलिंक भारत में कमर्शियल सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू कर सकेगा। इसलिए स्टारलिंक के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप निराधार है। उल्लेखनीय है कि भारत में स्टारलिंक के साथ साथ वनवेब इंडिया और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस को भी वैश्विक मोबाइल व्यक्तिगत संचार उपग्रह सेवा के लिए लाइसेंस मिला है।

शारदीय नवरात्रि: माँ दुर्गा की आराधना से नारी शक्ति का जागरण

नौ दिन की साधना, आत्मबल और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प

श्रीमती सावित्री ठाकुर

भारतीय संस्कृति में शारदीय नवरात्रि शक्ति, श्रद्धा, साधना और आत्मशुद्धि का पावन पर्व है। माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना हमें जीवन में साहस, संयम, धैर्य, करुणा और आत्मविश्वास अपनाने की प्रेरणा देती है। ये नौ दिन केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर की शक्ति को पहचानने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का संकल्प लेने का समय भी हैं।

नवरात्रि का प्रत्येक दिन एक विशेष संदेश लेकर आता है। माँ शैलपुत्री दृढ़ संकल्प, माँ ब्रह्मचारिणी तपस्या और अनुशासन, माँ चंद्रघंटा साहस तथा माँ कूष्मांडा सृजनशीलता की प्रेरणा देती हैं। माँ स्कंदमाता वात्सल्य, माँ कात्यायनी अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, माँ कालरात्रि निर्भयता, माँ महागौरी पवित्रता और माँ सिद्धिदात्री साधना की पूर्णता का संदेश देती हैं।

व्रत, ध्यान, मंत्र-जप और सेवा के माध्यम से हम मन को एकाग्र कर सकते हैं तथा अपने जीवन में सकारात्मकता और अनुशासन ला सकते हैं। सच्ची साधना वही है, जो हमारे विचारों को शुद्ध करे, व्यवहार में संवेदनशीलता लाए और हमें दूसरों के कल्याण के लिए प्रेरित करे।

माँ की आराधना और नारी शक्ति का सम्मान- भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। माँ दुर्गा का स्वरूप हमें याद दिलाता है कि नारी में ममता और करुणा के साथ साहस, नेतृत्व और संघर्ष की अद्भुत क्षमता भी विद्यमान है। आज महिलाएँ शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन, उद्यमिता, कृषि और राजनीति सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य का परिचय दे रही हैं।

नारी शक्ति का वास्तविक सम्मान केवल देवी की पूजा तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बेटी को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके निर्णयों का सम्मान करने और भेदभाव से मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के प्रयास ही माँ की आराधना को वास्तविक अर्थ प्रदान करते हैं।

जब एक महिला शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। इसलिए महिला सशक्तीकरण केवल महिलाओं के विकास का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी सम्मान से राष्ट्र निर्माण तक- महिला एवं बाल विकास की नई दृष्टि- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और अवसरों से परिपूर्ण वातावरण तैयार करना है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता जैसे विषय हमारे सामूहिक प्रयासों की प्राथमिकता हैं।

महिला सशक्तीकरण को राष्ट्र के विकास का अभिन्न अंग बनाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। सरकार की सोच महिलाओं के विकास तक सीमित न रहकर उन्हें विकास का नेतृत्वकर्ता बनाने की है।

इसी दिशा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' ऐतिहासिक पहल है, जिसके माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई अर्थात 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान किया गया। यह पहल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और निर्णय-निर्माण में उनकी भूमिका सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्र सरकार ने महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण के साथ उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करता है। मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा, सहायता और सशक्तीकरण पर केंद्रित है, जबकि मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 मातृ एवं बाल पोषण को मजबूती प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पात्र गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

नवरात्रि पर लें नारी सम्मान और सेवा का संकल्प- शारदीय नवरात्रि हमें सिखाती है कि शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल सामर्थ्य नहीं, बल्कि उसका उपयोग सत्य, न्याय और लोककल्याण के लिए करना है। इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर देंगे, महिलाओं के योगदान का सम्मान करेंगे और जरूरतमंद बच्चों एवं महिलाओं की सहायता के लिए आगे आएँगे।

आइए, इन नौ दिनों की साधना को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनाएँ। हमारी आस्था आत्मबल बने, हमारी भक्ति सेवा का मार्ग प्रशस्त करे और हमारे संकल्प महिला सशक्तीकरण तथा बाल कल्याण को नई दिशा दें।

माँ दुर्गा से प्रार्थना है कि उनकी कृपा से प्रत्येक परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आए, प्रत्येक महिला को आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता की शक्ति मिले और प्रत्येक बेटी अपने सपनों को साकार कर सके। हम सब मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान दें, जहाँ नारी का सम्मान हो, बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो और समान अवसर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचें।

आप सभी को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय माता दी!

(लेखिका महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय राज्य मंत्री हैं)

व्यवस्था परिवर्तन की ओर बढ़ने का समय

दिल्ली में जारी प्रदर्शन को केवल सरकार या किसी व्यक्ति के विरोध के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। सवाल केवल यह नहीं रह जाता कि ज्ञानेश कुमार जाएंगे या नहीं? सवाल यह बन जाता है कि ऐसी व्यवस्था क्यों न बनाई जाए, जिसमें भविष्य में कोई भी सरकार अपनी पसंद के ऐसे व्यक्ति को उसी प्रक्रिया से न ला सके, जिससे संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हों। यानी बात सत्ता परिवर्तन से आगे व्यवस्था परिवर्तन की हो रही है। यह शुरुआत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे मंजिल मान लेना जल्दबाजी होगी।

कुछ महीने पहले युवाओं का एक बड़ा आंदोलन शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों पर हुआ था। आंदोलन का दबाव बढ़ा और तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। यह किसी भी जनआंदोलन की महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। लेकिन अब पीछे मुड़कर एक असुविधाजनक सवाल पूछना जरूरी है क्या मंत्री बदलने से शिक्षा व्यवस्था बदल गई?

नया शिक्षा मंत्री आने के बाद अभी तक वैसा कोई बड़ा परीक्षा घोटाला सामने नहीं आया, जैसा पहले देखने को मिला था। जाहिर है, ऐसे में इसे व्यवस्था में बुनियादी बदलाव का प्रमाण नहीं माना जा सकता। क्योंकि परीक्षा संस्थाओं की जवाबदेही, प्रश्नपत्र की सुरक्षा, नियुक्तियों की पारदर्शिता, शिकायतों के निवारण और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की मूल व्यवस्था में कोई बड़ा परिवर्तन दिखाई नहीं देता। इसलिए व्यक्ति बदलने के बाद वही व्यवस्था फिर किसी दूसरे व्यक्ति को वैसा ही व्यवहार करने की ताकत दे सकती है।

चुनाव आयोग और एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी और विपक्ष के कई दल भी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। विपक्ष के इस संघर्ष का स्वाभाविक राजनीतिक लक्ष्य मौजूदा सत्ता को चुनौती देना और भविष्य में सत्ता परिवर्तन की जमीन तैयार करना है। सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब हम मान लेते हैं कि सत्ता बदलते ही व्यवस्था भी बदल जाएगी। मान लीजिए कल सरकार बदल जाती है। नई सरकार आ जाती है। लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया वही रहती है, चुनाव आयोग की जवाबदेही का ढांचा वही रहता है, पुलिस और जांच एजेंसियों पर राजनीतिक प्रभाव का सवाल जस का तस रहता है और शिक्षा एवं परीक्षा संस्थाओं की स्वायत्तता का संकट बना रहता है तो क्या मूल समस्या खत्म हो जाएगी? नहीं। आज जिस व्यवस्था की शिकायत विपक्ष कर रहा है, कल वही व्यवस्था उसके हाथ में भी आ सकती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक आंदोलन के सामने असली सवाल होना चाहिए सत्ता में आने के बाद आप क्या बदलेंगे? सिर्फ यह कहना पर्याप्त नहीं है कि 'हम आएंगे तो सब ठीक कर देंगे।' जनता को यह जानने का अधिकार है कि संस्थाओं को स्वतंत्र और जवाबदेह बनाने के लिए ठोस कदम क्या होंगे। भारत का आंदोलन इतिहास बहुत समृद्ध है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर जेपी आंदोलन, चिपको आंदोलन, नर्मदा बचाओ आंदोलन, सूचना के अधिकार का संघर्ष और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन तक अनेक आंदोलनों ने देश की राजनीति और समाज को प्रभावित किया।

अध्यात्म

जीवन को सफल बनाने के लिए अहंकार से बचें

पुराने समय की लोक कथा है। किसी राज्य में एक डाकू और एक संत रहते थे। दोनों का जीवन बिल्कुल अलग था। डाकू ने पूरी जिंदगी लूटपाट, हिंसा और पाप में बिताई थी, जबकि संत ने अपना जीवन तप, पूजा और भक्ति में लगाया था। संयोग से एक ही दिन दोनों की मृत्यु हो गई और दोनों का अंतिम संस्कार भी एक ही श्मशान घाट पर हुआ। मृत्यु के बाद दोनों की आत्माएं यमलोक भी साथ ही पहुंचीं। वहां यमराज ने उनके कर्मों का लेखा-जोखा देखा और दोनों से कहा, 'अगर आप अपने कर्मों के बारे में कुछ कहना चाहते हैं, तो कह सकते हैं।' डाकू हाथ जोड़कर विनम्र स्वर में बोला, 'प्रभु, मैं जानता हूं कि मैंने जीवनभर पाप किए हैं। मैंने कई लोगों को दुख पहुंचाया। मुझे अपने कर्मों पर पछतावा है। आप जो भी दंड देंगे, मैं उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा।' इसके बाद संत बोले, 'महाराज, मैंने जीवनभर भगवान की भक्ति की है। तपस्या की है। मैंने कभी कोई गलत काम नहीं किया। इसलिए मुझे स्वर्ग का अधिकारी माना जाना चाहिए।' यमराज ने दोनों की बातें ध्यान से सुनीं। फिर उन्होंने डाकू से कहा, 'अब से तुम्हें इस संत की सेवा करनी होगी, यही तुम्हारा दंड है।' डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली, लेकिन यह सुनते ही संत क्रोधित हो गए। उन्होंने नाराज होकर कहा, 'महाराज! यह पापी और अपवित्र व्यक्ति मेरी सेवा करेगा? इसने जीवनभर अधर्म किया है। इसका स्पर्श भी मुझे अपवित्र कर देगा।' संत की बातें सुनकर यमराज गंभीर हो गए। उन्होंने कहा, 'डाकू ने जीवनभर पाप किए, लेकिन मृत्यु के बाद उसके भीतर विनम्रता और पश्चाताप जाग गया। वह सेवा करने के लिए भी तैयार है। जबकि आपने पूरी जिंदगी तपस्या की, फिर भी आपके भीतर अहंकार भरा हुआ है। आपकी भक्ति अधूरी है, क्योंकि सच्ची भक्ति व्यक्ति को विनम्र बनाती है, अहंकारी नहीं।' इसके बाद यमराज ने कहा, 'अब आप इस डाकू की सेवा करोगे। यही आपकी सजा है।' संत यह सुनकर मौन हो गए। उस दिन उन्हें समझ आया कि केवल अच्छे कर्म ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि अच्छे स्वभाव और विनम्रता का होना भी जरूरी है। यह कहानी हमें जीवन प्रबंधन का बहुत बड़ा संदेश देती है। अक्सर लोग अच्छे काम तो करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उन कामों पर गर्व करने लगते हैं। यही गर्व धीरे-धीरे अहंकार में बदल जाता है और व्यक्ति की सारी अच्छाइयों को खत्म कर देता है। जीवन को सफल और संतुलित बनाने के लिए विनम्रता सबसे जरूरी गुण है।

आधुनिक दुनिया की अदृश्य ताकत और भारत की चुनौती

सरकार की दृष्टि में सेमीकंडक्टर कार्यक्रम इसी बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण अभियान का अगला चरण है–यानी केवल फोन जोड़ने के बजाय उनके भीतर लगने वाली महत्वपूर्ण तकनीक की ओर बढ़ना। इस विषय में विपक्ष और नीति-विश्लेषकों की ओर से कुछ गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। सबसे बड़ा सवाल है–क्या निवेश की बड़ी घोषणाओं को वास्तविक तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रमाण माना जा सकता है? संसदीय शोध संस्था क्कार के विश्लेषण के अनुसार सेमिकॉन इंडिया के लिए आवंटित धन का उपयोग शुरुआती वर्षों में अपेक्षा से कम रहा। 2023-24 में आवंटित राशि का लगभग 23 प्रतिशत और 2024-25 में केवल 9 प्रतिशत उपयोग हुआ था। यह आंकड़ा सरकार की नीति को असफल साबित नहीं करता, क्योंकि सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने में कई वर्ष लग सकते हैं और प्रोत्साहन भी परियोजनाओं के लक्ष्य पूरे होने पर जारी होते हैं। लेकिन यह प्रश्न जरूर पैदा करता है कि घोषित निवेश और जमीन पर दिखाई देने वाली उत्पादन क्षमता के बीच कितना अंतर है।

खबर सुर्खियों में है कि असम के जागीरोड (मोरीगांव) में बन रहा टाटा समूह का सेमीकंडक्टर प्लांट जो देश का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर प्लांट है, इस पर लगभग 27,000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। पूरी तरह चालू होने पर इस प्लांट में प्रतिदिन करीब 4.8 करोड़ (48 मिलियन) सेमीकंडक्टर चिप्स तैयार और पैक किए जाएंगे। यह अल्ट्रा-मॉडर्न प्लांट लगभग 592 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है। बताया जाता है, यहां वायर बॉन्ड, फ्लिपचिप और इंटीग्रेटेड सिस्टम पैकेजिंग (ISIP) जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। उम्मीद की जा रही है इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में लगभग 27,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। प्लांट का ट्रायल रन शुरू हो चुका है और वाणिज्यिक उत्पादन जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

मोबाइल फोन हमारी हथेली में है, कार सड़क पर दौड़ रही है, अस्पताल में जांच हो रही है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ ही क्षणों में जटिल गणनाएं कर रही है। इन सबके पीछे एक ऐसी तकनीक काम कर रही है, जो दिखाई नहीं देती, लेकिन जिसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना कठिन है, वह है सेमीकंडक्टर। इसे सामान्य भाषा में 'चिप' कहा जाता है। यह छोटा-सा उपकरण आज केवल इलेक्ट्रॉनिक सामान का हिस्सा नहीं, बल्कि किसी देश की औद्योगिक क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय बन चुका है।

सेमीकंडक्टर आखिर है क्या? दरअसल, सेमीकंडक्टर ऐसी सामग्री है जिसकी विद्युत प्रवाह को नियंत्रित करने की क्षमता चालक और कुचालक के बीच होती है। सिलिकॉन इसका सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला पदार्थ है। इसी विशेषता का उपयोग करके ट्रांजिस्टर बनाए जाते हैं। करोड़ों-अरबों ट्रांजिस्टरों को एक छोटे से टुकड़े पर व्यवस्थित करके इंटीग्रेटेड सर्किट और माइक्रोचिप तैयार की जाती है। यही चिप मोबाइल में गणना करती है, कैमरे की तस्वीर को संसाधित करती है, कंप्यूटर में डेटा का विश्लेषण करती है, कार में सेंसरों से मिली सूचना को समझती है और AI के लिए आवश्यक भारी गणनाएं करती है। इसलिए चिप को आधुनिक मशीनों का 'दिमाग' कहना गलत नहीं होगा। आज सेमीकंडक्टर का उपयोग मोबाइल, कंप्यूटर और टेलीविजन तक सीमित नहीं है। इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन, उपग्रह, बैंकिंग व्यवस्था, चिकित्सा उपकरण, स्मार्ट मीटर, 5G नेटवर्क, रक्षा प्रणाली और डेटा सेंटर–लगभग हर आधुनिक क्षेत्र में चिप की जरूरत है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते इस्तेमाल ने इसकी मांग को और बढ़ा दिया है। AI के लिए जिस गति से डेटा का प्रसंस्करण करना पड़ता है, उसके लिए अत्यधिक शक्तिशाली प्रोसेसर और मेमोरी चिप चाहिए। आने वाले समय में जिस देश के पास चिप डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति की मजबूत क्षमता होगी, उसकी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति भी मजबूत होगी। एक चिप बनाने के लिए केवल सिलिकॉन पर्याप्त नहीं है। अत्यंत शुद्ध सामग्री, विशेष रसायन, गैसें, अत्याधुनिक मशीनें और धूल-कणों से लगभग मुक्त वातावरण चाहिए। चिप डिजाइन से लेकर वेफर निर्माण,

लिथोग्राफी, परीक्षण और पैकेजिंग तक की प्रक्रिया अत्यंत जटिल है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में कुछ ही देश इस क्षेत्र में अग्रणी हैं। आज चीन, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका वैश्विक सेमीकंडक्टर उत्पादन क्षमता के प्रमुख केंद्र हैं। ताइवान अत्याधुनिक फाउंड्री निर्माण में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जबकि अमेरिका चिप डिजाइन, सॉफ्टवेयर और बौद्धिक संपदा में बहुत मजबूत है। दक्षिण कोरिया मेमोरी चिपों में अग्रणी है और जापान महत्वपूर्ण सामग्री तथा उपकरण उपलब्ध कराता है। इस पूरी व्यवस्था से एक बात स्पष्ट होती है–सेमीकंडक्टर उद्योग आत्मनिर्भरता से अधिक 'रणनीतिक निर्भरता' का खेल है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा एकल-देश सेमीकंडक्टर बाजार है। इसका कारण वहां का विशाल इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, ऑटोमोबाइल और औद्योगिक विनिर्माण क्षेत्र है। अमेरिका की स्थिति अलग है। उसकी कंपनियां चिप डिजाइन, एआई प्रोसेसर, कंप्यूटिंग आर्किटेक्चर और सॉफ्टवेयर में अत्यंत प्रभावशाली हैं। भारत ने इस क्षेत्र में देर से कदम उठाया, लेकिन अब गति बढ़ी है। भारत लंबे समय तक चिप डिजाइन और इंजीनियरिंग प्रतिभा के मामले में मजबूत रहा, लेकिन बड़े पैमाने पर चिप निर्माण में पीछे था। सरकार ने 2022 में सेमिकॉन इंडिया प्रोग्राम शुरू किया। इसे भारत की औद्योगिक नीति में महत्वपूर्ण बदलाव कहा जा सकता है। सरकार का तर्क है कि सेमीकंडक्टर अब सामान्य उद्योग नहीं बल्कि रणनीतिक उद्योग है। वैश्विक तनाव, महामारी और आपूर्ति श्रृंखला में आए व्यवधानों ने दिखाया है कि किसी महत्वपूर्ण तकनीक के लिए दूसरे देशों पर अत्यधिक निर्भरता आर्थिक जोखिम पैदा कर सकती है। सरकार यह भी रेखांकित करती है कि पिछले दशक में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और मोबाइल फोन निर्माण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार की दृष्टि में सेमीकंडक्टर कार्यक्रम इसी बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण अभियान का अगला चरण है–यानी केवल फोन जोड़ने के बजाय उनके भीतर लगने वाली महत्वपूर्ण तकनीक की ओर बढ़ना। इस विषय में विपक्ष और नीति-विश्लेषकों की ओर से कुछ गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। सबसे बड़ा सवाल है–क्या निवेश की बड़ी घोषणाओं को वास्तविक तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रमाण माना जा सकता है? संसदीय शोध संस्था PRS के विश्लेषण के अनुसार सेमिकॉन इंडिया के लिए आवंटित धन का उपयोग शुरुआती वर्षों में अपेक्षा से कम रहा। 2023-24 में आवंटित राशि का लगभग 23 प्रतिशत और 2024-25 में केवल 9 प्रतिशत उपयोग हुआ था। यह आंकड़ा सरकार की नीति को असफल साबित नहीं करता, क्योंकि सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने में कई वर्ष लग सकते हैं और प्रोत्साहन भी परियोजनाओं के लक्ष्य पूरे होने पर जारी होते हैं। लेकिन यह प्रश्न जरूर पैदा करता है कि घोषित निवेश और जमीन पर दिखाई देने वाली उत्पादन क्षमता के बीच कितना अंतर है।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
आज नई योजनाओं की जांच और सही सोच रखना होगा। अलग-अलग तरीकों से पैसा कमाने का मन कर सकता है। नए विचार अच्छे हैं, पर किसी अनजान जगह पैसा लगाने से पहले हर बात की जांच कर लें।

वृषभ
आज पुराने बकाये की संभाल और नियमित मेहनत काम आएगी। पैसों के मामलों में आज थोड़ी सावधानी की जरूरत है। भावनाओं में आकर खर्च न करें।

मिथुन
धनु आज नेटवर्क से सलाह और सुरक्षित नियोजन बनाना होगा। पैसों के नए मौके दफ्तरी संपर्कों या पुरानी योजनाओं से मिल सकते हैं। आने वाले फायदे को जरूरत से ज्यादा बड़ा मानकर न चलें।

कर्क
आज आमदनी में सुधार और जिम्मेदारी से काम करना होगा। सही योजना बनाकर चलने से पैसों की स्थिति बेहतर हो सकती है। आप लंबी अवधि की बचत करने और फालतू बकायों को कम करने के बारे में सोचेंगे।

सिंह
आज पुराने लेन-देन की समीक्षा और स्पष्ट बातचीत रखना होगा। पैसों के मामलों को ध्यान से देखना होगा। किसी पुराने फैसले या खरीदारी पर दोबारा सोचने की जरूरत पड़ सकती है।

कन्या
आज गुप्त रणनीति और नियमों से बचत होगी। अपनी आर्थिक योजनाओं को आज गुप्त रखना ही फायदेमंद रहेगा। ग्रहों की स्थिति आपको बहुत संभलकर चलने की सलाह दे रही है।

तुला
आज दिखावे से बचाव और साथियों की सलाह काम करे। पैसों के मामले में अचानक लाभ के बजाय स्थिरता पर ध्यान दें। निजी जरूरतों या परिवार पर कुछ खर्च हो सकता है।

वृश्चिक
आज खर्चों की छंटनी और योजनाबद्ध विकास करना होगा। पैसों के सही प्रबंधन और फैसलों पर ध्यान रहेगा। आप बचत और खर्चों का हिसाब काफी गंभीरता से बनाएंगे।

धनु
आज पैसों में स्पष्टता और संतुलित व्यवहार रखना होगा। पैसों के मामलों पर आज ध्यान देने की जरूरत है। घर-परिवार के खर्चों और आपसी जिम्मेदारियों को लेकर बात हो सकती है। बिना कुछ सोचे सीधे अपनी बात रखें।

मकर
अपने जज्बात पर काबू और लंबी योजनाएं बनाए। पैसों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ सकती है। गुरु बृहस्पति सही योजना बनाने में मदद करेंगे और जरूरत के समय साथ दिलाएंगे। भावुक होकर जल्दबाजी में पैसा खर्च करा सकते हैं।

कुंभ
आज हिसाब-किताब में सतर्कता और संयमित जवाब रखे। पैसों के मामले में आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा, पर बेवजह की चीजें खरीदने से बचें।

मीन
आज पुराने निवेश की जांच और निरंतर प्रयास। पैसों की योजना बनाने के लिए आज का दिन सही रहेगा। आप अपनी बचत बढ़ाने और निवेश को नया रूप देने की सोच सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

60 लीटर देसी शराब जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दनियावां थाना क्षेत्र के नीमी कठौहा पुल के पास गश्त के दौरान पुलिस ने एक टेम्पू से करीब 60 लीटर देसी शराब पकड़ी है। इस मामले में बिलकु कुमार नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के जफराबाद गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि सुबह गश्त के समय पुलिस को एक टेम्पू संदिग्ध दिखा। तलाशी लेने पर टेम्पू से 60 लीटर देसी शराब मिली। पुलिस ने बिलकु कुमार को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और टेम्पू को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह मामला शराब तस्करी से जुड़ा है। बिलकु कुमार पर कानूनी कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि यह शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां बेचा जाना था।

32 बोतल विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब माफिया बाज नहीं आ रहे हैं और लगातार शराब की डिलीवरी कर रहे हैं। वहीं पुलिस भी लगातार छापेमारी कर शराब बरामद कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नदौल ओपी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 32 बोतल विदेशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। नदौल ओपी प्रभारी रोशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से आने वाली ट्रेन से उतरकर एक व्यक्ति बैग में भरकर शराब ले जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम गठित कर पटना-गया रोड पर छापेमारी की गई। इस दौरान एक बैग में 32 बोतल विदेशी शराब बरामद करते हुए तस्कर को दबोच लिया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मधेश कुमार पिता स्वर्गीय सुग्रीव यादव, लक्ष्मण बिगहा, काको, जहानाबाद के रूप में हुई है। वह शराब लेकर पटना की ओर जा रहा था।पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मसौढ़ी में युवक पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सरवां गांव में जानलेवा मारपीट का मामला सामने आया है। एक युवक पर पीछे से हमला कर सिर फाड़ दिया गया।थानाध्यक्ष मसौढ़ी को दिए आवेदन में पीड़ित शिशुपाल कुमार उम्र 33 वर्ष, पिता-श्रद्धा ठाकुर, ग्राम-सरवां, थाना-मसौढ़ी, ने बताया है कि करीब 11 बजे वह अपने घर आ रहा था। रास्ते में कुछ लोगों से बात कर रहा था, तभी अचानक गांव के ही पिंस कुमार उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-बब्लू दास, ग्राम-सरवां, थाना-मसौढ़ी ने पीछे से मुड़कर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया जिससे पीड़ित का सिर बीचो-बीच फट गया और खून बहने लगा। पीड़ित बेहोश होकर वहीं गिर गया, इसके बावजूद आरोपी डंडे से शरीर पर वार करता रहा।पीड़ित का आरोप है कि घटनास्थल पर मौजूद समाज के लोग उसी जाति के होने के कारण आरोपी को पकड़कर कहीं ले जाकर छुपा दिया। बाद में शोर-हल्ला सुनकर परिवार के लोग पहुंचे और उसे उठाकर थाने ले आए।पुलिस ने पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जॉब मेला में 43 युवाओं को मिला रोजगार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्तर पर जॉब मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को धनरुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जॉब मेले का आयोजन किया गया। इस जॉब मेले में एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर और सुरक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती की गई। कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट अखिलेश कुमार पांडे ने बताया कि मेले में कुल 55 युवाओं ने आवेदन दिया था, जिसमें से 43 युवाओं को योग्यता के आधार पर ऑन स्पॉट ऑफर लेटर दिया गया। उन्होंने बताया कि चयनित सभी युवाओं को आरा स्थित दहियारा ट्रेनिंग सेंटर में एक महीने तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें सुरक्षा जवान के लिए 10वीं पास, सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12वीं पास और सुरक्षा अधिकारी पद के लिए स्नातक योग्यता निर्धारित की गई थी। मौके पर प्रखंड के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के जॉब मेले से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

एटीएम से यूपीएस चोरी, अज्ञात चोरों पर केस दर्ज

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुनपुन प्रखंड के ग्राम-पकरी स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से यूपीएस बैटरी चोरी का मामला सामने आया है। एटीएम संचालन कंपनी इंटरनेशनल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, गोला रोड, पटना के कर्मचारी मनोज कुमार गुप्ता उम्र 50 वर्ष, पिता-श्री नंदलाल गुप्ता ने थानाध्यक्ष मसौढ़ी को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी कंपनी द्वारा संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, स्थानः ग्राम-पकरी, प्रखंड मार्ग, पुनपुन,में चोरी की घटना हुई है। आवेदक के अनुसार अज्ञात व्यक्ति अथवा व्यक्तियों ने एटीएम परिसर में प्रवेश कर यूपीएस की बैटरी चोरी कर ली। चोरी की घटना से पहले एटीएम में लगे विभिन्न उपकरणों के तार काट दिए गए तथा इसके बाद मुख्य विद्युत स्विच को बंद कर दिया गया। घटना की जानकारी लगभग 11:30 बजे प्राप्त हुई। जानकारी मिलने के बाद स्थल पर जाकर जांच करने पर यूपीएस की बैटरी चोरी होने की पुष्टि हुई।घटना के संबंध में अज्ञात व्यक्ति अथवा व्यक्तियों की पहचान कर चोरी की गई बैटरी बरामद करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग एवं एटीएम से संबंधित अन्य विवरण आवश्यकता पड़ने पर जांच हेतु उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इस संबंध में पुनपुन थाना कांड सं. 349/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मसौढ़ी में आज 6 घंटे बिजली रहेगी बाधित

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी शहर के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सूचना जारी की गई है बताया गया है की दिनांक 15/10/26 को सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक शहर के दो प्रमुख फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।सहायक विद्युत अभियंता, मसौढ़ी द्वारा जारी सूचना के अनुसार 11 केवी टाउन पश्चिम फीडर और 11 केवी टाउन ईस्ट फीडर के 11 केवी तार को शिफ्ट कराने के कारण शटडाउन लिया गया है। टाउन पश्चिम फीडर के अंतर्गत - कपूरी चौक, ब्यापार मंडल, पुरानी बाजार, सतियास्थान, मुख्य सड़क मसौढ़ी से दक्षिण की ओर सिनेमाघर तक। बिजली विभाग ने इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे उक्त अवधि को देखते हुए अपने घरों में पानी का भंडारण और अन्य जरूरी कार्य पहले से निपटा लें।समय पर कार्य पूर्ण होने के बाद आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

पिकअप वैन पर सब्जी में छुपा कर ले जाया जा रहा 1800 लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरुआ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सब्जी की आड़ में ले जाए जा रहे 1800 लीटर कच्चा स्प्रिट को बरामद किया है। यह कार्रवाई धनरुआ थाना क्षेत्र के बिरेंची मोड़ के पास की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से एक पिकअप वैन पर कच्चा स्प्रिट लादकर पटना की ओर ले

जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने टीम गठित कर बिरेंची मोड़ के पास घेराबंदी की। जांच के दौरान पिकअप वैन में सब्जी के नीचे छुपा कर रखा गया 60 गैलन कच्चा स्प्रिट बरामद किया गया। प्रत्येक गैलन में 30 लीटर स्प्रिट था, कुल 1800 लीटर बताया जा रहा है। पुलिस को देखते ही पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पिकअप वैन पर सब्जी लदी हुई थी, ताकि पुलिस को चकमा दिया जा सके। पुलिस ने पिकअप वैन और स्प्रिट को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि अवैध शराब बनाने में इस कच्चे स्प्रिट का इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस गाड़ी के नंबर के आधार पर चालक और तस्करों की पहचान करने में जुटी है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बस व बाइक की टक्कर में युवक की मौत

ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया शव, आक्रोशित लोगों ने शव रखकर की आगजनी, सड़क जाम

पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पालीगंज नगर बाजार के अख्तियारपुर पुल के पास बुधवार को बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को अरवल-पटना मुख्य सड़क पर रखकर आगजनी की और सड़क जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद से पटना की ओर जा रही बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस की अख्तियारपुर पुल के पास पालीगंज की ओर से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक बाइक समेत बस के इंजन के नीचे बॉडी में बुरी तरह फंस गया। बताया जाता है कि बस की रफ्तार तेज होने के कारण युवक बाइक समेत काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन रोककर मौके से फरार हो गया।

ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया युवक

घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की। बस के इंजन के नीचे फंसे बाइक एवं युवक को निकालने के लिए ट्रैक्टर की मदद ली गई। इसके बाद बाइक समेत युवक को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीण इलाज के लिए पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के कुरकुरी गांव निवासी रविन्द्र यादव के 24 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हिमांशु पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया।

मौत की खबर मिलते ही भड़का आक्रोश, सड़क जाम

हादसे की सूचना मिलते ही पालीगंज पुलिस अस्पताल पहुंची। वहीं, हिमांशु की मौत की खबर मिलते ही कुरकुरी गांव में अफरातफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शव को टेंपो पर लादकर घटनास्थल पर ले गए और अरवल-पटना मुख्य सड़क पर रखकर आगजनी करते हुए सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम होने से आवागमन बाधित हो गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने में जुटे रहे, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सड़क दुर्घटना में मिलने वाली राशि तथा परिवारिक लाभ के तहत मिलने वाली राशि देकर और सड़क से जम हटवाया।

मोकामा की बेटी कीर्ति ने श्रीनगर में लहराया परचम, नेशनल गतका चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोकामा की बेटी कीर्ति ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित 10वीं सीनियर नेशनल गतका चैंपियनशिप 2026 में कीर्ति ने सिंगल सोटी इवेंट में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी इस उपलब्धि से मोकामा में खुशी का माहौल है।29 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक श्रीनगर के गोगजी बाग स्थित शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कीर्ति ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया और सिल्वर मेडल अपने नाम किया।कीर्ति की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतकर उन्होंने मोकामा को गौरवान्वित किया है। उनकी उपलब्धि से स्थानीय खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह है।कीर्ति की इस कामयाबी को क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। उन्होंने साबित किया है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

शिक्षकों पर दर्ज प्राथमिकी के विरोध एवं बिहार विशेष विवि अधिनियम को वापस लेने की मांग को लेकर मानव श्रृंखला का आयोजन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के द्वारा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों/ कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किए जाने के विरोध तथा बिहार विशेष विश्वविद्यालय अधिनियम, 2026 को वापस लेने की मांग को लेकर मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षकों/ शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के विरुद्ध की गई कानूनी कार्रवाई पर विरोध व्यक्त करते हुए संबंधित प्राथमिकी को वापस लेने की मांग की। साथ ही, बिहार विशेष विश्वविद्यालय अधिनियम, 2026 के प्रावधानों पर पुनर्विचार करते हुए इसे वापस लेने की मांग उठाई गई। शिक्षकों का मानना है कि उच्च शिक्षा से जुड़े नीतिगत निर्णयों में शिक्षक समुदाय की भागीदारी, शैक्षणिक संस्थानों की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मानव श्रृंखला के माध्यम से शिक्षकों ने एकजुटता, शांतिपूर्ण प्रतिरोध और शिक्षा व्यवस्था के हित में सामूहिक आवाज उठाने का संदेश दिया।इस अवसर पर अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो सुशील सिंह, महासचिव डॉ ज्योतिष कुमार, प्रो कुमारी वीणा, डॉ मणिभूषण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार सहित सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

हमले में युवक गंभीर रूप से घायल

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भगवानगंज थाना क्षेत्र के रौनियां ओपी अंतर्गत सुबचक गांव में पुराने जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पीड़ित अशोक यादव पिता हरिनंदन यादव ने रौनियाँ ओपी प्रभारी को दिए आवेदन में बताया है कि सुबह करीब 7 बजे वह शौच के लिए खेत की ओर जा रहा था, तभी गांव के ही पूर्व के खेत विवाद को लेकर पहले से घात लगाए (1) डिप्टी कुमार उम्र 35 वर्ष, बिट्टू कुमार उम्र 19 वर्ष पिता दिनेश यादव (2) उमेश यादव, राजा यादव उम्र 40 वर्ष (3) हरीश यादव उम्र 45 वर्ष पिता परमानंद यादव सहित अन्य लोग लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर आ गए। आरोप है कि डिटी कुमार ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। उसके बाद उमेश यादव और हरीश यादव ने लाठी-डंडे से पीटकर दाहिना पैर फाड़ दिया।

पारस हेल्थ ने ब्रेस्ट कैंसर सरवाइवर्स को किया सम्मानित

डॉक्टर बोले, समय पर इलाज शुरू हो तो ठीक हो सकता है ब्रेस्ट कैंसर

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पारस हेल्थ, पटना ने बुधवार को ब्रेस्ट कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों के जज्बे को सलाम करते हुए एक विशेष कार्यक्रम 'उम्मीद के सितारे' का आयोजन किया जिसमें पद्मश्री सुधा वर्गीस, एमएलसी अनामिका सिंह पटेल, महापौर, पटना नगर निगम सीता साहु, जोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह एवं निदेशक, जनरल सर्जरी डॉ. अहमद अब्दुल हई शामिल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर मरीजों और उनके परिजनों को यह संदेश देना था कि ब्रेस्ट कैंसर एक लाइलाज बीमारी नहीं है। समय रहते पता चलने और उचित इलाज से कैंसर को पूरी तरह से मात दी जा सकती है। उपस्थित ब्रेस्ट कैंसर सरवाइवर्स ही इस बात की जीती जागती मिसाल हैं। पारस एचएमआरआई के एचओडी एवं 'निदेशक मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. अभिषेक आनंद' ने बताया कि पारस एचएमआरआई लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है ताकि लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। मौके पर एमएलसी अनामिका सिंह पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि कैंसर का इलाज संभव है बशर्ते कि सही समय पर इसका सही जगह और समुचित इलाज हो। जोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि पारस एचएमआरआई परिवार के लिए यह गर्व का समय है कि हमने इन मरीजों को स्वस्थ जीवन देने में अपना योगदान दिया है। इस मौके पर रेडिएशन ओंकोलॉजी के निदेशक डॉ. शेखर केसरी, डॉ.अविनाश उपाध्याय, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. नाज़िया निगार, डॉ. विनीता पाण्डेय, डॉ. दीपिका, जस्टिस समरेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. डॉ. अनाशिका गुप्ता, राधेश्याम बंसल एवं स्वेता राठौर ने भी अपनी बातें रखी।

विजयादशमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम एवं पथ संचलन

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बाढ़ के तत्वावधान में विजयादशमी उत्सव के अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों द्वारा उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें समाज में सद्भाव, एकता, सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के पावन अवसर पर वर्ष 1925 में हुई थी। इस वर्ष संघ अपने शताब्दी वर्ष की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश पहुँचाने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर विजयादशमी उत्सव में मुख्य अतिथि अरविंद सिंह उपाख्य उर्फ मास्टर साहब को नटराज पैलेश के मालिक अमन जी के द्वारा अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं जिला संघ चालक श्री डॉक्टर अंजेश जी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन हुआ इसके बाद दक्षिण बिहार प्रान्त के प्रांत प्रचारक उमेश रंजन जी का प्रबोधन प्राप्त हुआ । उसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासित पथ संचलन से समाज में संगठन, संस्कार, सद्भाव और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना जागृत किया संघ का उद्देश्य समाज को संगठित कर एक सशक्त, समरस एवं राष्ट्रनिष्ठ भारत के निर्माण में योगदान देना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बाढ़ की ओर से समस्त नगरवासियों एवं हिंदू समाज के बंधुओं से आग्रह है कि वे इस पावन अवसर पर उत्साहपूर्वक सहभागिता रही तथा सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रसेवा के लिए संकल्प लिया ।इस मौके पर संघ जिला बाढ़ के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, चार पर केस दर्ज

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 के कनीय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने भगवानगंज थाना क्षेत्र के अनौली गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता एसटीएफ राजा अहमद अंसारी, कनीय सारणी पुरुष प्रभु कुमार और मानवबल विनोद कुमार शामिल थे। छापेमारी के दौरान कुल चार मामलों में बिजली चोरी पकड़ी गई। भगवानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अनौली में उपभोक्ता लालकेश्वर यादव पिता रामरूप सिंह अपने आवासीय परिसर में मीटर को बाईपास कर दूसरे तार से बिजली जला रहे थे। मौके पर 216 वाट का लोड मिला। मीटर और तार को जब्त किया गया।

गंगा देवी महिला महाविद्यालय में आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र संपन्न

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना, में आत्महत्या रोकथाम विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन प्राचार्य प्रोफेसर श्यामा रॉय की अध्यक्षता में चार गतिविधि-आधारित सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में आत्महत्या की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संवेदनशील संवाद तथा संकटग्रस्त व्यक्तियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. नरेन्द्र सिंह ठगुना, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल कॉलेज, काठमांडू विश्वविद्यालय, नेपाल ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्महत्या संबंधी विचारों, भावनात्मक संकट और सहयोग की आवश्यकता को समझने के तरीकों से अवगत कराया। डॉ. ठगुना ने काउंसलर के व्यवहार, हाव-भाव और संवाद के माध्यम से संकटग्रस्त व्यक्ति की पहचान करने तथा उसे उचित सहयोग प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की। विशेषज्ञ ने मानसिक स्वास्थ्य सहायता में गोपनीयता, मित्रवत व्यवहार, विश्वास और सहानुभूतिपूर्ण संवाद के महत्त्व पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन समापन सत्र में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रोफेसर कीर्ति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रोफेसर श्यामा रॉय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की पीजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मधु पांडेय विशिष्ट, सहायक प्राध्यापक, प्राचीन इतिहास विभाग, डॉ. तृप्ति राय ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का आयोजन मनोविज्ञान विभाग की डॉ. रेणु कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इसमें मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रीता कुमारी, डॉ. आरती कुमारी, डॉ. शाम्भवी सहित अन्य शिक्षकों और प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता रही।

विकास में अड़ंगा : वार्ड-22 में एक-दो लोगों की जिद से एक हफ्ते से अधूरा पड़ा नाला

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी नगर परिषद के वार्ड-22, स्टेशन रोड हनुमान मंदिर के सामने रहमतगंज को पश्चिमी क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़क पर चल रहा नाला निर्माण कार्य मोहल्ले के ही एक-दो लोगों द्वारा रुकवा दिए जाने से पूरे मोहल्ले के लिए परेशानी बन गया है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद की योजना से यह कार्य 7 अक्टूबर से शुरू हुआ था। योजना के तहत ढाई फीट गहरा और डेढ़ फीट चौड़ा नाला बनाया जाना है। लेकिन मोहल्ले के ही एक-दो लोगों की मांग है कि नाले को और ज्यादा गहरा किया जाए। वहीं ठेकेदार का कहना है कि तय लेवल से ज्यादा गहराई करने पर पानी का प्राकृतिक बहाव (स्लोप) खत्म हो जाएगा और जलनिकासी ही नहीं होगी। इसी खींचतान में काम रुक गया। इसी बीच 10 अक्टूबर को मोहल्ले के एक व्यक्ति ने सहयोग पोर्टल पर शिकायत भी कर दी, जिसके बाद से खुदा हुआ गड्ढा जस का तस खुला पड़ा है। स्थानीय निवासी गुड्डू सिंह, राजकपूर, सम्मी विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र, सुरेन्द्र, निभा देवी, बेबी देवी, मंजू देवी आदि ने बताया कि एक-दो लोगों की जिद के कारण पूरा मोहल्ला भुगत रहा है। यह सड़क गांधी मैदान, सब्जी मंडी और स्टेशन को जोड़ने वाली लाइफलाइन है। हफ्ते भर से खुला पड़ा 4 फीट का गड्ढा हादसे को दावत दे रहा है। अंधेरे में अब तक एक दर्जन लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। मोहल्लेवासियों ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है कि तकनीकी सहायक अभियंता से स्थल जांच कराकर तय मानक के अनुसार ही निर्माण को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि निजी जिद के कारण सार्वजनिक हित बाधित न हो। इसके अलावा ठेकेदार का यह भी कहना है कि हेलो 18.09.26 को वर्क आर्डर मिला है मजदूरों को भी अरेंज किया जा रहा है इसी बीच काम में अड़ंगा भी लोगों ने लगा दिया है इसी कारण काम अवरोध हो गया है।

मोकामा में 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, बाइक और नकदी बरामद

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोकामा थाना पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को मोलदियार टोला स्थित वार्ड संख्या 13 से दो युवकों को 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक मोटरसाइकिल और 11 हजार 570 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।गिरफ्तार युवकों की पहचान वीरू कुमार और गोलू कुमार के रूप में हुई है। दोनों सम्यागढ़ थाना क्षेत्र के मालपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।इस संबंध में मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में सूखे नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मोलदियार टोला में छापेमारी कर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, दोनों युवक ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के सिलसिले में वहां पहुंचे थे।पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मोकामा-मुंगेर ग्रीनफील्ड फोरलेनः भू-अर्जन को लेकर दो दिवसीय बैठक

कई किसानों ने जमा किए कागजात

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोकामा-मुंगेर ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना के भू-अर्जन को लेकर बुधवार को मोकामा नगर परिषद सभागार में वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। बैठक के पहले दिन विभिन्न पंचायतों के किसानों के साथ जमीन अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान मरांची के कई किसानों ने आवश्यक कागजात भी जमा किए। वहीं, चिंतामणिचक के किसानों ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने सरकारी मुआवजा दर पर असंतोष जताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जमीन निर्धारित मुआवजा दर से अधिक कीमत पर खरीदी है। इस मामले में पटना कमिश्नरी में उनकी सुनवाई चल रही है।बैठक के दौरान किसानों ने टाल क्षेत्र में जलजमाव की समस्या भी उठाई। उनका कहना है कि खेतों में पानी भरे होने के कारण फिलहाल जमीन की नापी करना संभव नहीं है। इसके अलावा रैयती और बकाश्त जमीन से जुड़े मामलों को लेकर भी किसानों के सामने समस्याएं बनी हुई हैं।मोकामा की अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि भू-अर्जन को लेकर बैठक दो दिनों तक चलेगी। पहले दिन कई किसानों ने जरूरी कागजात जमा किए हैं, जबकि लगभग 15 किसानों को मुआवजे की राशि भी मिल चुकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस प्रक्रिया के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।मोकामा-मुंगेर फोरलेन परियोजना के तहत कुल 1440 किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अब तक मात्र 35 किसानों को मुआवजा मिल पाया है।परियोजना का टेंडर भी आवंटित हो चुका है। ऐसे में भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाना संबंधित अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है।बैठक के दौरान मोकामा-मुंगेर फोरलेन परियोजना के भू-अर्जन पदाधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए मोकामा टाल पहुंचे। उन्होंने जलजमाव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मोकामा की अंचलाधिकारी लवली कुमारी भी मौजूद रहीं। टाल क्षेत्र में पानी भरे होने के कारण जमीन की नापी और अधिग्रहण की प्रक्रिया पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए यह निरीक्षण महत्वपूर्ण माना जा रहा है।अब किसानों की जमीन के उचित मुआवजे, रैयती-बकाश्त से जुड़ी समस्याओं के समाधान और जलजमाव के बीच भू-अर्जन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर सबकी नजरें टिकी हैं।

CMYK

संक्षिप्त समाचार

400 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र अंतर्गत झांझरा गांव में बुधवार की रात्रि गुप्त सुचना के आधार पर जितना पुलिस ने छापेमारी कर 400 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ गांजा बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में मोहन कुमार, पिता रामएकबाल साह, निवासी झांझरा, थाना जितना, को गिरफ्तार किया है। मामले में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। जानकारी जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो गिरफ्तार

बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुलिस मंगलवार की अहले सुबह गुप्त सुचना के आधार पर गस्त के दौरान वाहन चेकिंग के अभियान मे भवानीपुर जमुनी नदी पुल के पास दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था मे मोटरसाइकल के साथ पकड़ा गया तलासी लेने पर उनके पास से 90 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब कुल 27 लीटर बरामद किया गया वही उस चालक से बाईक के कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया जिस बाईक का रजिस्टेशन नंबर बी आर 30ए0652 पैशन प्रो की जांच करने पर चोरी की बाईक पाई गई पकड़ाये गए दोनों अभियुक्तों की पहचान जितना थाना क्षेत्र के बनकटवा गाँव निवासी पप्पू कुमार उम्र 19 वर्ष पिता ललन शाह विधि विरुद्ध किशोर रितिक कुमार उम्र 13 वर्ष पिता पुनदेव प्रसाद यादव के रूप मे किया गया जिसे मध निषेध उत्पाद अधिनियम तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है. वही विधि विरुद्ध किशोर को न्याय परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

कायाकल्प अभियान से बदल रही स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में जिले में कायाकल्प अभियान को धरातल पर उतारने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के निदेर्शानुसार विभिन्न विभागों के समन्वय से जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सुदृढ़ीकरण, मरम्मती एवं रंग-रोगन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं सुविधायुक्त बनाना है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इन प्रयासों से न केवल स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर बदल रही है, बल्कि मरीजों एवं उनके परिजनों को भी अधिक सुविधाजनक और सकारात्मक वातावरण मिल सकेगा।कायाकल्प अभियान - बेहतर बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की ओर एक सार्थक पहल है ।

विश्व मानक दिवस पर सतत विकास लक्ष्य-7 - 'सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित मानक महोत्सव एवं संगोष्ठी का आयोजन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विश्व मानक दिवस के अवसर पर 'मानक महोत्सव एवं संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस वर्ष की विषयवस्तु 'बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण' है, जिसमें सतत विकास लक्ष्य-7 'सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा' पर विशेष ध्यान दिया गया। चंद्रेकेश सिंह, वैज्ञानिक 'ई' एवं निदेशक एवं प्रमुख ने स्वागत संबोधन में मानकीकरण, गुणवत्ता आश्वासन तथा सतत विकास में भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सतत विकास लक्ष्य-7 'सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा' की प्राप्ति में भारतीय मानकों के महत्व को रेखांकित किया। अमित कुमार चौधरी, वैज्ञानिक 'ई' एवं निदेशक एवं प्रमुख, पटना शाखा प्रयोगशाला ने परीक्षण एवं गुणवत्ता आश्वासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानकों के अनुरूप परीक्षण से उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने ऊर्जा दक्षता, सुरक्षित तकनीकी प्रणालियों तथा स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बल दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. एन. विजया लक्ष्मी, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार ने कहा कि सतत विकास के लिए स्वच्छ, सुरक्षित, सुलभ एवं किफायती ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों को अपनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा से संबंधित उपकरणों एवं तकनीकी प्रणालियों की गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में भारतीय मानकों का प्रभावी क्रियान्वयन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अन्य आमंत्रित अतिथियों में राम लाल खेतान, अध्यक्ष, बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन, डॉ. यू. पी. सिंह, निदेशक, सीपेट, हाजीपुर, नील मणि रंजन, अध्यक्ष, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, पटना सेंटर, तथा करनदीप जैन, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम" शामिल रहे।

भगवानगंज के समस्तीचक में साइबर अपराध का भंडाफोड़

छापेमारी में एक गिरफ्तार, लैपटॉप-6 मोबाइल-एटीएम-डायरी बरामद

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भगवानगंज थाना पुलिस ने समस्तीचक गांव में साइबर अपराधियों के ठिकाने पर छापेमारी कर बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि समस्तीचक गांव में जयप्रकाश सिंह के मकान में कुछ साइबर अपराधी साइबर क्राइम कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद टीम शाम को मकान की घेराबंदी की तो पुलिस को देखकर दो युवक भागने लगे, जिसमें से एक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश कुमार उम्र 28 वर्ष पिता स्व० बिन्देश्वर सिंह, ग्राम समस्तीचक बताया। भागने वाले की पहचान बिट्टू कुमार उर्फ राज पिता जयप्रकाश सिंह, समस्तीचक के रूप में हुई।पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है मुकेश ने बताया कि बिट्टू ने उसे अपने घर में पालतू डॉग की देखभाल और आने-जाने वालों पर निगरानी रखने के लिए रखा है। बदले में ठगी के पैसों में से 2-3 हजार रुपये कमीशन देता है। जयप्रकाश सिंह के घर के पूरब बरामदे में रखी चौकी पर काले बैग से पुलिस ने. डेल कंपनी का काला लैपटॉप मॉडल, विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल ब्लू की-पैड मोबाइल. IDBI Bank का एटीएम कार्ड कार्ड, पेमेंट बैंक का कार्ड ,मतदाता पहचान पत्र ,आधार कार्ड, डायरी जिसमें ठगी के पैसों का हिसाब. 5 कॉपी जिसमें कई नाम व मोबाइल नंबर अंकित है। पुलिस ने बताया कि बरामद सामान बिट्टू कुमार उर्फ राज का है जो अपने साथी राहुल के साथ मिलकर साइबर ठगी करता है। पुलिस फरार बिट्टू की तलाश में छापेमारी कर रही है।

सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में आनंद पुष्कर की जीत के लिए एकजुट है एनडीएः डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिक्षकों से मांगा समर्थन

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर की जीत सुनिश्चित करने के लिए एनडीए के सभी घटक दल एकजुट हैं। शिक्षकों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान और अधिकारों को मजबूती प्रदान करना एनडीए की प्राथमिकता है। ये बातें बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने बुधवार को छपरा शहर के दरोगा राय चौक के समीप आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि एनडीए समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और उनके हितों के लिए काम करने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों से आनंद पुष्कर के पक्ष में एकजुट होकर समर्थन देने की अपील की। डॉ. सिंह ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल पूरी एकजुटता के साथ आनंद पुष्कर की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षकों के विश्वास और सहयोग से सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री दीपक प्रकाश, विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, विधायक छोटी कुमारी, विधायक पप्पू वर्मा सहित कई विधायक एवं विधान पार्षद उपस्थित रहे। इसके अलावा एनडीए के पांचों घटक दलों के जिलाध्यक्षों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उधर सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए के समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर एकमा प्रखंड क्षेत्र के रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज, एकमा सहित सारण प्रमंडल के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जनसंपर्क कर शिक्षकों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की इस मौके पर शिक्षाविद ई जयप्रकाश सिंह, जदयू नेता राजीव शर्मा, शिक्षक नेता मनजीत कुमार तिवारी आदि अन्य लोग मौजूद थे।

एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने शिक्षण संस्थानों में किया जनसंपर्क, शिक्षकों से मांगा समर्थन

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने बुधवार को एकमा प्रखंड के रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा सहित सारण प्रमंडल के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान आनंद पुष्कर ने शिक्षकों से संवाद कर चुनाव में समर्थन देने का आग्रह किया। उनके साथ शिक्षाविद् ई. जयप्रकाश सिंह, जदयू नेता राजीव शर्मा, शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, अनूप कुमार, नागेंद्र सिंह, हरिशंकर सिंह, धीरज कुमार सिंह चुल्लू, विक्की कुमार, अजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एसआईआर को लेकर विपक्ष के दुष्प्रचार को सांसद ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एसआइआर लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया है। इसे लेकर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त बातें सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कहीं। श्री सिंह ने कहा कि एस.आई.आर. के अंतर्गत मृत, स्थायी रूप से दूसरी जगह जा चुके, अनुपस्थित और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों की जांच की जाती है। इसका उद्देश्य किसी पात्र मतदाता का अधिकार छीनना नहीं, बल्कि मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि यह दावा भ्रामक है कि एस.आई.आर. के दौरान 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के वोट काट दिए गए। संबंधित दस्तावेज के अनुसार, यह संख्या मसौदा मतदाता सूची के स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में चिह्नित मतदाताओं से जुड़ी है। इन नामों की राजनीतिक दलों के बीएलए के माध्यम से भी जांच की व्यवस्था है। पात्र मतदाता निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा और आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो संविधान और प्रचलित कानूनों के तहत निर्वाचन संबंधी कार्य करता है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने का निर्णय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा किया जाता है। किसी भी पात्र मतदाता का नाम मनमाने ढंग से हटाने की अनुमति नहीं है। मतदाताओं को नोटिस, सुनवाई, दावा-आपत्ति और अपील जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। श्री सिंह ने कहा कि युवाओं, विशेषकर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए भी पंजीकरण की प्रक्रिया उपलब्ध है । 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके या निर्धारित पात्रता के अनुसार नाम जुड़वाने के इच्छुक युवा फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एस.आई. आर. के दौरान छूटे पात्र मतदाताओं और नए मतदाताओं के लिए भी नाम जुड़वाने की व्यवस्था है। इसलिए युवाओं को किसी प्रकार के भ्रम में आने के बजाय अपनी पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में नाम की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए उठाए गए कदमों का उद्देश्य प्रक्रिया को सरल बनाना है। संबंधित दस्तावेज के अनुसार,जिन मतदाताओं को नोटिस दिया गया है, उनकी सहायता के लिए बीएलओ घर जाकर दस्तावेज प्राप्त करने और उन्हें संबंधित अधिकारी तक पहुंचाने में मदद करेंगे। गरीबों, मजदूरों, बेघर लोगों और रात्रि आश्रय स्थलों में रहने वाले लोगों के लिए सहायता डेस्क और विशेष शिविर लगाने का भी प्रावधान है। श्री सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध होना आवश्यक है। राजनीतिक दलों को भी इस प्रक्रिया में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए तथा पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने और गलत प्रविष्टियों की पहचान करने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपनी जानकारी की जांच करें, आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें और जरूरत पड़ने पर संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी या बीएलओ से संपर्क करें। लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची को शुद्ध बनाने की प्रक्रिया में सहयोग करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

एसआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम मोदी, अमित शाह व मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी, एकमा की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में प्रदर्शन किया गया। एकमा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र प्रताप मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में काले झंडे और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान 'वोट चोर, गद्दी छोड़ो' समेत अन्य नारे लगाए गए। प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर एकमा बाजार होते हुए पूर्वी रेलवे ढाला के रास्ते पुरानी चट्टी स्थित एनएच-531 पर पहुंचा। यहां कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान पुतलों को जूते भी मारे गए। पुतला दहन से पहले कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्रा ने एसआईआर के मुद्दे पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए तीनों के खिलाफ जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। प्रदर्शन में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमावस मांझी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एसआईआर के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र प्रताप मिश्रा, अमावस मांझी, दारा यादव, सुनील यादव, रवींद्र नाथ गुप्ता, कामरेड अरुण कुमार, श्रीनिवास उपाध्याय, राजेश नेता अवधेश यादव, विशाल मिश्रा, अशोक मिश्रा, नागेंद्र मिश्रा, रामनाथ मांझी, राजाराम साह और पृथ्वी प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

जैतपुर की दो बेटियों ने बढ़ाया सारण जिले का मान, स्वास्थ्य सेवा में हासिल की सफलता

रूपाली पांडेय बनीं नर्सिंग ऑफिसर, सोनाली पांडेय ने नर्सिंग स्टाफ के पद पर किया योगदान

छपरा/मांझी (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर मांझी प्रखंड के जैतपुर गांव की दो बेटियों ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सफलता हासिल कर अपने परिवार, गांव और सारण जिले का मान बढ़ाया है। एक ही परिवार की रूपाली पांडेय का चयन नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है, जबकि सोनाली पांडेय ने नर्सिंग स्टाफ के पद पर योगदान किया है। दोनों की उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं, गांव के लोग भी उनकी सफलता पर गौरवान्वित हैं। रूपाली पांडेय, अजय कुमार पांडेय एवं माधुरी पांडेय की पुत्री हैं, जबकि सोनाली पांडेय एकमा के एक हिन्दी दैनिक अखबार के संवाददाता संजय कुमार पांडेय एवं रंजीता पांडेय की बेटी हैं। दोनों सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामकिशोर पांडेय की पोतियां हैं। उनकी इस उपलब्धि ने साबित किया है कि बेटियां भी अपनी मेहनत, प्रतिभा और लगन के बल पर सफलता की नई इबारत लिख सकती हैं। दोनों बेटियों की सफलता क्षेत्र की अन्य युवतियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी उपलब्धि से यह संदेश मिलता है कि शिक्षा, परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के सहारे बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस सफलता पर जेपी सेनानी डॉ. रामजी तिवारी, अजय श्रीवास्तव, शिक्षाविद प्रो. अजीत कुमार सिंह, डॉ. अमित तिवारी, भाजपा नेता हरिमोहन सिंह गुड्डू, मुखिया राजेश पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, अभिषेक कुमार सिंह और जदयू नेता निरंजन सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दी है। सभी ने दोनों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे गांव और जिले के लिए गर्व का विषय बताया।

मसौढ़ी पीटीईसी में बाहरी लोगों और नशाखोरों का जमावड़ा, प्राचार्य ने थाने से की सुरक्षा की मांग

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय मसौढ़ी में इन दोनों नशाखोरों का अड्डा बन गया है। लगातार झुंड के झुंड नशाखोर महाविद्यालय परिसर में बैठकर नशा करते हैं भारी संख्या में महाविद्यालय परिसर में नशा की सीरीज और दवाई का अंबार लगा हुआ है इसके अलावा असामाजिक तत्वों की हरकत से तंग आकर अब महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने थानाध्यक्ष मसौढ़ी को पत्र लिखा है। प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार वर्मा के द्वारा बताया गया की महाविद्यालय का प्रांगण चारदीवारी से घिरा नहीं होने के कारण महाविद्यालय में बाहरी लोगों एवं नशाखोरों का जमावड़ा लगा रहता है। बाहरी एवं असामाजिक तत्वों द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है।

सोनमई ओपी के दरोगा के साथ नशेड़ी युवक ने की जमकर मारपीट, पुलिस ने पिटाई से किया इनकार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरुआ थाना क्षेत्र के सोनमई ओपी में पदस्थापित एक दरोगा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सोनमई ओपी में पदस्थापित दरोगा तीपसा उरांव प्रत्येक शाम दूध लाने के लिए सोनमई बाजार जाते हैं। इसी दौरान एक नशे में धुत युवक से उनकी कहासुनी हो गई। युवक की पहचान प्रहलाद कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार नशे में धुत युवक दरोगा से भिड़ गया और दोनों के बीच हाथापाई व जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना मिलते ही धनरुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं इस पूरे मामले में पुलिस ने दरोगा के साथ मारपीट की घटना से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि शराब के नशे में धुत युवक ने सिर्फ गाली-गलौज की है, मारपीट नहीं हुई है। हालांकि सूत्रों की मानें तो नशेड़ी युवक ने दरोगा तिपसा उरांव के साथ जमकर मारपीट की है। इस घटना से आहत होकर पीड़ित दरोगा ने एसएसपी को फोन कर सोनमई ओपी से हटाने की मांग की है। यहां तक कहा जा रहा है कि अगर नहीं हटाया गया तो सुसाइड कर लेंगे। गौरतलब है कि करीब डेढ़ साल पहले अपराध नियंत्रण को लेकर सोनमई ओपी का गठन किया गया था। वर्तमान में वहां दो दरोगा और तीन होमगार्ड के भरोसे ओपी चल रहा है, जिसमें एक दरोगा हमेशा धनरुआ थाने से आना-जाना करते हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

पेट्रोल से भरे गैलन के गिरते ही लगी आग, दो बाइकें जलकर राख

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा थाना क्षेत्र में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल अंतर्गत एकमा रेलवे स्टेशन की पूर्वी रेलवे गुमटी के समीप बुधवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एक बाइक पर पीछे रखे गैलन के नीचे गिरने से पेट्रोल गिर गया, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते दोनों बाइक आग की चपेट में आ गईं। बाइक सवारों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। हालांकि, दोनों बाइक चालकों की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा नगर पंचायत बाजार स्थित पूर्वी रेल गुमटी व हनुमान मंदिर के समीप हुआ। एक बाइक सवार गैलन में पेट्रोल भरकर घर ले जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक सड़क पर गिर गईं और पेट्रोल फैलने से आग भड़क उठी। आग की लपटें उठती देख बाजार में अफरातफरी मच गई। आग लगने के बाद आसपास के दुकानदारों और ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, आग पर काबू पाए जाने तक दोनों बाइक जलकर पूरी तरह राख हो चुकी थीं। हादसे में हनुमान मंदिर के समीप संचालित एक अस्थायी लिट्टी की दुकान भी आग की चपेट में आकर जल गई। दुकान पर मौजूद लोगों और दुकानदार ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद बाजार में लोगों की भीड़ जुट गई।

एमजीसीयू के शोधार्थी राम प्रवेश को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला 'जैव विविधता एवं संरक्षण पुरस्कार'

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के पीएचडी शोधार्थी राम प्रवेश कुमार को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'जीओडाइवर्सिटी, सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्लाइमेट रेसिलिएन्से 2026' में जैव विविधता एवं संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें मोतिहारी के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया। वे डॉ. कुंदन किशोर रजक के निर्देशन में शोध कर रहे हैं। राम प्रवेश कुमार ने अपने शोधपत्र 'कम्पेरेटिव एनालिसिस ऑफ फिजिक-केमिकल वाटर क्वालिटी एंड जूप्लाक्टों डाइवर्सिटी इन अर्बन एंड रूरल लैक्सः ए स्टडी ऑफ मोती लेक एंड चिलराम लेक, ईस्ट चंपारण, इंडिया' का सम्मेलन में प्रस्तुतीकरण किया। उनके शोध में पूर्वी चंपारण की मोती झील एवं चिलराम झील के जल की भौतिक-रासायनिक गुणवत्ता तथा जूप्लवक विविधता का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। यह शोध स्थानीय जलीय पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता के संरक्षण तथा जल संसाधनों के सतत प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की डीन प्रो. शाहाना मजूमदार ने शोधार्थी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उनके शोध निर्देशक डॉ. कुंदन किशोर रजक तथा प्राणीशास्त्र विभाग के शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राम प्रवेश कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान विश्वविद्यालय की शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता के साथ - साथ पूर्वी चंपारण के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी रेखांकित करता है ।

पीटीईसी में प्रशिक्षुओं का हंगामा, असामाजिक तत्वों ने काटी बिजली, डीएम से सुरक्षा की मांग

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय मसौढ़ी में चल रहे सेवाकालीन आवासीय प्रशिक्षण के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार बाधा उत्पन्न करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर प्रशिक्षुओं ने जिलाधिकारी पटना को पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रशिक्षुओं ने आवेदन में लिखा है कि सुबह करीब 5 बजे बालक छात्रावास में जानबूझकर पानी की आपूर्ति बाधित कर दी गई और बिजली के तार को काट दिया गया। इससे हॉस्टल में रह रहे प्रशिक्षणार्थियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ऐसा कृत्य कई बार किया जा चुका है, जिससे प्रशिक्षण कार्य लगातार प्रभावित हो रहा है।महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों और नशाखोरों का जमावड़ा लगा रहता है।

महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का समापन

कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित एक माहव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का समापन समारोह बुधवार को दोपहर 12 बजे बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में आयोजित किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छताकर्मियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया तथा उनके योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता को नागरिक दायित्व, उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता से जोड़ते हुए विद्यार्थियों से स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों एवं विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. प्रसून दत्ता सिंह ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में स्वच्छताकर्मियों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित परिसर शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान तथा बौद्धिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में आयोजित स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का उल्लेख करते हुए सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की। बुद्ध परिसर के निदेशक प्रो. रंजीत कुमार चौधरी ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपनी आदत बनाने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने एक माहव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान की विस्तृत प्रतिवेदन-प्रस्तुति की। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में आयोजित स्वच्छता अभियानों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका की सराहना की। साथ ही, अभियान के दौरान आयोजित संगोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक पूर्वी चंपारण जिले को एकल-उपयोग प्लास्टिक से मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे। समारोह के माध्यम से स्वच्छताकर्मियों के श्रम, समर्पण एवं योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ ही स्वच्छता के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया।

विधायक ने की विद्युत व्यवस्था में सुधार की पहल

मंत्री ने लिया संज्ञान, दिया पत्र का जवाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने की विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र की पहल रंग लाती दिख रही है। उनके आवेदन का विभाग ने संज्ञान लिया है। संबंधित मंत्री ने इसका जवाब भी दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने खुदवां पावर सब स्टेशन (पीएसएस) के लिए अतिरिक्त 33 केवी विद्युत स्रोत की व्यवस्था करने, दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र में अतिरिक्त विद्युत प्रशाखा के गठन और कनीय अभियंता की नियुक्ति से संबंधित आवेदन दिया था। इस संबंध में बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने विधायक को पत्र के माध्यम से जानकारी दी है।

ऊर्जा मंत्री ने अपने पत्र में बताया है कि आवेदन को आवश्यक निर्देश के साथ आगे की कार्रवाई के लिए ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार के सचिव के पास भेज दिया गया है। इससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था से जुड़ी इन मांगों पर विभागीय स्तर पर कार्रवाई की उम्मीद बढ़ी है।

खुदवां पावर सब स्टेशन के लिए अतिरिक्त 33 केवी विद्युत स्रोत की व्यवस्था होने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिल सकती है। अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध होने से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों को कम करने में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। नगर परिषद क्षेत्र में अतिरिक्त विद्युत प्रशाखा के गठन और कनीय अभियंता की नियुक्ति की मांग भी उठायी गयी है। अतिरिक्त प्रशाखा गठित होने और कनीय अभियंता की नियुक्ति से बिजली से संबंधित शिकायतों के निपटारे, तकनीकी समस्याओं के समाधान और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में सहूलियत हो सकती है। फिलहाल आवेदन को ऊर्जा विभाग के सचिव के पास भेजा गया है और आगे की कार्रवाई विभागीय स्तर पर होनी है। विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने कहा कि क्षेत्र में बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना और बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय पर समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं।

दो दिनों से आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने पर लोगों ने की जांच की मांग

मदनपुर। पिरथु पंचायत के मिरगंज में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र बिना सूचना दिए बंद रहने से ग्रामीणों ने जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों रविन्द्र कुमार, झालो देवी, कन्हाई यादव, संतन भुईयां सहित अन्य लोगों ने शिकायत आवेदन पत्र देकर समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय में दिया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि आंगनबाड़ी सेविका सहायिका बिना किसी सूचना दिए और छुट्टी लिए आंगनबाड़ी केंद्र दो दिनों से बंद कर रखी है। बच्चें केन्द्र पर जाते हैं और बैरंग वापस लौट जाते हैं। वजह कि केंद्र बंद है। बाल विकास परियोजना कार्यालय में पर्यवेक्षक वंदना कुमारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है और कहा कि सेविका कार्यालय में नहीं तो सूचना दी है और छुट्टी ही ली है। पर्यवेक्षक वंदना कुमारी ने कहा कि इसकी जांच कर सेविका सहायिका के विरुद्ध जांच करने पर दोषी पाए जाने पर विधि संगत कारवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि दो दिनों से आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने से बच्चों को शैक्षणिक सुविधाएं और पोषाहार से बंचित रहना पड़ा है।

रोजगार सेवकों ने की मानदेय बढ़ाने व स्थायीकरण की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। बुधवार को मदनपुर के मनरेगा कार्यालय में कार्यरत रोज़गार सेवक संघ की बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सरकार से मांग की गई है कि रोजगार सेवक सरकार की योजनाओं के कल्याणकारी और जनहित योजनाओं के सफल व कार्यान्वयन करने में कड़ी मेहनत करते हैं। 20 वर्षों से संविदा के रुप में कार्य कर रहे हैं। मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की गई है। जबकि सरकार द्वारा आश्वासन दी गई थी कि संविदा से मुक्त कर स्थायीकरण किया जाएगा और मानदेय बढ़ाई जाएगी। महिनों साल बित गए पर आज तक न तो मानदेय राशि बढ़ी और स्थायीकरण किया गया। सरकार से मांग की जा रही है कि हमारी मांगे पूरी की जाए।

बलार पंचायत के मुखिया को दी गई धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। कासमा थाना क्षेत्र के बलार पंचायत के मुखिया अरुण कुमार को फोन पर जातिसूचक गाली देने, अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मुखिया के आवेदन पर कासमा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 7 अक्टूबर 2026 की रात की है। मुखिया अरुण कुमार अपने घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। आरोप है कि फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को रफीगंज थाना क्षेत्र के धरहरा गांव का लालू बताते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और गाली-गलौज की। मुखिया ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि फोन करने वाले ने उन्हें मुखिया पद को लेकर अपमानित किया। साथ ही, चुनाव में हारने के बाद मारपीट करने, उनके दूसरे पैर को तोड़ने तथा मुकदमा दर्ज कराने पर जेल से छूटने के बाद जान से मारने और गोली मारने की धमकी दी। आवेदन में मुखिया ने आरोपित की पहचान मंजीत कुमार उर्फ लालू कुमार, पिता उमेश यादव, निवासी धरहरा गांव, थाना रफीगंज, जिला औरंगाबाद के रूप में बताई है। मुखिया का कहना है कि घटना के बाद उनका पूरा परिवार भयभीत है और उन्हें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में कासमा थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

मां दुर्गा की अराधना में लीन हुए लोग

पूजा पंडाल कर रहा लोगों को आकर्षित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। मां दुर्गा की आराधना में क्षेत्र के लोग लीन हो गए हैं। तमाम स्थलों पर पूजा पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में है। मां दुर्गा, नव दुर्गा, मां काली की प्रतिमा स्थापना की तैयारी चल रही है। इस बार शहर में एक से एक आकर्षक पूजा पंडाल बने हैं। सुबह-शाम दो समय मां की आराधना हो रही है। ध्वनि विस्तारक यंत्र पर भक्ति गीत संगीत सुनने को लोगों को मिल रहा है। शहर से लेकर गांव तक हर तरफ पूजा की तैयारी चल रही है। भक्ति मई माहौल बना हुआ है। बाजार में पटना के फाटक मोहल्ला स्थित शिव मंदिर दुर्गा क्लब, राष्ट्रीय इंटर स्कूल स्टेडियम परिसर और भखरुआं में औरंगाबाद रोड स्थित तिवारी मोहल्ला में मां काली के लिए पूजा पंडाल काफी आकर्षक बना है। उनके अलावा भी पूजा पंडालों

का आकर्षण लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। अभी से ही लोग पूजा पंडालों को निहार रहे हैं। बाजार में भी चहल-पहल देखी जा रही है। लोग पूजा की तैयारी के साथ नए वस्त्र की भी तैयारी कर रहे हैं।

रामलीला में श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता से विवाह का भव्य मंचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा बाजार स्थित बड़ी दुर्गा जी मंदिर परिसर में चल रही रामलीला के तीसरे दिन मंगलवार की रात भगवान श्रीराम और माता सीता के प्रथम परिचय, शिवधनुष भंग और विवाह प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। आदर्श रामलीला मंडली, मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य संरक्षक डॉ. संजय सौंडिक के नेतृत्व में रामदरबार की आरती के साथ हुआ। इसके बाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल आर्य, सचिव राजू भारती और सुरेश आर्य ने पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि रामाश्रय सिंह, लोजपा नेता विजय अकेला, उपमुखिया विकास गुप्ता, भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार विधायक, गया प्रसाद, शालिग्राम मिश्रा और संतोष गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

रामलीला के मंचन में उपवन में श्रीराम और सीता के प्रथम परिचय, राजा जनक द्वारा स्वयंवर की घोषणा, भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष तोड़ने तथा श्रीराम और माता सीता की वरमाला के दृश्य जीवंत रूप से प्रस्तुत किए गए। पार्श्व संगीत, वाद्ययंत्रों और कलाकारों के सामूहिक गायन ने मंचन को और भी प्रभावशाली बनाया। संगीत शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने झाल की संगत कर प्रस्तुति में योगदान दिया।

मंचन में पुष्प राज चौरसिया, दिलीप उपाध्याय, मुन्ना जी, रजनीश कुमार, सुनील कुमार, आलोक कुमार, नटवर लाल, वकील कुमार, भरत कुमार, मुनेश कुमार और संदीप कुमार सहित अन्य कलाकारों ने विभिन्न भूमिकाएं निभाईं।

कुटुंबा पूर्वी मंडल युवा मोर्चा का पुनर्गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। भाजपा कुटुंबा पूर्वी मंडल युवा मोर्चा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को अंबा स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। इस दौरान युवा मोर्चा की नई कार्यसमिति का पुनर्गठन करते हुए शुभम सिंह को अध्यक्ष और सुमित कुमार सिंह को महामंत्री मनोनीत किया गया। संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम युवाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर संगठन को अधिक मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। नई कार्यसमिति के गठन से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। बैठक में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान सभी ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने तथा पार्टी की विचारधारा और नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पार्टी के महामंत्री अभय पासवान, अमरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, अजित सिंह, सोनू पासवान, रामबदन पासवान और रामप्रवेश सोनी आदि मौजूद रहे।

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कझपा की बदहाल व्यवस्था से मरीज परेशान

सोलर पैनल खराब, महीनों से बिजली गुल, रास्ता और दवाओं का अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कझपा (औरंगाबाद)। कुटुंबा प्रखंड के कझपा स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था से मरीजों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अस्पताल का सोलर पैनल खराब होने से महीनों से बिजली आपूर्ति ठप्प है। इसके कारण पेयजल संकट गहरा गया है। वहीं, समय पर दवाओं की आपूर्ति नहीं होने, सफाई कर्मचारी के अभाव और अस्पताल तक पहुंचने के लिए सुगम रास्ता नहीं होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं। बिजली नहीं रहने से अस्पताल की पानी की मोटर बंद पड़ी है। ऐसे

में इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। दूसरी ओर, महीने के 14 दिन बीत जाने के बाद भी अस्पताल में दवाओं की आपूर्ति नहीं हो सकी थी। स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार, सितंबर महीने में भी दवाएं अंतिम सप्ताह में पहुंची थीं। इससे मरीजों को समय पर जरूरी दवाएं नहीं मिल पा रही हैं और उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। अस्पताल में स्थायी सफाई कर्मचारी नहीं होने से स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित है। स्थिति यह है कि चिकित्सक अपनी जेब से पैसे खर्च कर स्थानीय मजदूरों से अस्पताल की सफाई करवाने को मजबूर हैं। इसके अलावा, मुख्य सड़क से स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने के लिए सुगम रास्ता नहीं होने के कारण बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, इस स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन करीब 30 से 40 मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं, जबकि महीनेभर में औसतन 500 मरीजों का उपचार होता है। इसके बावजूद बुनियादी सुविधाओं की कमी मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। कझपा गांव की 50 वर्षीय मरीज पुनिया देवी ने अस्पताल में जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों को स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी समझकर दवाएं उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। वहीं, चंद्रीका राम, रंजू देवी, रवि कुमार और विवेक कुमार ने अस्पताल में पर्याप्त दवाओं का स्टॉक रखने, चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने और सफाई कर्मचारियों की तत्काल व्यवस्था करने की मांग की। अस्पताल प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि बिजली आपूर्ति एक-दो दिन में बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल ऑफिसर की ओर से ईमेल किए जाने के बाद ही अस्पताल में दवाएं भेजी जाती हैं। वहीं, एएनएम शकुंतला कुमारी ने बताया कि सितंबर महीने में भी दवाओं की आपूर्ति अंतिम सप्ताह में हुई थी, जिससे मरीजों को परेशानी हुई थी। मौके पर मेडिकल ऑफिसर स्मृति भारती तथा एएनएम शकुंतला कुमारी, संगीता कुमारी और गायत्री कुमारी मौजूद थीं। अस्पताल की मौजूदा स्थिति को लेकर ग्रामीणों और मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों से हस्तक्षेप कर बिजली, पेयजल, दवा, सफाई और आवागमन की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

दो बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत, फिर भी नहीं बुझी बरेव पंचायत की प्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर (नवादा)। सरकार हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के दावे कर रही है, लेकिन अकबरपुर प्रखंड की बरेव पंचायत में नल-जल योजना की बदहाली इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। पंचायत के सैकड़ों परिवार बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत की करीब 80 प्रतिशत आबादी को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए दूषित पानी का सहारा लेना पड़ रहा है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

दो बार शिकायत, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई!

बरेव पंचायत के पूर्व मुखिया संतोष कुमार ने बताया कि नल-जल योजना की बदहाली को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर दो बार शिकायत की गई। इसके बाद विभाग में शिकायत संख्या E02228476030926120010 दर्ज हुई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उनका कहना है कि शिकायत दर्ज होने और कागजी कार्रवाई से ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ सकती। जब तक घरों तक पानी नहीं पहुंचेगा, तब तक सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को कैसे मिलेगा?

सूखे नल, दूषित पानी और बीमारी का खतरा

पूर्व मुखिया के अनुसार, पंचायत के अधिकांश घरों में नल सूखे पड़े हैं। पानी की तलाश में महिलाओं को दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। कई जगह ग्रामीण नाली के संपर्क में आने वाले दूषित पानी का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और अन्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न होने की आशंका है। स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के अभाव में लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।

डीएम से लगाई तत्काल हस्तक्षेप की गुहार: पूर्व मुखिया संतोष कुमार ने जिला पदाधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के सक्षम अधिकारियों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने तकनीकी टीम भेजकर नल-जल योजना की जांच कराने, खराब व्यवस्था को दुरुस्त करने और नियमित जलापूर्ति बहाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट केवल सुविधा का मामला नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर कब सूखे नलों से पानी निकलेगा और उन्हें दूषित पानी पीने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिले औरंगाबाद के अथर्व रंजन, नीतिगत सुझावों की हुई सराहना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के ओबरा थाना क्षेत्र स्थित नवनेर निवासी एवं वर्तमान में सत्येंद्र नगर में रह रहे युवा अथर्व रंजन ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। 'एमपी लीड फेलोशिप' के तहत मिले इस अवसर पर उन्हें सम्मानित भी किया गया। अथर्व ने राष्ट्रपति के समक्ष 'घरेलू कामगार महिलाओं के उत्थान' पर तैयार नीति प्रस्तुत की। इसमें महिलाओं को सम्मानजनक कार्य-दशाएं, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता उपलब्ध कराने पर बल दिया गया है, जिसकी महामहिम ने सराहना की। अथर्व की प्रारंभिक शिक्षा अंबिका पब्लिक स्कूल (औरंगाबाद), 12वीं ज्ञान निकेतन (पटना) तथा बी.कॉम (ऑनर्स) दिल्ली विश्वविद्यालय से हुई है। इससे पूर्व वीबीवाईएलडी 2026 में उन्होंने भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बिहार का प्रतिनिधित्व किया था। वहां उन्होंने हर पंचायत के स्कूल में 'एग्री लैब' स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। अथर्व ने अपनी सफलता का श्रेय बड़े पापा सूबेदार (सेवानिवृत्त) रणजय कुमार सिंह, बड़ी मम्मी संजू देवी, पिता मनोज कुमार सिंह एवं माता रीना सिंह के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव समाज की बेहतरी के लिए उपयोगी साबित होगा। इस उपलब्धि पर नवनेर, ओबरा और सत्येंद्र नगर में हर्ष का माहौल है।

नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन बुधवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तों की आस्था देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मां कूष्मांडा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां कूष्मांडा को सृष्टि की रचयिता माना जाता है। कहा जाता है कि जब चारों ओर अंधकार था, तब मां ने अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें मां कूष्मांडा के नाम से जाना जाता है। मां का यह स्वरूप ऊर्जा, तेज, आरोग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से मां की आराधना करने से जीवन में सकारात्मकता आती है और भक्तों को सुख-शांति प्राप्त होती है। नवरात्रि के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए और विधि-विधान से मां की पूजा की। भक्तों ने मां को फूल, अक्षत, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित कर आरती की। कई श्रद्धालुओं ने घरों में भी कलश स्थापना के साथ मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की।

औरंगाबाद के धर्मशाला दुर्गा पूजा में दिखेगी आस्था के साथ राष्ट्रभक्ति की झलक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। शारदीय नवरात्र को लेकर पूरे जिले में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की आराधना की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में औरंगाबाद के धर्मशाला स्थित दुर्गा पूजा में इस बार श्रद्धालुओं को आस्था के साथ राष्ट्रभक्ति की झलक देखने को मिलेगी। मां दुर्गा की भक्ति और देशप्रेम की भावना को एक साथ प्रस्तुत करने की इस पहल को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। धर्मशाला की दुर्गा पूजा शहर में धार्मिक आस्था और सामाजिक सहभागिता का केंद्र मानी जाती है। नवरात्र के दौरान यहां मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। पूजा पंडाल को आकर्षक रूप देने के साथ-साथ लोगों के बीच धार्मिक और राष्ट्रीय चेतना का संदेश पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

भक्ति के साथ देशप्रेम का संदेश इस बार पूजा की खासियत मां दुर्गा की आराधना के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रमुखता देना है। मां दुर्गा को शक्ति, साहस और अन्याय पर विजय का प्रतीक माना जाता है। वहीं राष्ट्रभक्ति देश की एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करती है। ऐसे में धार्मिक आयोजन के माध्यम से देशप्रेम का संदेश लोगों तक पहुंचाना विशेष महत्व रखता है। वही पूजा पंडाल में धार्मिक माहौल के बीच राष्ट्र के प्रति सम्मान, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे की भावना को प्रदर्शित करने का प्रयास किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को मां दुर्गा के दर्शन के साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी संदेश मिलेगा।

नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

शारदीय नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त उपवास रखकर, पूजा-पाठ कर और मंदिरों व पूजा पंडालों में दर्शन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। धर्मशाला स्थित दुर्गा पूजा में भी नवरात्र के दिनों में भक्तिमय वातावरण रहने की उम्मीद है। पूजा आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। दुर्गा पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक मेल-मिलाप और सामूहिक सहभागिता का भी अवसर है।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : कुमर राउत
ग्राम+पोस्ट : बनौली, थाना - सिमरी
जिला - दरभंगा

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

***Name of Constituency** : 05 दरभंगा शिक्षक

I **Kumar Raut** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	सी. जे. एम. सीतामढ़ी	GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सीतामढ़ी, केस सं. 77/17	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस
2.	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा	TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	आरोप विचरित	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना
3.	Kumar Nidhi, न्या.द., सीतामढ़ी	TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

रबी फसल की बुआई के बीच खाद के लिए भटक रहे अन्नदाता

भगवानपुर में खाद के लिए अफरातफरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भगवानपुर। प्रखंड क्षेत्र में खाद की बुकिंग व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। रबी फसल की बुआई के बीच खाद की जरूरत को लेकर किसान परेशान हैं। किसानों की शिकायत है कि खाद की ऑनलाइन बुकिंग के लिए तैयार की गई साइट महज 10 मिनट के लिए खुलती है। इतने कम समय में बुकिंग नहीं करा पाने के कारण कई किसान खाद से वंचित रह जाते हैं। इसके बाद किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर होते हैं। बुधवार को इस समस्या से नाराज किसानों ने बिस्कोमान केंद्र की व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश जताया। किसानों के अनुसार, खाद की बुकिंग के लिए उन्हें काफी इंतजार करना पड़ता है। बुकिंग के लिए साइट खुलने की जानकारी मिलते ही किसान प्रक्रिया पूरी करने में जुट जाते हैं, लेकिन साइट महज 10 मिनट तक ही खुली रहती है। ऐसे में कम समय के भीतर बुकिंग नहीं करा पाने वाले किसानों को निराश होना पड़ता है। किसानों का कहना है कि खाद की बुकिंग के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद की व्यवस्था नहीं हो पाने से रबी फसल की बुआई प्रभावित होने की चिंता भी सता रही है। कुछ किसानों को ऑनलाइन नहीं करने आता, कुछ के पास बड़ा मोबाइल नहीं है, जिसके कारण वे ओनलाइन नहीं कर पाते हैं/किसानों का आरोप है कि वे दस दिनों से गोदाम का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल पा रहा है, इसे लेकर किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है

खाद की समस्या को लेकर किसानों की नाराजगी के बीच भगवानपुर के कृषि पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। किसानों को बताया गया कि बुकिंग कराने के बाद ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए किसानों को बुकिंग कराकर क्यूआर कोड लेकर केंद्र पर पहुंचना होगा, जिसके बाद उन्हें खाद दी जाएगी। हालांकि, किसानों की मुख्य परेशानी बुकिंग साइट के सीमित समय तक खुलने को लेकर है। उनका कहना है कि जब तक बुकिंग कराने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलेगा, तब तक सभी जरूरतमंद किसानों को खाद मिल पाना मुश्किल होगा। खाद की समस्या से परेशान दर्जनों किसानों ने बुकिंग और वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। किसानों ने जिला प्रशासन से बुकिंग साइट को पर्याप्त समय तक खोलने, खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि खेती के इस महत्वपूर्ण समय में खाद के लिए उन्हें भटकना न पड़े, इसके लिए प्रशासन को ठोस पहल करनी चाहिए।

सीएम ने डीबीटी से भेजी कृषि इनपुट अनुदान की राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। बिहार सरकार के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों के खाते में कृषि इनपुट अनुदान की राशि डीबीटी से अंतरित की गई। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय सहित कृषि विभाग के वरीय अधिकारी समाहरणालय के कक्ष से जुड़े। जिले में कुल 56,552 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से सत्यापन के बाद 50,634 पात्र किसानों के खाते में कुल 27 करोड़ 62 लाख 53 हजार 227 रुपये भेजे गए हैं। सत्यापन की प्रक्रिया में कृषि समन्वयक स्तर पर 50,925 स्वीकृत और 3,945 अस्वीकृत हुए, जबकि 1,682 अभी प्रक्रियाधीन हैं। सहायक कृषि पदाधिकारी स्तर पर 50,664 स्वीकृत, जिला कृषि पदाधिकारी स्तर पर 50,652 स्वीकृत और अपर समाहर्ता स्तर पर अंतिम रूप से 50,634 आवेदन स्वीकृत किए गए। इस मौके पर डीएम रिची पाण्डेय ने शेष 1,682 लंबित आवेदनों का सत्यापन समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से पूरा करने और पात्र किसानों को बिना विलंब लाभ देने का निर्देश दिया।

डीएम ने किया उद्योग संवाद का आयोजन

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और निवेशकों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से बुधवार को औद्योगिक विकास केंद्र के सभागार में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में उद्योग संवाद का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, औद्योगिक विकास केंद्र के अधिकारी और जिले के निवेशक शामिल हुए। संवाद के दौरान निवेशकों ने आधारभूत सुविधाओं, बिजली, पानी, सड़क और विभागीय प्रक्रियाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। डीएम ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने और विभागों के बीच समन्वय बनाकर ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और निवेशकों को सहयोग देना प्रशासन की प्राथमिकता है।डीएम ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाएगा और प्रशासन-निवेशकों के बीच नियमित संवाद बनाए रखा जाएगा। संवाद के बाद डीएम ने प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स इकाई का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली का जायजा लिया। मौके पर महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, विद्युत, जल संसाधन, पथ निर्माण सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी और कई औद्योगिक इकाइयों के निवेशक मौजूद थे।

एक नजर

जरूरतमंद बच्चों के बीच बांटी शैक्षणिक सामग्री

बखरी (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बखरी प्रखंड क्षेत्र के बैरवा टोला में राहुल मैक्स ने जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, कलम, पेंसिल, रबर और ज्योमेट्री बॉक्स सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य गरीब और वंचित बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना है। इस सराहनीय पहल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाने और उनकी शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया गया। राहुल मैक्स की इस पहल को जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

चार आरोपित गिरफ्तार

बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बलिया थाना पुलिस ने बुधवार को दो अलग-अलग कांडों में कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने दी। पहला मामला बलिया थाना कांड संख्या 529/26 का है। जिसमें जमीनी विवाद को लेकर संदीप दियारा निवासी बबलू यादव ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें सोनदीपी दियारा के तीन अभियुक्तों - 61 वर्षीय मुसहरू यादव, 25 वर्षीय बब्लू यादव और 60 वर्षीय रामसेवक यादव को गिरफ्तार किया गया। दूसरा मामला कांड संख्या 495/26 का है, जिसमें शराब बरामदगी के दौरान पुलिस पर जानलेवा हमला और पिस्टल छीनने का आरोप है। इस मामले में कमालपुर निवासी 30 वर्षीय छोटू महतो को गिरफ्तार किया गया, जो अप्राथमिकी अभियुक्त है। इस मामले में मद्य निषेध अधिनियम के तहत भी केस दर्ज है।

स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। तेयाय ओपी पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान तेयाय ओपी क्षेत्र के पाली गाँव निवासी बद्री सिंह का पुत्र रोहित कुमार व इसी गाँव के मुन्ना पासवान का पुत्र सचिन कुमार के रुप में हुई है /ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पाली क्षेत्र में स्मैक की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद तेयाय ओपी पुलिस ने त्वरित छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों युवकों को पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में उनके पास से कुल 11.35 ग्राम स्मैक, 03 मोबाइल फोन और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एन डी पी एस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

एनबी वारंटी गिरफ्तार

भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भगवानपुर थाना पुलिस ने न्यायालय के द्वारा जारी एनबीडबल्यू वारंट के आलोक में कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के मननपुर निवासी स्वर्गीय खुशी महतो के पुत्र सत्तो महतो के रूप में हुई है। बताया जाता है कि माननीय न्यायालय ए.सी .जे.एम., टेघड़ा द्वारा जी.आर. संख्या.- 3183/15, भगवानपुर थाना कांड सं.- 155/15 में आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। आरोपी पर भादवि की धारा 341, 323, 448, 506/504 के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय ने आदेश दिया था कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर दिनांक 10/09/2026 में हाजिर किया जाए। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में भगवानपुर थाना पुलिस ने उक्त अभियुक्त को उसके घर से विधि सम्मत गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

हत्याकांड में दो की जमानत खारिज

बीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। चर्चित बार्डेन हत्याकांड में पटना हाईकोर्ट के आदेश पर मगध रेंज के आईजी विकास वैभव और एसआईटी द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने के बाद निचली अदालत ने सत्र विचारण के लिए मामला जिला जज को कमिट कर दिया है। सूचिका तेजस्विनी के अधिवक्ता अमरेन्द्र कुमार अमर ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संजय कुमार की अदालत ने इस हत्याकांड के अभियुक्त कौशल कुमार और अजीत कुमार बबलू की जमानत याचिका खारिज कर दी। जमानत खारिज होने के बाद न्यायिक दंडाधिकारी मानस सोनेवाल की कोर्ट ने धारा 302 भादवि के तहत सत्र विचारण के लिए जिला जज के पास भेज दिया। आईजी विकास वैभव के नेतृत्व में एसआईटी ने लगभग 1000 पन्नों की डायरी और आरोप पत्र समर्पित किया है, जिसमें 30 गवाहों की गवाही और 37 दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न हैं। अधिवक्ता अमर ने बताया कि एडीजे प्रथम की अदालत में जमानत आवेदन पर पांच दिनों तक बहस और सूचक पक्ष के प्रतिउत्तर के बाद जमानत खारिज की गई। हाईकोर्ट के पुनः अनुसंधान के आदेश के बाद ही एसआईटी ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी की थी। इस दौरान विशेष एसआईटी टीम के सदस्य न्यायालय में मौजूद रहे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार में एसआईआर के बाद मतदाता सूची से छूटे पात्र लोगों और नए युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए नावकोठी प्रखंड में गुरुवार से एक माह का विशेष अभियान शुरू होगा। इसे लेकर बुधवार को ई-किसान भवन में 143 चेरियाबरियारपुर और 147 बखरी विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ राहुल रंजन ने की।बीडीओ ने बीएलओ को अपने पोषक क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे करने और एसआईआर के दौरान विलोपित नामों का सत्यापन कर पात्र मतदाताओं की पहचान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य नागरिक छूटना नहीं चाहिए। अभियान में मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं का सत्यापन कर प्रतिदिन प्रतिवेदन भेजना होगा। पूर्व सूची में नाम रहने के बावजूद छूट गए लोगों का प्रपत्र-6 भरवाकर नाम जोड़ा जाएगा।पहली बार मतदाता बनने वाले युवा, छात्र-छात्राएं, महिलाएं और वंचित वर्ग पर विशेष ध्यान देने, बीएलए के साथ समन्वय रखने और नाम, उम्र, फोटो, लिंग की त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। मौके पर विभाकर कुमार, रविंद्र कुमार, एहतेशामुल हक, धर्मशील कुमार, साकेत कुमार सहित अन्य बीएलओ मौजूद थे।

मंदिरों में गूंज रहा दुर्गा सप्तशती का पाठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। बुधवार को नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने माता भगवती के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ आराधना की। प्रखंड के सभी मंदिरों में सुबह से ही पाठ करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु सुबह उठकर नित्य क्रिया से निवृत्त होकर स्नान के बाद मां की आराधना में लीन हो जा रहे हैं। संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कलश स्थापना के दिन से ही मंदिरों में दीप जलाने की परंपरा शुरू हो गई है। कुमारी कन्याएं और महिलाएं नित्यशाम मंदिर में दीप जलाने पहुंच रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पहले तक दीप जलाने का इतना प्रचलन नहीं था, लेकिन हाल के कुछ वर्षों में यह परंपरा काफी बढ़ गई है। प्रखंड के शक्तिपीठ लखनपुर, तेयाय सहित अन्य सभी दुर्गा मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। शक्तिपीठ लखनपुर में तो इस दौरान कुमारी कन्याओं और महिलाओं की विशेष भीड़ उमड़ती है। प्रखंड क्षेत्र के दादपुर, संजात और तेयाय में भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन संध्या काल में बड़ी संख्या में कथा प्रेमी कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

फार्मर रजिस्ट्रेशन आईडी निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य करें हासिल : डीएम

विशेष कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराने और पीएम सूर्य घर योजना का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को हनुमाननगर प्रखंड कार्यालय में फार्मर रजिस्ट्रेशन आईडी निर्माण एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के कर्मियों को प्रखंड क्षेत्र के सभी पात्र किसानों की फार्मर रजिस्ट्रेशन आईडी बनवाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को कहा। उन्होंने पंजीकरण कार्य में तेजी लाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने और किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि उन्हें कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वहीं, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को चिह्नित कर आवेदन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा इच्छुक उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने के साथ आवेदन प्रक्रिया में भी आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इससे अधिकाधिक परिवारों को योजना का लाभ मिल सकेगा। बैठक की बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ, हनुमाननगर के अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) मोना ऋचा सहित कृषि एवं विद्युत विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

मरीजों और ग्रामीणों को मिलेगी निःशुल्क कानूनी सहायता

लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। मंझौल अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय सिंह ने किया। इस क्लीनिक से अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और आसपास के ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता और परामर्श मिल सकेगा। क्लीनिक का उद्देश्य जरूरतमंदों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से लोग अपनी कानूनी समस्याओं की जानकारी और सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझ सकेंगे। कार्यक्रम में सब जज अवनींद्र प्रकाश, मुंसिफ अपराजिता आनंद, एसडीजेएम मुकेश कुमार और डीएलएसए सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्य मौजूद रहे। मौके पर पैनल अधिवक्ता शरद कुमार, अनुमंडल वकील संघ के अध्यक्ष विजय कुमार झा, सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, अधिवक्ता कुंदन कुमारी, अभिषेक कुमार, पीएलवी रामसागर राम के साथ अस्पताल प्रभारी डॉ. शिवम आनंद और प्रबंधक गौरी शंकर भी उपस्थित थे।

सिंटेक्स ने लॉन्च किया 50 साल की वारंटी वाला वॉटर टैंक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। वॉटर स्टोरेज सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंटेक्स ने एटर्नो वॉटर टैंक लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार, इस टैंक पर 50 साल की वारंटी दी जा रही है।

100 प्रतिशत फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से निर्मित यह टैंक पानी के सुरक्षित भंडारण के लिए तैयार किया गया है। इसमें एक्टिव सिल्वर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो शैवाल, फंगस और बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों की वृद्धि रोकने में मदद करती है। इसका यूवी-प्रोटेक्टेड ढक्कन पानी को बाहरी गंदगी से बचाने में सहायक है।

कंपनी के मुताबिक, टैंक को विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में टिकाऊ प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया है। यह एनएसएफ 61 और एनएसएफ 372 मानकों के अनुरूप है। इसकी मजबूत संरचना और विशेष पॉलिमर तकनीक इसे अधिक टिकाऊ बनाती है। 1000 लीटर क्षमता वाले टैंक का वजन लगभग 33 किलोग्राम है। इसका उपयोग घरों, व्यावसायिक परिसरों और संस्थानों में किया जा सकता है।

स्कूल में मोबाइल चलाने वाले शिक्षकों का रुकेगा वेतन : बीइओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के मोबाइल इस्तेमाल को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने सख्त निर्देश जारी किया है। विद्यालय की कार्यावधि के दौरान शिक्षकों को मोबाइल का उपयोग नहीं करने का आदेश दिया गया है। निर्देश का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों का वेतन स्थगित करने के साथ ही उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को अनुशंसा की जाएगी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, भगवानपुर की ओर से 13 अक्टूबर को जारी कार्यालय आदेश में प्रखंडाधीन सभी शिक्षक, प्रधान शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं संबंधित विद्यालयों के प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के बाद सभी शिक्षक अपना मोबाइल विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सौंप देंगे।आदेश के अनुसार, विद्यालय निरीक्षण के दौरान किसी शिक्षक को मोबाइल चलाते हुए पाए जाने अथवा इस संबंध में सूचना मिलने पर संबंधित शिक्षक या प्रधानाध्यापक का वेतन स्थगित करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को अनुशंसा भेजी जाएगी। शिक्षा विभाग के इस निर्देश का उद्देश्य विद्यालय की कार्यावधि में शिक्षकों की सक्रियता बनाए रखना और पठन-पाठन व्यवस्था को बेहतर करना है।

पुलिस ने खोये मोबाइल को धारक को सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। बलिया थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत तकनीकी अनुसंधान कर खोया हुआ मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक धारक को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर धारक ने पुलिस के प्रति आभार जताया। इस संबंध में बलिया थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के लखमिनिया निवासी राजीव साह की पत्नी सोनम कुमारी ने मोबाइल खोने की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को बरामद कर लिया। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए मोबाइल उसके वास्तविक धारक को सौंप दिया गया।

पुलिस ने बरामद किया खोया मोबाइल

बखरी (बेगूसराय)। बखरी पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए खोया हुआ मोबाइल बरामद कर उसके मूल धारक को सौंप दिया। मोबाइल वापस मिलने पर धारक ने पुलिस के प्रति आभार जताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरामद मोबाइल विकास पासवान, पिता राजकुमार दास, ग्राम पंडारक, थाना पंडारक, जिला पटना के निवासी का था। वर्तमान में वे बेगूसराय जिले के बखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनमा गांव में रह रहे हैं। बखरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बरामद मोबाइल विकास पासवान को सुपुर्द कर दिया गया है।

बेतरतीब परिचालन से सड़कें हो गईं संकीर्ण, आवागमन में परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बेहतर आवागमन के लिए शासन ने सड़कों की हालत तो सुधारी है परंतु बेतरतीब ढंग से सड़कों पर फैल रहे अतिक्रमण और वाहनों की बेढंगी पार्किंग से सड़कें संकीर्ण हो रही हैं। जिला मुख्यालय के प्रमुख सड़कों पर प्रतिदिन बिगड़े यातायात से लोग परेशान हो रहे हैं परंतु बेखबर जिम्मेदार सड़कों को अस्थाई अतिक्रमण से मुक्त कराने कोई कारगर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। शहर के कई प्रमुख सड़कों का दायरा दुकानों के लगातार बढ़ते अतिक्रमण और वाहनों की मनमानी पार्किंग से कम हो गया है। जिससे सुबह-शाम जब लोगों की आवागमन बढ़ती है तो कई बार जाम लगने की समस्या बनती है। छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए भी सड़क पर पर्याप्त जगह मिलना मुश्किल हो जाता है। प्रशासन दूबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तो होती है लेकिन सड़कों पर काबिज अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों को प्रतिदिन मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। रमेश चौक से धर्मशाला चौक व महाराजगंज रोड में बदहाल स्थिति रहती है। सुबह और शाम के वक्त तो हालत यह रहती है कि बेढ़ंगे यातायात से राहगीरों को भी सुरक्षित निकलना मुश्किल हो जाता है। कई दुकानों का सामान सड़क तक फैला रहता है। दुकानों के सामने ही दोपहिया, चारपहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग रहती है। जिससे यहां हमेशा ही यातायात बिगड़ा रहता है। शाम होने के साथ ही यातायात की अराजक स्थिति हो जाती है। जिससे कई बार यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते में काफी परेशानी होती है। बता दें कि नगर परिषद के द्वारा रमेश चौक व बद्री मार्केट में पार्किंग स्थल बनाया गया है। दोपहिया वाहन के पार्किंग के लिए पांच रुपये एवं चारपहिया वाहन के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित की गई है। पार्किंग स्थल इतनी बड़ी नहीं है जहां ज्यादातर वाहनों को खड़े किए जा सके। बराटपुर के विजय सिंह, पुकार सिंह सहित कहते हैं कि सड़क पर अवैध पार्किंग से प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है।

रुनिया गांव के समीप तीखा मोड़ दे रहा दुर्घटनाओं को निमंत्रण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले में सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। बता दें कि इन दिनों सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं, जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखे मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या बन सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है। नतीजा होता है कि दो पहिया सवार तो इन तीखे मोड़ का निशाना बन ही जाता है। जिले में ऐसे तीखे मोड़ हैं जहां अक्सर दुर्घटनाएं घट जा रही हैं। बेरी जाने वाली पथ में बलार मोड़ के समीप ऐसे तीखे मोड़ हैं जो अक्सर हादसे को निमंत्रण देते हैं और वहां हादसा होने की संभावना बनी है। इसके आगे एक पुल है। पुल के पास रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। रात्रि के अंधेरे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक को काफी परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में वाहन पलटकर नदी में गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि पुल का निर्माण वर्षो पहले सिचाई विभाग द्बारा कराया गया था। पुल पर रेलिंग का भी निर्माण कराया गया था जो अब टूट गया है। रेलिंग के टूटने से भी राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। बेरी के मुन्ना सिंह, मिंटू चंद्रवंशी सहित ने बताया कि पुल पर रेलिंग कराने की आवश्यकता है। बच्चे इसी पथ से रफीगंज स्कूल मे पढ़ने जाते हैं। बच्चें पुल में कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता।

बाढ़ प्रभावित 36,060 किसानों के बैंक खातों में राशि अंतरित

भोजपुर जिले के 7 प्रखंडों की 84 पंचायतों के किसानों को मिला कृषि इनपुट अनुदान का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। बिहार राज्य में अगस्त, 2026 के अंतिम सप्ताह में अतिवृष्टि एवं विभिन्न नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण उत्पन्न बाढ़ से प्रभावित फसलों की क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत किसानों से डीबीटी पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 14 अक्टूबर, 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे मुख्यमंत्री, बिहार के कर-कमलों द्वारा राज्य के 18 बाढ़ प्रभावित जिलों के कुल 2,48,704 किसानों के बीच 112.52 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर भोजपुर जिले के 7 प्रखंडों की 84 पंचायतों के कुल 36,060 किसानों के बैंक खातों में कुल 11,08,25,534 रुपये (लगभग 11.08 करोड़ रुपये) की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। शेष पात्र किसानों को अनुदान राशि का भुगतान भी विभाग द्वारा शीघ्र किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा, अपर समाहर्ता (आपदा) तथा जिला कृषि पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

एसडीओ के जनता दरबार में 12 में से सात मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कुल 12 मामलों को प्रस्तुत किया गया, जिनकी गंभीरता पूर्वक सुनवाई की गई। सुनवाई के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने दोनों पक्षों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। इनमें से 7 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि शेष 5 मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भूमि विवादों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करना तथा आम जनता को अनावश्यक परेशानी से राहत दिलाना है। अनुमंडल प्रशासन भूमि विवादों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए उनके शीघ्र निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है।

महिला की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भोजपुर। बिहार के भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआवं गांव में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला को पेट में गोली मारी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या का आरोप उसके भैंसुर सुमंत कुमार राय पर लगाया जा रहा है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान अगिआवं गांव निवासी अमित कुमार राय की 40 वर्षीय पत्नी सीमा देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों और स्थानीय लोगों के बीच भी घटना को लेकर आक्रोश और तनाव का माहौल है. जानकारी के अनुसार, सीमा देवी को पेट में गोली मारी गई। गोली लगने के बाद महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी सुमंत कुमार राय वहां से फरार हो गया। हत्या के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार और गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और घटना से जुड़े तमाम पहलुओं की जांच शुरू कर दी है. पुलिस फिलहाल हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है. घटना के पीछे क्या वजह रही और वारदात किस परिस्थिति में हुई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी सुमंत कुमार राय की गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई कर रही है. फिलहाल पुलिस की जांच के बाद ही हत्या की पूरी वजह और वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों का पता चल सकेगा. घटना को लेकर पुलिस ने आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

पात्र मतदाताओं का पंजीकरण पूरा करने का निर्देश

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिले के वारिसनगर प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को किशनपुर स्थित भागवत ठाकुर उच्च विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी आमना वसी एवं 132 वारिसनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अवर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आलोक में छूटे हुए मतदाताओं तथा युवा एवं पहली बार मतदान के लिए पात्र मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे अपने- अपने मतदान केंद्रों पर 15 एवं 16 अक्टूबर को उपस्थित रहकर पात्र मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य पूरा करें, ताकि कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने छूटे हुए मतदाताओं तथा युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बीएलओ को पंजीकरण से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। बैठक में प्रखंड के सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने मतदाता पंजीकरण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करने पर जोर दिया।

देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। बुधवार को गश्ती के क्रम में मोरवारा चौक पर सिंघिया थाना की पुलिस द्वारा वाहन जांच की जा रही थी। वाहन जांच के क्रम में एक टेम्पो की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में एक व्यक्ति को एक अवैध देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस एवं 4000 रूपया के साथ पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम रजनीश कुमार पिता अरूण सिंह साकिन मोरवारा, थाना सिंघिया जिला समस्तीपुर निवासी बताया, जिसके संदर्भ में जांचोंपरान्त पाया गया कि इसके विरूद्ध पूर्व में भी कांड दर्ज है। पुलिस द्वारा अग्रीम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने पकड़े गये व्यक्ति के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, नगद 4000 रूपया बरामद किया। छापामारी दल में पु0अ0नि0 सुरेश यादव सिंघिया थाना, सिपाही आदित्यानन्द यादव सिंघिया थाना, सिपाही राहुल कुमार सिंघिया थाना शामिल थे।

मझौली गंगा घाट में डूबने से युवक की मौत

तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, परिवार में कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा प्रखंड के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मझौली गंगा घाट पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा स्नान करने गए 40 वर्षीय तारकेश्वर गोंड उर्फ मुनी गोड़ की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद सोहरा पंचायत के वार्ड संख्या 10 स्थित उनके घर में कोहराम मच गया है। तीन मासूम बच्चों ने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया। मृतक की पहचान सोहरा पंचायत वार्ड-10 निवासी अलगू गोंड के पुत्र तारकेश्वर गोंड उर्फ मुनी गोड़ (40) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि तारकेश्वर रोज की तरह सुबह गंगा स्नान करने मझौली घाट गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गए। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कृष्णगढ़ थानाध्यक्ष रौशन कुमार व पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम ने घंटों तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया और काफी मशक्कत के बाद शव को बरामद कर बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया। तारकेश्वर की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे पत्नी कमलावती देवी और तीन मासूम बेटों को छोड़ गए हैं। बड़ा बेटा आशीष कुमार 10 साल का है जो कक्षा 7 में पढ़ता है।

पैगा गांव में छापेमारी कर मारपीट व धमकी सहित कई मामले में फरार आरोपित छोटू सिंह धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के पैगा गांव में छापेमारी कर एक कांड में लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महेंद्र सिंह उर्फ छोटू सिंह, पिता गोविंदा सिंह उर्फ मनोज सिंह, साकिन पैगा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ बड़हरा थाना में कांड संख्या 148/26, दिनांक 28/06/2026 के तहत गंभीर धाराओं मारपीट , धमकी, हमला में मामला दर्ज था। आरोपी पर धारा 126(2), 115(2), 352, 351(2) और 109(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज है। थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था और लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव पैगा में छिपा है, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को बड़हरा थाना लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष चुनमुन ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी में थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी सहित अन्य कई पुलिस बल मौके पर मौजूद थे।

गंगा नदी में नाव परिचालन पर लगी रोक की निगरानी बढ़ी

राघोपुर नाव दुघर्टना के मद्देनजर विशेष सतर्कता का निर्देश

संबंधित विभाग को डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। वैशाली के राघोपुर में हुए भीषण नाव दुघर्टना को देखते हुए भागलपुर जिले के विभिन्न हिस्सों में गंगा नदी में अवैध नाव परिचालन पर लगी रोक की निगरानी और बढ़ा दी गई है। भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने आज यहां बताया कि गंगा नदी में आई बाढ़ के समय से जिले में अवैध रुप से चलने वाले बड़े-छोटे नावों के परिचालन पर रोक लगी हुई है और इसकी कड़ी निगरानी की जा रही है। इधर कल रात वैशाली जिले में हुई बड़ी नाव दुघर्टना के मद्देनजर इस जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध नाव परिचालन संबंधी चौकसी बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सुल्तानगंज, खरीक, बिहपुर, नाथनगर, गोपालपुर, नारायणपुर, कहलगांव, पीरपैंती आदि जगहों के नदी किनारे और दियारा क्षेत्रों में अवैध एवं निजी नाव परिचालन पर लगी रोक के अनुपालन हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही एसडीआरएफ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रीमती पांडेय ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित गंगा घाटों पर निर्धारित क्षमता एवं लाइसेंस वाले नावो को छोड़ कर अवैध और चोरी छिपे नावो के परिचालन के रोकथाम के लिए पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। वहीं परिवहन विभाग के अधिकारियों को चौबीस घंटे नजर रखने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के नदी किनारे वाले उन प्रखंडों के दियारा क्षेत्रों में अभी पर्व- त्योहार के समय सूर्य ढलने के बाद से (रात में) किसी भी तरह के नाव परिचालन पर पूर्णतय रोक लगी हुई है। इसकी सतत निगरानी के लिए जिले के तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों के साथ दो गिरफतार

भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने आज अलग-अलग घरों से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बुधवार को यहां बताया कि ललमटिया क्षेत्र के मोहनपुर नरगा गांव में कुछ लोगों द्वारा अवैध रुप से मादक पदार्थों को एकत्र कर खरीद-बिक्री करने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक के निगरानी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर -2 एवं स्थानीय थानाध्यक्ष की अगुवाई में गठित विशेष पुलिस टीम ने उक्त गांव में दो सहोदर भाईयो के घरों पर छापा मारा।

उन्होंने बताया कि इस दौरान दोनों घरों से 230 ग्राम गांजा, 1 हजार 76 बोतल कोरेक्स सिरप एवं 310 पीस नशीले दवाई जब्त किया गया है। मौके पर से दोनों भाई कन्हैयालाल मंडल एवं बालेश्वर मंडल की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस दोनों से कड़ी पूछताछ कर रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस द्वारा दोनों अपराधियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस अवैध कारोबार में लिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

बेरी गांव के नहर पुल पर लाइट व घेराबंदी नहीं होने से राहगीरों को होती है परेशानी

औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिले के मदनपुर प्रखंड के बेरी गांव के समीप मुख्य पथ पर स्थित नहर पुल एक जानलेवा बन गया है। पुल के दोनों ओर घेराबंदी और लाइट लगाने की मांग तेजी से उठ रही है। इस तीखे मोड़ से दिन रात वाहनों का आवागमन होता है जिससे यह कहना मुश्किल है कि कब कौन सा वाहन नहर में गिर जाएगा। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और जब भी ऐसा होता है ग्रामीण उग्र हो जाते हैं और कई बार सड़क जाम कर देते है। इस समस्या के समाधान के लिए केवल आश्वासन ही मिलता है। बता दें कि सड़क से गुजरने वाले विशेषकर लोग हमेशा खतरे में रहते हैं।

बिहार सरकार

कार्यालय नगर परिषद्, अरवल

अति–अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना सं0– 10/2026-2027

लोक आस्था का महापर्व कार्तिक छठपूजा 2026 के अवसर पर छठघाटों 1. अहियापुर 2. अरवल लख, 3. जनकपुर घाट, 4. मोथा सूर्य मंदिर, 5.मल्ही पट्टी, 6. मुरादपुर हुजरा (कागजी मोहल्ला), 7. बैदराबाद घाट, 8. ओझा विगहा, 9 खानकुलीपुर एवं 10. सुर्य मंदिर ठाकुरवाड़ी बैदराबाद घाट एवं पहुँच पथों पर अस्थायी प्रकाश व्यवस्था हेतु निम्न सामग्रियों की आवश्यकता है।

अतः आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म से दिनांक 28.10.2026 के 12.30 बजे अपराहन तक सामग्रियों का दैनिक भाड़ा/दर/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 28.10.2026 को 2.00 बजे अपराहन में दर कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में क्रय समिति/सशक्त स्थायी समिति के समक्ष दर विवरणी खोली जाएगी एवं न्यूनतम दर वाले कोटशनदाता को आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति का आदेश निर्गत किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, अरवल

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013644 (B&C) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण विशेष अभियान की डीएम ने की समीक्षा

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण विशेष अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जमाबंदियों में छूटे लगान, रकबा, खाता एवं खेसरा विवरण दर्ज करने तथा त्रुटियों के सुधार की अंचलवार प्रगति की समीक्षा की गई। राजस्व महा-अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, नामांतरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण, परिमार्जन, ई-मापी तथा जमाबंदियों की आधार सीडिंग के कार्यों पर भी चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों, विशेषकर लंबे समय से लंबित आवेदनों के प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन तथा धीमी प्रगति वाले अंचलों में कार्य को गति देने पर बल दिया गया। आम नागरिकों को भूमि संबंधी सेवाएँ पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिए नियमित निगरानी एवं आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, भोजपुर, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व प्रशाखा, सभी अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खुला नाला बना हादसे का सबब

औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शहर और आसपास के इलाके में जीटी रोड के किनारे खुला नाला राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। नाले पर ढक्कन या पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है। जीटी रोड जिले की प्रमुख सड़कों में शामिल है और इस मार्ग पर दिन-रात बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। सड़क किनारे खुले नाले के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ती है।

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: JAN SURAAJ PARTY

Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar-2026

Name of State/UT: BIHAR

1.	2.	3.	4.		5.		
S.no.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
	Patna Graduates Constituency	Anuj Singh	JM (1 st Class) Nawada, GR No 2533/2012 & Pending	SECTION: 341, 354 of IPC	NIL	NIL	NIL

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
(E-Mail Id:- eenkcd1aurangabad@gmail.com)
बिहार सरकार
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्य का विवरण :–

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन मोड / ऑफ लाईन मोड में भुगतान)	परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	कार्य समाप्ति की तिथि
01	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के अंतगर्त केशहर बाँया नहर के कि0मी0–8.10 पर वर्टिकल फॉल का नव–निर्माण कार्य।	16.0983	32200.00	5000.00	1180.00	15 मार्च 2027
02	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के अंतगर्त केशहर दायाँ नहर के कि0मी0–4.20 पर बॉक्स कल्वर्ट का नव–निर्माण कार्य।	15.32057	30700.00	5000.00	1180.00	15 मार्च 2027
03	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के अंतगर्त केशहर बाँया नहर के कि0मी0–1.80 पर बॉक्स कल्वर्ट का नव–निर्माण कार्य।	25.28166	50600.00	5000.00	1180.00	15 मार्च 2027
04	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के अंतगर्त केशहर दाँया नहर के कि0मी0–0.5 पर बॉक्स कल्वर्ट का नव–निर्माण कार्य।	25.28166	50600.00	5000.00	1180.00	15 मार्च 2027

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 13.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 28.10.2026 से 31.10.2026 के 03:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 29.10.2026, 03:00 बजे अपराहन में अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर अंचल, औरंगाबाद।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 02.11.2026, 03:30 बजे अपराहन। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

(ई0 मो0 आरिफ अहमद)
कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 013673 (W R D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

अधिकाधिक लोगों को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने पर डीएम का जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी कार्यालय प्रधानों एवं संबंधित पदाधिकारियों को योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अपने-अपने कार्यालयों एवं क्षेत्रों में अधिकाधिक लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कार्यपालक विद्युत अभियंता को निर्देश दिया कि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को योजना की प्रक्रिया, लाभ तथा रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी मिल सके। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने और अधिकाधिक उपभोक्ताओं को इससे जोड़ने पर विशेष जोर दिया। 14 अक्टूबर को उपलब्ध विभागीय प्रतिवेदन के अनुसार जिले में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक कुल 1,549 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें औरंगाबाद विद्युत प्रमंडल में 1,169 तथा दाउदनगर विद्युत प्रमंडल में 380 आवेदन शामिल हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के वार्ड सदस्यों, मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आवेदन करने तथा अपने आवास की छत पर रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने इस कार्य में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आम लोगों के बीच योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, भूमी सुधार उप समाहर्ता श्री श्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, विद्युत विभाग के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कमीशनखोरी और वित्तीय अनियमितता का आरोप

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। रफीगंज प्रखंड के शिक्षा विभाग में कथित वित्तीय अनियमितता, कमीशनखोरी और पद के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) ने रफीगंज के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखापाल पवन मिश्रा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजे गये पत्र में सरकारी राशि का कथित गबन, भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और पद के दुरुपयोग समेत कई गंभीर आरोपों का उल्लेख किया गया है। पत्र के अनुसार विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की लिखित शिकायतों, वित्तीय लेन-देन, खेल सामग्री की खरीद, बैंक खातों के संचालन, निर्गत पंजी और एक शिक्षिका की प्रतिनियुक्ति से जुड़े मामलों की समीक्षा की गयी है। वहीं बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत प्रसाद और जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने भी जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रफीगंज बीइओ, लेखापाल और संबंधित वेंडर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा जिले के शेष 10 प्रखंड संसाधन केंद्रों की जांच कराने की मांग की है।

ट्रैक्टर से दबकर बालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में बुधवार को बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से नौ वर्षीय बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी विनोद पासवान के पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजन गुड्डू कुमार और विक्की कुमार ने बताया कि गांव में बालू लदे ट्रैक्टर को पीछे किया जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर का पिछला पहिया बालक के ऊपर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक डॉ. संजय कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने ट्रैक्टर व चालक को पकड़ने के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसआई पप्पू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर थाना पहुंचाया। बताया जाता है कि हिमांशु दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता विनोद पासवान बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां गुड़िया देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। ट्रैक्टर और उसका चालक चौबड़ा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर पर तेज आवाज में गाना बज रहा था। ग्रामीणों के चिल्लाने के बावजूद चालक आवाज नहीं सुन पाया और इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से वाहनों पर तेज आवाज में डीजे या साउंड बजाने पर रोक लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और थानाध्यक्ष शंभू कुमार अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने शोकाकुल परिजनों को समझाया और सांत्वना दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया गया। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, भाजपा नेता सुबोध सिंह और लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान ने भी अस्पताल पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

कुएं में डूबने से किशोर की मौत

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। कुटुंबा प्रखंड के गोवास गांव में कुएं में डूबने से 17 वर्षीय किशोर सत्येन्द्र कुमार की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोवास गांव निवासी सोहन साव के इकलौते पुत्र सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम करीब सात बजे सत्येन्द्र घर के बाहर दोस्तों के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान वह कुछ दूरी पर स्थित एक कुएं के पास लघुशंका करने गया। बताया जाता है कि रात के अंधेरे में कुएं का अंदाजा नहीं लगने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह उसमें जा गिरा। सत्येन्द्र के कुएं में गिरते ही उसके दोस्तों और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। उसे बचाने के लिए ग्रामीण तत्काल जुट गए। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण सत्येन्द्र को आनन-फानन में रेफरल अस्पताल, कुटुंबा ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

बाबा साहेब सामाजिक न्याय के सच्चे पुरोधा थे : प्रो. दिलीप कुमार केशरी

राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण, राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद के डॉ. भीमराव आंबेडकर सभागार में बुधवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण और 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में डॉ. भीमराव आंबेडकर के सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रतिमा का अनावरण मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक न्याय के सच्चे पुरोधा थे और उन्होंने वंचितों एवं शोषितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने युवाओं से 'शिक्षित बनो और संघर्ष करो' के संदेश को अपनाकर समाज के नवनिर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. विजय रजक के स्वागत भाषण और विषय-प्रवेश से हुआ। विशिष्ट अतिथि मगध विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब के शैक्षिक एवं सामाजिक विचार युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। समतामूलक राष्ट्र के निर्माण के लिए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारना चाहिए। मुख्य वक्ता सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमेश सिंह ने कहा कि वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिवेश में आंबेडकर के विचार मार्गदर्शक हैं। उनके दर्शन में आधुनिक लोकतंत्र की सफलता निहित है। आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. नरेश कुमार सिंह ने किया। आयोजन के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने बाबा साहेब के आदर्शों, संविधान में निहित मूल्यों तथा शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर एस. सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, जे.जे. कॉलेज, गया के पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. सत्येंद्र प्रजापति, नालंदा महिला कॉलेज, बिहारशरीफ के प्राचार्य प्रो. जितेंद्र रजक, किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह, पूर्व विधायक विनोद कुमार यादवेंदु, एस.एम.एस.जी. कॉलेज, शेरघाटी के प्राचार्य प्रो. डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

पुनपुन नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र के बेला गांव के पास पुनपुन नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने नदी में शव तैरता देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। उपहारा थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि शव क्षत-विक्षत हालत में था। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक रखा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी इसी जगह के आसपास से एक शव मिला था।

औरंगाबाद में खुला ट्रेंड्स फुटवियर का भव्य शो रूम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र एमजी रोड स्थित साईं बिजौली कंप्लेक्स में बुधवार को ट्रेंड्स फुटवियर के नए स्टोर का भव्य शुभारंभ किया गया। रमेश सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन, प्रोपराइटर संजीव कुमार की मां अहिल्या देवी, स्टोर के प्रोपराइटर संजीव कुमार, बबलू जैन, जीतू जैन समेत कंपनी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काट और दीप जलाकर ट्रेंड्स फुटवियर का उद्घाटन किया। स्टोर के प्रोपराइटर संजीव कुमार एवं बबलू जैन ने कहा कि ट्रेंड्स फुटवियर के नए स्टोर में ग्राहकों को नवीनतम कलेक्शन देखने और अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी करने का अवसर मिलेगा। स्टोर के शुभारंभ के मौके पर विशेष उद्घाटन ऑफर भी उपलब्ध रहा जिसके माध्यम से ग्राहकों ने अपने पसंदीदा फुटवियर की खरीदारी की। स्टोर में एडिडास, स्केचर्स, पूमा, रीबॉक, कैंपस, ड्यूक, परफॉर्मेंस, ली कूपर, आईडी, क्लार्क्स, स्कूमैन, क्रिस्टफानो कैटवॉक, हाई एटीट्यूड, फ्रिसबी, विवियाना आदि कंपनियों के फुटवियर हर रेंज में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि और उनकी पसंद को प्राथमिकता देना हमारी कोशिश रहेगी। गौरतलब है कि शहर में ट्रेंड्स फुटवियर स्टोर के खुलने से ग्राहकों को खरीदारी के लिए एक और विकल्प उपलब्ध हो गया। एमजी रोड शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में शामिल है जहां खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में साईं बिजौली कंप्लेक्स में ट्रेंड्स फुटवियर का नया स्टोर खुलना ग्राहकों के लिए सुविधाजनक है।

औरंगाबाद के 4,011 किसानों को मिला कृषि इनपुट अनुदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अगस्त माह में हुई आकस्मिक वर्षा के कारण फसल क्षति से प्रभावित किसानों को कृषि इनपुट अनुदान राशि का भुगतान किया गया। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद जिला से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज उपस्थित थे। इस क्रम में औरंगाबाद जिले के 5 प्रखंडों की 42 पंचायतों के कुल 4,011 किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से कुल 1 करोड़ 92 लाख 49 हजार 623 रुपये की अनुदान राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री द्वारा बटन दबाकर अनुदान राशि सीधे लाभुक किसानों के बैंक खातों में अंतरित की गई, जिससे प्रभावित किसानों को कृषि इनपुट अनुदान का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। इस योजना के तहत औरंगाबाद जिले में कुल 2,718 एकड़ प्रभावित रकबा के लिए बिहार सरकार से स्वीकृति प्राप्त हुई है। कृषि इनपुट अनुदान का उद्देश्य आकस्मिक वर्षा जैसी प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण फसल क्षति झेलने वाले किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा उन्हें कृषि कार्यों को सुचारु रूप से जारी रखने में सहयोग देना है। जिला प्रशासन की ओर से सूचित किया जाता है कि जिन पात्र किसानों के बैंक खातों में अब तक अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई है, वे आवश्यक जानकारी एवं निराकरण के लिए जिला कृषि कार्यालय अथवा संबंधित कृषि कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

जदयू प्रदेश संगठन में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नेताओं को मिली जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

रंजीत सिंह चंद्रवंशी बने प्रदेश महासचिव, शशि चौरसिया, जितेंद्र और सुरेंद्र सिंह चंद्रवंशी को मिली प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ से जुड़े नेताओं को प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलने पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। रंजीत सिंह चंद्रवंशी को प्रदेश महासचिव तथा शशी चौरसिया, जितेंद्र सिंह चंद्रवंशी और सुरेंद्र सिंह चंद्रवंशी को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर नेताओं ने प्रसन्नता जताई। वहीं, पंकज ठाकुर को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भी बधाई दी गई। इन नियुक्तियों पर जदयू औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया नागेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामानुज सिंह, जिला महासचिव जितेंद्र सिंह चंद्रवंशी, वरीय नेता विजय विश्वकर्मा, निवर्तमान महिला अध्यक्ष मंजरी सिंह, नीतू सिंह, कोषाध्यक्ष राजू गुप्ता, अमित गुप्ता, रामपुकार मेहता, रामलायक सिंह और संगीता प्रसाद सहित पार्टी की पूरी टीम ने शुभकामनाएं दीं। जदयू के जिला प्रवक्ता रवि सिंह राजपूत ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपने अनुभव, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता के बल पर पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा प्रकोष्ठ से जुड़े इन नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी का जनाधार मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को आगे बढ़ाने में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी नेता पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

हत्या सहित अन्य मामलों में 18 लोग भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य अवैध सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। अभियान के फलस्वरूप जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में दो, हत्या के प्रयास में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 27 लोगों की गिरफ्तार किया गया है। वहीं 238 लीटर देसी शराब, 115 लीटर विदेशी शराब, सात बाइक, एक कार एवं एक मोबाइल बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1290 वाहनों से 55500 रूपये जुर्माना वसूल की गई। इसके अलावा साइबर पुलिस द्वारा 29950 रूपये रिकवर किया गया है। वहीं 14 वारंटों का निष्पादन किया गया है।

एसडीओ ने दुर्गा पूजा पंडालों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के अंबा एवं नवीनगर स्थित विभिन्न पूजा पंडालों का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं पूजा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि पूजा पंडालों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए आवश्यक बैरिकेडिंग, व्यवस्थित प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा अन्य जरूरी प्रबंध किए जाएं। साथ ही, पूजा पंडालों एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। इस निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा आयोजित 'जनता दरबार' में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की शिकायतें और समस्याएं सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना तथा मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप लोग को किसी भी प्रकार की अगर परेशानी आती है तब आप लोग बेहिचक हमसे मिल सकते हैं। जनता के लिए हमारा दरबार खुला हुआ है। उन्होंने लोगों से आने वाले पर्व त्यौहार में भी शांतिपूर्वक पर्व को मनाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वहीं आप लोग भी नजर बनाए रखेंगे, किसी प्रकार का असामाजिक तत्व का हरकत दिखता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देंगे ताकि पुलिस उचित कार्रवाई कर सके। उन्होंने संवाद कर थाना की कार्यप्रणाली, जनसेवा एवं पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

17 से 20 अक्टूबर तक रमेश चौक से गांधी मैदान तक वाहनों की नो एंट्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर में विजयादशमी और रावण दहन के दौरान विशेष ट्रैफिक व्यवस्था रहेगी। डीएम अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन ने 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मार्ग परिवर्तन और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था की है। प्रशासनिक निर्देश के अनुसार रमेश चौक से गांधी मैदान तक प्रशासनिक वाहनों को छोड़कर अन्य दोपहिया और चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग से जाने वाले वाहनों को एमजी रोड होते हुए कामा बिगहा मोड़ या फार्म मोड़ से पुराने जीटी रोड की ओर भेजा जाएगा। कर्मा रोड क्षेत्र में पुराने जीटी रोड स्थित कर्मा रोड मोड़ से कर्मा भगवान की ओर जाने वाले वाहनों को दानी बिगहा पार्क के बगल से झरी पैलेस होते हुए भेजा जाएगा। वहीं फेसर रोड की ओर से आने वाले छोटे वाहनों को नूरी मस्जिद और क्लब रोड होते हुए गेट स्कूल की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं पुराने जीटी रोड के नवाडीह मोड़ से फ़ेसर जाने वाले वाहन गेट स्कूल, नवाडीह, नूरी मस्जिद अथवा अदरी नदी के रास्ते आगे बढ़ेंगे।

राष्ट्रीय एकता के साथ नशामुक्त भारत का संदेश दे रही अंतरराज्यीय राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। राष्ट्रीय एकता, आपसी भाईचारे और नशामुक्त भारत का संदेश लेकर निकली अंतरराज्यीय राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली बुधवार को औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत अजरकवे हसौली स्थित संगम रिसॉट पहुंची। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा रैली में शामिल पुलिसकर्मियों का स्वागत किया। इसके बाद रैली आगे के पड़ाव के लिए रवाना हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रैली सासाराम की ओर बढ़ते हुए वाराणसी तक पहुंचेगी। दरअसल सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और 31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया जा रहा है। रैली में पश्चिम बंगाल और झारखंड पुलिस के जवान शामिल हैं। बिहार से गुजर रही इस रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि 31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में अंतरराज्यीय बाइक रैली का आयोजन किया गया है। इसमें पश्चिम बंगाल और झारखंड पुलिस के जवान शामिल हैं। रैली विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए लोगों को राष्ट्रीय एकता, आपसी भाईचारे और नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करना तथा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को नुकसान पहुंचाने के साथ परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। ऐसे में लोगों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजुट किया था लेकिन आज 'सुखा नशा' समाज को खोखला कर रहा है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के निर्माण के लिए देश का नशामुक्त होना अनिवार्य है और औरंगाबाद पुलिस नशे के सौदागरों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर सख्त कार्रवाई कर रही है, जिसमें आम नागरिकों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। रैली के निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विभिन्न स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी।